रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

सेंसेक्स 84,544.31 +1,359.52

डॉलर 83.474 -0.145

रांची सर्राफा
10 ग्राम ₹74,080 | 01 किलो ₹98,000

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

अश्विन कृष्ण पक्ष 6, संवत 2081 | रांची, सोमवार, 23 सितंबर 2024, वर्ष-25, अंक- 231, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 भारत 280 रन से जीता, सीरीज में...




### मैं पूरी तरह फिट और फाइन, निर्णय पार्टी करेगी : सीपी सिंह

# कौन बनेगा सबसे चर्चित राजधानी रांची का विधायक?

***रांची।** छह बार से लगातार झारखंड के सबसे चर्चित राजधानी रांची के विधायक, फेम इंडिया के सर्वश्रेष्ठ मंत्री 2019 से सम्मानित और विधानसभा अध्यक्ष रहे सीपी सिंह की उम्र और पार्टी के अंदर उनका टिकट कटवा कर खुद टिकट हथियाने वालों की बढ़ती संख्या से इस बार उनके विधायक बनने पर संदेह व्यक्त किया जा रहा है। **'राष्ट्रीय नवीन मेल'** के कार्यकारी संपादक सुनील बादल ने उनसे बातचीत की। प्रस्तुत हैं बातचीत के प्रमुख अंश-*




पीएम के साथ सीपी सिंह। (फाइल फोटो)

**प्रश्न : राज्य के सबसे सर्वसुलभ विधायकों में से एक सीपी सिंह इस बार भी सफल होंगे? उम्र बाधा बनेगी या विरोधी?**

**उत्तर (सीपी सिंह) :** मैंने सभी चुनावों में अवरोधों का सामना किया है और बाहरी से ज्यादा 30-40 भितरघाती लोगों ने अपनी महत्वाकांक्षा पूरी करने के लिए मुझे हराने का प्रयास किया है। पर, जबतक पार्टी और रांची की जनता को उनपर विश्वास है, रांचीवासियों के लिए काम करते रहेंगे। उम्र की बात क्या, एक भी दिन आराम नहीं करता और 24 घंटे खुद फोन उठाता हूं या वापस कॉल करता हूं। मैं पूरी तरह फिट एंड फाइन हूं, मेडिकली भी, फिजिकली भी और रांची की समस्याओं का समाधान करना जानता हूं।

**प्रश्न : यदि पार्टी आपको रिटायर करना चाहे तो परिजन में से किसे टिकट दिलाना चाहेंगे? पब्लिक की नाराजगी भी बहुत है?**

**उत्तर :** मेरे पास पास वंशवाद तो है नहीं और बेटा, पत्नी, भाई-भतीजा किसी को आगे नहीं बढ़ाया। अंतिम निर्णय पार्टी को करना है। किसी को खाली हाथ वापस नहीं करता। मेरे पास दूसरी विधानसभा क्षेत्र के भी लोग आते हैं, सर्टिफिकेट, अटेस्ट कराने से लेकर गंभीर समस्याओं के समाधान के लिए, या अपने घरेलू कार्यक्रमों में बुलाने के लिए, किसी को मना नहीं करता। मेरे विरोधी रांची को स्वर्ग बनाने की बात करते हैं, सबकुछ लोकसभा के हवाहवाई खटाखट पैसा या मंईयां सम्मान योजना जैसा है। चुनाव खत्म, योजना खत्म, क्योंकि बजट कहां से आएगा? अप्रैल से पहले से पेंशन बंद है। बहुत लोगों को मृत घोषित कर दिया गया है, कोई देखने वाला नहीं।

**प्रश्न : 6 बार से विधायक हैं, बड़ी उपलब्धि क्या है?**

**उत्तर :** 96 से पहले की रांची लोगों को याद होगी, मैंने पीसीसी शुरू कराया। पूरे विधानसभा क्षेत्र में घूम जाइए, हर जगह सीपी का बोर्ड और काम दिख जाएगा। पार्षदों से पूछिए, किसने पैसा दिलाया। 900 करोड़ रुपये के बजट को बढ़वाकर 2400 कराया। पानी के टावर मेरी देन हैं, कुल 10 टावर से रांची की पेयजलापूर्ति की समस्या दूर हो जाएगी। फुटपाथ दुकानदारों के लिए अटल वेंडर मार्केट, रवींद्र भवन, वेजिटेबल मार्केट, झुग्गी झोंपड़ी वालों के लिए दो रूम का फ्लैट, पुराने जेल परिसर में गड्ढे थे, उसे भरवाए, खादगढ़ा, रुगरिगड़ा और लाइट हाउस में 1000 फ्लैट बनवाए।

**प्रश्न : हरमू नदी को लोग नाला बनाने का आरोप लगाते हैं, सीवरेज लाइन पर सवाल उठाते हैं?**

**उत्तर :** हरमू नदी किसी जमाने में नदी थी, पर अब उसके पानी का स्रोत ही नहीं रहा, तो वह रूप कहां से आएगा? इसका डीपीआर मेरे आने के पूर्व हेमंत सोरेन ने बनवाया था, जो मेरे नगर विकास मंत्री कार्यकाल में पूरा हुआ। इसके तटबंध को सन या कोयल नदी की तरह मजबूत किया गया, ताकि बरसात में बहाव से भूमि का कटाव न हो।

सीवरेज के लिए गलियों में जितनी जगह थी, उतना ही काम किया गया और टूट-फूट तो विकास कार्यों में स्वाभाविक है। आलोचक को मुद्दा चाहिए, पर आज के फ्लाईओवर की शुरूआत मैंने कराई थी। यह अलग बात है कि डिजाइन और भूअर्जन जैसे कारणों से मामला लटका हुआ रहा। नितिन गडकरी से मिलकर भव्य बिरसा बस स्टैंड, बिरसा मुंडा स्मृति पार्क, हरमू पार्क, करमटोली पार्क, दादा दादी पार्क और ऑक्सीजन पार्क जैसे दर्शनीय स्थलों का निर्माण कराया। अब सरकार अपनी नहीं है, तो कई योजनाएं लटकी हुई हैं।

# भाजपा लाएगी झारखंड में सच्चा सुशासन खत्म करेंगे भ्रष्टाचार और घुसपैठ : मौर्य

### बाबूलाल की अगुवाई में हम पांच वर्षों में 50 वर्षों का विकास कार्य करेंगे

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा/कोडरमा।** झारखंड में भाजपा की परिवर्तन यात्रा रविवार को गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में पहुंची। परिवर्तन रथ ने आजचिनिया, बढ़गढ़, भंडरिया, रामकंडा होते हुए रंका हाई स्कूल के मैदान में संकल्प सभा का आयोजन किया। इस सभा में उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सोरेन सरकार पर जोरदार हमला बोला। सभा को संबोधित करते हुए केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि हेमंत सोरेन की अगुवाई में चल रही सरकार झूठ बोलने की मशीन है। उन्होंने यह भी दावा किया कि जिस प्रकार उत्तर प्रदेश में भाजपा की परिवर्तन यात्रा से 40 विधायकों की संख्या बढ़कर 300 हुई, उसी प्रकार झारखंड में भी भाजपा प्रचंड बहुमत से जीत दर्ज करेगी। मौर्य ने राज्य में भ्रष्टाचार, जमीन माफियाओं और गुंडागर्दी के बढ़ते प्रभाव पर भी चिंता व्यक्त की।



### हेमंत सरकार की विदाई तय, झारखंड में अब बदलाव की बयार : बाबूलाल मरांडी

बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सोरेन सरकार पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा, उत्पाद सिपाही दौड़ के दौरान 19 अभ्यर्थियों की मौत की जिम्मेदारी कौन लेगा? सरकार ने युवाओं को हड़बड़ी में भर्ती निकाल कर मौत के मुंह में धकेला है। उन्होंने राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार और कुशासन का आरोप लगाते हुए कहा कि यह सरकार अब विदाई की कगार पर है। मरांडी ने इंटरनेट बंद करने के फैसले की आलोचना करते हुए कहा, हेमंत सरकार परिवर्तन यात्रा के प्रचार से डर गई है। इसलिए परीक्षा में कदाचार रोकने के बहाने पूरे राज्य में इंटरनेट बंद करा दिया है। आज के समय में इंटरनेट दैनिक जीवन का हिस्सा बन चुका है और इसे बंद करके सरकार ने युवाओं को परेशान किया है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने 5 वर्षों तक परीक्षाओं को रद्द किया और अब चुनाव से पहले इसे लेकर नाटक कर रही है।

उन्होंने कहा, झारखंड में भाजपा की सरकार बनने के बाद बाबूलाल मरांडी की अगुवाई में हम पांच वर्षों में 50 वर्षों का विकास कार्य करेंगे। उन्होंने केंद्र सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाया गया है और अब वहां भी तिरंगा शान से लहराता है। मौर्य ने कहा, झारखंड में भाजपा की सरकार बनने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भी सशक्त होंगे। कोडरमा की सभा में उन्होंने कहा कि राज्य में जब डबल इंजन की सरकार होगी तो रफ्तार भी डबल होगी, और इसे साकार करने का समय आ गया है। उन्होने कहा कि जहां-जहां परिवर्तन यात्रा होती है वहां भाजपा की सरकार बनना तय हो जाता है और यहां भी इस परिवर्तन यात्रा के जरिए सत्ता का परिवर्तन का रास्ता तय हो गया है। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि हेमंत सरकार के 5 साल पूरे होने को है, लेकिन जितने वादे सरकार बनने से पूर्व किए गए थे, सारे वादे अभी भी अधूरे हैं और राज्य की जनता ठगी हुई महसूस कर रही है। विधायक डॉ. नीरा यादव ने भी सभा को संबोधित करते हुए हेमंत सरकार की नाकामियों को गिनाया।

## जाति के आधार पर लोगों को बांट रही भाजपा : सुप्रियो भट्टाचार्य

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झामुमो के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि भाजपा सांप्रदायिकता और धर्म के बाद अब जाति के आधार पर लोगों को बांटना चाह रही है। झारखंड में भाजपा की ओर से नेताओं को जातीय प्रलोभन दिया जा रहा है। आज ये लोग कुरमी को पूछ रहे, कल यादव को पूछेंगे, परसों ब्रह्मण को पूछेंगे। इसी तरह ये लोग राजपूत और कायस्थ को भी एक दिन लुभायेंगे। सुप्रियो भट्टाचार्य रविवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। सुप्रियो ने कहा ये लोग किस समाज की बात कर रहे हैं। कैसे झारखंड को तोड़ना चाहते हैं, इसकी बानगी बीजेपी की इस घोषणा में दिखाई पड़ी है। उन्होंने कहा कि इनके एक सांसद लोकसभा में खड़ा होकर झारखंड से संथाल को अलग करने की बात कह चुके हैं। इसे केंद्र शासित राज्य बनाने की बात कह चुके हैं। उन्होंने कहा कि लेकिन समय था तो जमशेदपुर के सांसद विद्युत बरन महतो को इन्होंने मंत्री नहीं बनाया, इसी से भाजपा की कथनी और करनी का पता चलता है। सुप्रियो ने कहा कि भाजपा के लोग हेमंत सरकार के काम और सकारात्मक निर्णयों से इतना डर गए हैं कि पीआईएल दायर कर दिया है। ये लोग महिला सुरक्षा की बात करते हैं, लेकिन मिजोरम और मणिपुर में महिलाओं के साथ किस तरह का बर्ताव हो रहा है, इसे अब बताने की जरूरत नहीं है। सुप्रियो ने कहा कि ओडिशा में, जहां बीजेपी की सरकार है और जहां झारखंड के पूर्व सीएम राज्यपाल हैं, वहां सेना के अफसर की मंगेतर के साथ जो दरिंदगी हुई है, उसकी जितनी भी आलोचना की जाए, कम है। उन्होंने कहा ओडिशा में 15 सितंबर को एक सेना अधिकारी की मंगेतर के साथ दो पुलिस वालों ने पुलिस स्टेशन में ही अश्लील हरकत की। इसे अब सारा देश जानता है। सुप्रियो ने कहा कि इस महिला के साथ पुलिस स्टेशन में तो जुल्म हुआ ही, रास्ते में भाजपा के गुंडों ने दरिंदगी की। सुप्रियो ने कहा कि बीजेपी खुले तौर पर बोल रही है कि हम इस खास जाति के नेता को केंद्र या राज्य में मंत्री बनाएंगे। ये बोलकर जनता से वोट मांगे जा रहे हैं। झारखंड के मतदाताओं से भाजपा ने यही बात कही है।

## न्यूज | बॉक्स

### राजीव गांधी ने आरक्षण से आने वाले लोगों को बुद्धू कहा था : जनक राम



**रांची।** बीजेपी प्रदेश कार्यालय में बिहार सरकार के मंत्री जनक राम ने प्रेसवार्ता कर राहुल गांधी पर आरोप लगया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी संविधान का सम्मान नहीं करते हैं। संविधान को सिर्फ जेब में लेकर चलते हैं। बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर को किस तरह नेहरू के कार्यकाल में यातना झेलनी पड़ी थी, ये आज भी सबको याद है। राजीव गांधी ने आरक्षण से आने वाले लोगों को बुद्धू कहा था, लेकिन भारत की जनता अब अच्छे से समझ चुकी है कि बुद्धू कौन है। उन्होंने आगे कहा कि जिनके पिता ने आरक्षण वाले लोगों को बुद्धू कहा था, उसके बेटे को आज पूरे देश की जनता पप्पू के नाम से जानती है। राजीव गांधी के ही बेटे बुद्धू तो नहीं है। क्योंकि, कब क्या बोलेंगे ये उन्हें भी पता नहीं है। राहुल गांधी के पूर्वज इंदिरा गांधी ने मंडल कमीशन को काल कोठरी में डाल दिया था। राजीव गांधी ने कई बार कहा कि आरक्षण की जरूरत नहीं है। लेकिन अमेरिका में जाने के बाद राहुल गांधी का बयान बदल जाता है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने संविधान के दायरे मे रहकर हर किसी को आरक्षण देने का काम किया है। उन्होंने जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटा कर वहां भी आरक्षण देने का काम किया है। गृह मंत्री ने साफ कह दिया है कि देश में कभी भी आरक्षण और संविधान खत्म नहीं होने वाला है। राहुल गांधी के द्वारा दिए गए अनर्गल बयान की दलित समाज निंदा करता है और दलित भाइयों में काफी आक्रोश भी है। राहुल गांधी को सैकड़ों दलित भाइयों के सामने आकर माफी मांगनी चाहिए।

### सीएमपीडीआई परिसर व सब्जी बाजार में स्वच्छता अभियान चलाया गया



**रांची।** सीएमपीडीआई के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने स्वच्छता ही सेवा (एसएचएस) के अंतर्गत सीएमपीडीआई परिसर और सब्जी बाजार में स्वच्छता अभियान का नेतृत्व किया। इस अभियान में संस्थान के निदेशक अजय कुमार, क्षेत्रीय संस्थान-3 रांची के क्षेत्रीय निदेशक जयंत चक्रवर्ती, महाप्रबंधक व विभागाध्यक्ष गण, वरीय अधिकारी और कर्मचारियों ने भाग लिया। देश के 6 राज्यों में फैले सीएमपीडीआई के 7 क्षेत्रीय संस्थानों तथा उनके अधीनस्थ गवेषण शिविरों के माध्यम से स्वच्छता ही सेवा अभियान में सक्रिय रूप से रचनात्मक भूमिका निभाई जा रही है। स्वच्छता अभियान के बारे में जागरूकता फैलाया जा रहा है और महात्मा गांधीजी के स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने के लिए एसएचएस को बड़े पैमाने पर एक मूर्त रूप देने का कार्य किया जा रहा है।

### जेपी नड्डा आज दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल में शुरू करेंगे परिवर्तन यात्रा

**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 23 सितंबर को झारखंड के दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल में परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ करेंगे। इस दौरान वे जनसभा को भी संबोधित करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन कचहरी मैदान, खूंटी में किया गया है। नड्डा दोपहर 12:00 बजे बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वहां से खूंटी के लिए रवाना होंगे। परिवर्तन यात्रा शुरू करने से पहले भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। परिवर्तन यात्रा की शुरूआत दोपहर 12:30 बजे करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री एवं प्रमंडलीय प्रभारी गणेश मिश्र, विधायक कोचे मुंडा, खूंटी जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता भी मौजूद रहेंगे।

### लोक सेवा समिति ने समाज में अच्छा काम करने वालों को किया सम्मानित



**रांची।** लोक सेवा समिति के 33 वर्ष पूरे होने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस सम्मान समाहोह में विभिन्न क्षेत्रों में अच्छे प्रदर्शन करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से राज्यसभा सदस्य महुआ माजी, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, रांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो अजीत कुमार सिन्हा, डीआईजी नौशाद आलम, कुमार सुरेश कुमार सिंह, नौशाद मोहम्मद नौशाद, डॉ हरविंदर सिंह, चांद खान, कृष्ण कुमार, अनस बिन नौशाद, बरखा रानी आदि मौजूद थे।

**इन्हें किया गया सम्मानित :** संगिता सिह, समाजसेवी, डॉ देवेन्द्र सिंह, स्वास्थ्य जन सेवा, सिमा देवी, झारखंडी कला एवं संस्कृति, रमन सिंह चंद्रवशी, समाजिक कार्य, संत जेवियर स्कूल, शिक्षा, विजय पाठक, बहुमुखि सेवा, हाजी फिरोज, सद्भावना, मानिका मुंडा, गीत एवं कला, अनंत कुमार सिंह, क्षेत्र रोजगार एवं शिक्षा, डॉ मो. जाकिर, समाजिक सौहार्द, सुनिल सहाय, सामाजिक कार्य, रोजलीन लकड़ा, डॉ मो. इमरान, चिकित्सा, सुहैल सईद, उर्दू अदब,ख मो. खुर्शीद आलम, पुलिस सेवा, हाजी मशुक, शांति सद्भावना, सुनील सिंह, खेल, राज भौर्या, रेडियो जॉकी।

## एक नजर

### शिवराज आज दक्षिण कोल्हान प्रमंडल में शुरू करेंगे परिवर्तन यात्रा

**रांची।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान 23 सितंबर को कोल्हान प्रमंडल में परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ करेंगे। सिंह सुबह 11:00 बजे बहरागोड़ा के शाखा मैदान में परिवर्तन महासभा में हिस्सा लेंगे। वे वहां आयोजित सभा को भी संबोधित करेंगे। उनके साथ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा भी मौजूद रहेंगे।

### मप्र के सीएम गांडेय और बरकट्ठा में आज करेंगे परिवर्तन सभा

**रांची।** मप्र के सीएम डॉ मोहन यादव 23 सितंबर को गिरिडीह जिले के गांडेय में दोपहर 12:00 बजे से नवोदय विद्यालय के सामने मैदान परिवर्तन सभा को संबोधित करेंगे। डॉ यादव हजारीबाग जिले के बरकट्ठा के कपका मैदान में दिन में 2:30 बजे परिवर्तन सभा को संबोधित करेंगे। यह जानकारी रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय की ओर से दी गई।

### अनुराग ठाकुर गढ़वा व पलामू में आज करेंगे परिवर्तन महासभा

**रांची।** सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर 23 सितंबर को गढ़वा जिले के उंटारी रोड में दोपहर 1:30 बजे से आयोजित परिवर्तन यात्रा महासभा में शामिल होंगे। ठाकुर पलामू जिले के हुसैनाबाद के हाई स्कूल मैदान, हैदरनगर में आयोजित परिवर्तन महासभा में 2:30 बजे शामिल होंगे।

## चिराग पासवान आज लातेहार से करेंगे पार्टी का चुनावी शंखनाद

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान सोमवार को एकदिवसीय दौरे पर झारखंड आएंगे। रांची एयरपोर्ट पर पार्टी के कार्यकताओं द्वारा उनका स्वागत किया जाएगा। इसके बाद चिराग पासवान एयरपोर्ट से सीधे पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान के निजी कार्यालय कृष्णा एन्क्लेव, नार्थ ऑफिस पाड़ा में पार्टी के पदाधिकारियों संग चुनावी मंत्रणा करेंगे। इसके बाद जमुई के सांसद सह झारखंड प्रदेश चुनाव प्रभारी अरुण भारती और सह प्रभारी एवं सांसद राजेश वर्मा के साथ सड़क मार्ग से वे लातेहार रवाना होंगे। वह लातेहार के जिला खेल स्टेडियम में पार्टी के जनहुंकार रैली को संबोधित करते हुए झारखंड में चुनावी बिगुल फूंकेंगे। लातेहार की रैली के बाद पासवान लोजपा-भाजपा द्वारा पलामू के लेस्लीगंज स्थित नीलांबर-पितांबरपुर में बाबा चौहरमल एवं पार्टी के संस्थापक स्व रामविलास पासवान की मूर्ति का अनावरण करेंगे। साथ ही, वे आमसभा को संबोधित भी करेंगे।

### केंद्रीय तसर संस्थान रांची के पदाधिकारी कार्यक्रम में हुए शामिल

## केंद्रीय रेशम बोर्ड का अनुभव साझा कार्यक्रम बेंगलुरु में हुआ आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय रेशम बोर्ड ने बेंगलुरु में प्लेटिनम जुबली समारोह में सेरी-स्टेकहोल्डर अनुभव साझाकरण मिलन कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के सचिव रचना शाह एवं अति विशिष्ट अतिथि के रूप में एजी लक्ष्मी नारायण बाल्मिकी, राज्यसभा सदस्य अनंतपुर एवं एरेना बी कालाडी, लोकसभा सदस्य बेलगावी मौजूद थे। इस अवसर पर सीएसआरटीआई मैसूर को उत्कृष्ट संस्थान पुरस्कार प्रदान किया गया एवं विभिन्न शोध तकनीकों और उत्पादों को प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में पी शिवकुमार, सदस्य सचिव केंद्रीय रेशम बोर्ड ने भाषण के दौरान केंद्रीय रेशम बोर्ड की उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया। वस्त्र मंत्रालय की सचिव रचना शाह ने रेशम उद्योग के संबंध में चर्चा की एवं इनके किए गए कार्यों की प्रशंसा की।



*कार्यक्रम को संबोधित करतीं वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार की सचिव रचना शाह।*

### बड़कागांव विस स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मेलन सह शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

# खेत, किसान और नौजवान के हक की लड़ाई हम लड़ेंगे : सुदेश महतो

***गिरिडीह सांसद ने कहा, हेमंत सरकार में भ्रष्टाचार सातवें आसमान पर***

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/बड़कागांव।** आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि खेत, किसान और नवजवान के हक की लड़ाई हम लड़ेंगे। झारखंड को विस्थापन के दंश से हम बाहर निकालेंगे। महतो ने कहा कि कांग्रेस पार्टी बंदूक चलाना जानती है और झारखंड की छाती को छलनी करने की इनकी आदत रही है। झारखंड आंदोलनकारियों की छाती में गोली चलाने वाली पार्टी है कांग्रेस। यह इनका काला सच है। पिछड़ा, विस्थापन और बेरोजगारी सरकार की प्राथमिकता में नहीं है। इस पार्टी से राज्य के विकास की उम्मीद रखना बेमानी है। इनके लिए विकास का कोई मापदंड नहीं है और न ही विकास इनके लिए कोई मायने रखता है। सुदेश कुमार महतो +2 हाई स्कूल फुटबॉल मैदान में रविवार को आयोजित बड़कागांव विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मेलन सह शपथ ग्रहण समारोह में बोल रहे थे। मौके पर विधानसभा क्षेत्र के हजारों चूल्हा प्रमुखों ने अपने पद की शपथ ग्रहण की। महतो ने कहा कि राज्य सरकार जनता की भावनाओं पर राजनीति कर रही है। सरकार ने राज्य की बड़ी आबादी के साथ धोखा किया है। जनाकांक्षा हमारी प्राथमिकता है। हमारी तैयारी जमीन के मालिक को उसका उचित हक और अधिकार दिलाने की है। सिर्फ मुआवजा नहीं, बल्कि मुआवजा के साथ नौकरी और शेयर पर भी बात होगी। जमीन के मालिक भी अपने होंगे और कंपनी के अंदर काम भी अपने लोग करेंगे। पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष एवं गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि हेमंत सरकार के कार्यकाल में भ्रष्टाचार सातवें आसमान पर है। मुफ्त बिजली देने की बात करने वाली सरकार दिन में दस घंटे भी बिजली नहीं दे पा रही है। इन्होंने सरकारी पदाधिकारियों का आचरण ही बदल दिया है। जनता की सेवा के लिए बैठे लोग आज जनता की ही नहीं सुनते हैं। इस अराजक व्यवस्था से जनता त्रस्त है।



## घुसपैठियों को झामुमो ने अपना स्लीपर सेल बना कर रखा है : प्रतुल शाहदेव

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने रविवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि सिर्फ तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति के कारण झारखंड मुक्ति मोर्चा ने पिछले पांच वर्षों में झारखंड का बेड़ा गर्क करके रख दिया। प्रतुल ने कहा कि झारखंड की जनता इस सरकार के भ्रष्टाचार लूट और कुशासन से त्रस्त हो गई है। इसलिए भाजपा के परिवर्तन यात्रा को शानदार सफलता मिल रही है, जिससे जेएमएम हकलान हो गया है। प्रतुल ने कहा कि पूरे प्रदेश में जनता को भाजपा की परिवर्तन यात्रा से एक आशा दिख रही है कि आतंक राज का अंत होगा। जेएमएम के नेताओं को भी पता है कि अब उनकी विदाई की बेला आ गई है। प्रतुल ने कहा कि झामुमो ने ऐसा प्रतीत होता है बांग्लादेशी घुसपैठियों को अपने स्लीपर सेल के रूप में बना कर रखा है। तभी इन घुसपैठियों को बचाने के लिए संथाल परगना के कई जिलों के उपायुक्त उच्च न्यायालय में एफिडेविट करके झूठ बोलते है।



***केंद्र सरकार के द्वारा वर्ष 2021 में घुसपैठियों की सूची उपलब्ध कराने के बावजूद के सरकार ने घुसपैठियों को निकालने की कोई पहल नहीं की।***

केंद्र सरकार के द्वारा वर्ष 2021 में घुसपैठियों की सूची उपलब्ध कराने के बावजूद के बावजूद यह सरकार घुसपैठियों को निकालने हेतु कोई पहल नहीं की। ऐसा प्रतीत होता है कि इस सरकार में आदिवासी हितों पर बड़ा कुठाराघात करने वाले इन घुसपैठियों को राज्य सरकार में जमाई का दर्जा प्राप्त है। इसी सरकार के स्पेशल ब्रांच ने 2 जून, 2023 को पत्र लिखकर स्पष्ट किया था कि संथाल के मदरसों में बड़े पैमाने पर मुस्लिम घुसपैठियों के पहचान पत्र बनाने का कार्य चल रहा है। राज्य सरकार ने उस पत्र को तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति के कारण दबा दिया।

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

सेंसेक्स 84,544.31 +1,359.52
डॉलर 83.474 -0.145
रांची सर्राफा
10 ग्राम ₹74,080 | 01 किलो ₹97,500

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

अश्विन कृष्ण पक्ष 6, संवत 2081 | रांची, सोमवार, 23 सितंबर 2024, वर्ष-25, अंक- 231, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

नवीन मेल स्पेशल

# कैसे संदेह के घेरे में आया तिरुपति का प्रसादम

## एआर डेयरी फूड प्राइवेट लिमिटेड ने तिरुपति मंदिर को आपूर्ति किए जाने वाले घी में पशुओं की चर्बी मिलाई

नवीन मेल डेस्क

**रांची ।** आंध्र प्रदेश के तिरुपति मंदिर के प्रसादम (लड्डू) में जानवरों की चर्बी और मछली के तेल का इस्तेमाल होने की बात सामने आने के बाद पूरे देश में बवाल मचा हुआ है। आरोप लगाया जा रहा है कि प्रसाद में मिलावट कर हिंदुओं की आस्था से छेड़छाड़ की गई है। जांच में पुष्टि हुई कि घी आपूर्तिकतार्ओं में से एक, एआर डेयरी फूड प्राइवेट लिमिटेड ने मंदिर को आपूर्ति किए जाने वाले घी में पशुओं की चर्बी मिलाई थी। इसके बाद कई प्रमुख धर्माचार्यों, हिंदू संगठनों और राजनेताओं ने इस पर चिंता जताते हुए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इधर प्रसिद्ध अभिनेता और आंध्र प्रदेश के उप मुख्यमंत्री पवन कल्याण ने शेष पेज 09 पर

### तिरुपति प्रसादम सैंपल रिपोर्ट क्या-क्या मिला



- सोयाबीन
- नारियल
- सनफ्लावर
- कॉटन सीड
- जैतून का तेल
- अलसी
- फिश ऑयल
- लार्ड
- बीफ टैलो

**बीफ टैलो क्या होता है**
जानवरों की चर्बी को धीमी आंच पर पकाया जाता है। पकाने के बाद सिर्फ फैट रह जाता है। घी के जैसा दिखता है।

**लार्ड क्या होता है**
यह सुअर की चर्बी से बनाया जाता है। यह भी चिकना होता है। जिसे आसानी से मिलावट कर सकते हैं।

*नोट: टीडीपी के दावे के मुताबिक*

**घी के आपूर्ति कर्ता :** प्रीमियर एग्री फूड्स, कृपाराम डेयरी, वैष्णवी, श्री पराग मिल्क और एआर डेयरी फूड

### घी की कम कीमत से मंदिर संगठन को हुआ संदेह...

मंदिर को घी सप्लाई करने वाले निमार्ता जब बाजार भाव से काफी कम दाम पर घी सप्लाई कर रहे थे, तब मंदिर संगठन से जुड़े लोगों को शक होने लगा। ऐसे में घी की गुणवत्ता की जांच कराने की मांग उठने लगी। संदेह गहराने पर मंदिर को घी की आपूर्ति करने वाली सभी डेयरियों के घी की जांच कराई गई। प्रीमियर एग्री फूड्स, कृपाराम डेयरी, वैष्णवी, श्री पराग मिल्क और एआर डेयरी फूड तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) को घी सप्लाई करते थे। पिछले 300 सालों से मंदिर में आने वाले हिंदू भक्तों को खास 'लड्डू' प्रसादम के रूप में दिया जा रहा है। इस लड्डू को 2014 में जीआई टैग भी मिल चुका है। इसका मतलब है कि तिरुपति तिरुमला के नाम का यह लड्डू सिर्फ तिरुपति मंदिर में ही मिल सकता है।

### सीएम चंद्रबाबू ने एनडीडीबी रिपोर्ट के आधार पर उठाया था मामला

'प्रसादम' पर विवाद तब शुरू हुआ जब आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने 18 सितंबर को दावा किया कि



वाईएस जगन मोहन रेड्डी की सरकार के तहत तिरुपति लड्डू की तैयारी में पशुओं की चर्बी और घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया था। तिरुमला लड्डू घटिया सामग्री से बनाया गया। चंद्रबाबू नायडू ने एनडीडीबी (राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड) की एक रिपोर्ट के आधार पर यह बात कही। जिसमें कहा गया था कि मंदिर में इस्तेमाल किया जाने वाला घी शुद्ध नहीं है। जांच में पुष्टि हुई कि घी आपूर्तिकत्ताओं में से एक, एआर डेयरी फूड प्राइवेट लिमिटेड ने मंदिर को आपूर्ति किए जाने वाले घी में पशुओं की चर्बी मिलाई थी।

### टीटीडी के पूर्व अध्यक्ष ने मिलावट का किया खंडन


हालांकि, वाईएसआरसीपी सांसद और तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के



पूर्व अध्यक्ष वाईवी सुब्बा रेड्डी ने सीएम नायडू के मिलावट के दावों का खंडन करते हुए स्पष्ट किया कि टीटीडी ने 'प्रसादम' के लिए केवल शुद्ध गाय का घी और जैविक उत्पादों का उपयोग किया गया। इधर भाजयुमो ने रविवार को जगन मोहन रेड्डी के आवास पर विरोध प्रदर्शन किया और उनसे माफी की मांग की।

### प्रसादम में गाय की चर्बी का होना बेहद घृणित : सद्गुरु

**नई दिल्ली।** ईशा फाउंडेशन के संस्थापक सद्गुरु ने भी इस मामले में रविवार को



प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि मंदिर के प्रसाद में गोमांस की चर्बी का होना बेहद घृणित है। उन्होंने कहा कि मंदिरों का संचालन सरकार और प्रशासन द्वारा नहीं, बल्कि भक्तों द्वारा किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, जहां भक्ति नहीं है, वहां पवित्रता नहीं होगी। शनिवार को कांग्रेस के पूर्व नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने भी इस मुद्दे पर चिंता व्यक्त की थी।



### भारत को मिली सीरीज में 1-0 की बढ़त...

टीम इंडिया और बांग्लादेश के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला भारत के नाम रहा। चेपॉक में भारतीय टीम ने बांग्लादेश को 280 रन से हराते हुए सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है।

विस्तृत खबर पेज 10 पर

### डॉ. जयप्रकाश पांडेय हुए उत्कृष्ठ वैज्ञानिक पुरस्कार से सम्मानित



**रांची।** केंद्रीय रेशम बोर्ड के प्लेटिनम जुबली समारोह का आयोजन मैसूर में हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत सरकार के वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह व अति विशिष्ट अतिथि एचडी कुमारस्वामी भारी उद्योग मंत्री थे। इस अवसर पर सीटीआरटीआईटीआई रांची संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. जयप्रकाश पांडेय को गिरिराज सिंह ने उत्कृष्ठ वैज्ञानिक पुरस्कार से सम्मानित किया। मालूम हो कि डॉ. जयप्रकाश पांडेय एवं टीम ने तसर रेशम कीट के जीनोम का प्रथम बार अनुक्रमण किया है। यह इनकी उल्लेखनीय उपलब्धि रही थी।

# तुरंत बहाल करें इंटरनेट सेवा : झारखंड हाई कोर्ट

- सरकार को छह सप्ताह में इंटरनेट बंद किए जाने के लिए तैयार की गई एसओपी पेश करने का निर्देश दिया

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** जेएसएससी सीजीएल परीक्षा को लेकर राज्य सरकार ने फैसला लिया था कि परीक्षा के दौरान इंटरनेट सेवा बाधित रहेगी। क्योंकि, सरकार को इस बात की चिंता सता रही थी कि कहीं परीक्षा के दौरान पेपर लीक न हो जाए। हालांकि, सरकार के इंटरनेट सेवा बाधित करने के फैसले से आम लोगों को काफी परेशानी हुई। राज्य सरकार के इस फैसले पर झारखंड हाई कोर्ट में अवकाश के दिन रविवार को जस्टिस आनंदा सेन और जस्टिस अनुभा रावत चौधरी की खंडपीठ ने पूरे राज्य में इंटरनेंट सेवा बंद किए जाने पर संज्ञान लेते हुए मामले की सुनवाई की। हाई कोर्ट ने राज्य में तत्काल इंटरनेट की ब्रॉडबैंड और फाइबर लाइन सेवा बहाल करने का निर्देश राज्य सरकार को दिया है। इसके साथ अदालत ने सरकार को छह सप्ताह में इंटरनेट बंद किए जाने के लिए तैयार की गई एसओपी पेश करने का निर्देश दिया है। इस मामले में स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष राजेंद्र कृष्ण ने बहस की जबकि राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता सचिन कुमार और अधिवक्ता पीयूष चित्रेश ने बहस की। कोर्ट ने उनसे मौखिक कहा कि शनिवार के हाई कोर्ट आदेश में बदलाव सरकार द्वारा क्यों किया गया? कल मोबाइल डाटा बंद रहने की बात कही गई थी लेकिन रविवार को इंटरनेट सेवा बंद करने की मैसेज शेष पेज 09 पर

### नाकामी छिपाने के लिए हेमंत सरकार ने इंटरनेट बंद किया : बाबूलाल मरांडी

**रांची।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि अपनी कमियों को छुपाने के लिए हेमंत सरकार ने इंटरनेट बंद किया। उन्होंने कहा कि इंटरनेट बंद होने से आम लोगों को परेशानी हुई। व्यापार बुरी तरह प्रभावित रहा। आजकल बाजार पूरी तरह ऑनलाइन चलता है। लोग मार्केटिंग ऑनलाइन ही करते हैं। पैसा लेकर लोग नहीं घूमते हैं। बाबूलाल मरांडी रविवार को प्रदेश कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि नेट उस स्थिति में बंद किया जाता है, जहां बड़े पैमाने पर दंगा और बवाल मचाने की आशंकाएं रहती है। आतंकवादी गतिविधि



भाजपा की परिवर्तन यात्रा को डिस्टर्ब करने के लिए रची गई **साजिश**

तेज होती है। उन्होंने कहा कि भाजपा की चल रही परिवर्तन यात्रा को डिस्टर्ब करने के लिए नेट बंद किया गया, ताकि डिजिटल माध्यम से यात्रा का प्रचार प्रसार नहीं हो। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन यदि कह देते कि डिजिटल माध्यम से प्रचार-प्रसार नहीं करना है तो भाजपा नहीं करती।

## सीजीएल परीक्षा सीएम के प्रयास से 8 वर्षों बाद सफलतापूर्वक संपन्न

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सतत प्रयास व सख्त दिशा निर्देशों के कारण 8 वर्षों के बाद सीजीएल-2023 परीक्षा राज्यभर में रविवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस दौरान राज्य के सभी जिलों में बनाए गए 823 परीक्षा केंद्रों से किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। परीक्षा निष्पक्ष, कदाचार मुक्त और शांतिपूर्ण वातावरण में हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में युवाओं के भविष्य के साथ के साथ किसी प्रकार का खिलवाड़ नहीं हो, इसके लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

प्रतियोगिता परीक्षाओं में पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता बरते जाने के सख्त निर्देश अधिकारियों को पहले ही दिए गए थे। मुख्यमंत्री ने बताया कि परीक्षा के सफल संचालन को लेकर 19 सितंबर को वरीय अधिकारियों एवं सभी जिलों के उपायुक्तों एवं पुलिस अधीक्षकों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उच्च स्तरीय बैठक की गई थी। उन्होंने अधिकारियों से स्पष्ट कहा था कि परीक्षा में जेएसएससी द्वारा जारी रूल्स का उल्लंघन नहीं हो, इसे हर हाल में सुनिश्चित करें। इसके साथ जेएसएससी द्वारा बनाए एसओपी का पूरी सख्ती से पालन हो।



### परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के थे पुख्ता इंतजाम

राज्यभर के सभी परीक्षा केंद्रों में स्टेटिक फोर्स के साथ लगातार पुलिस पेट्रोलिंग भी हो रही थी। अभ्यर्थियों को पूरी चेकिंग के बाद ही परीक्षा केंद्र के अंदर प्रवेश करने दिया जा रहा था। सभी परीक्षा केंद्र के इर्द- गिर्द सख्त निगरानी रखी जा रही थी। अभ्यर्थियों को जरूरी डाक्यूमेंट्स के अलावा कोई अन्य समान या गैजेट्स ले जाने की अनुमति नहीं दी जा रही थी।

**हजारीबाग में दो अभ्यर्थियों द्वारा लगाए गये आरोप निराधार :** हजारीबाग जिले के जैक एंड जिल स्कूल, सिंघानी, परीक्षा केंद्र में परीक्षा शुरू होने के कुछ देर बाद कक्ष संख्या 9 एवं कक्ष संख्या 13 में दो विद्यार्थियों द्वारा कथित तौर पर प्रश्न पत्र की सील खुली होने की सूचना प्दी गई। इस आरोप को लेकर केन्द्राधीक्षक उन परीक्षा कक्षों में पहुंचे और अन्य अभ्यर्थियों से पूरी जानकारी हासिल की, जिसमें उनके द्वारा लगाए गए आप निराधार पाए गए। मालूम हो कि पिछले 8 वर्षों से इस परीक्षा के आयोजन को लेकर किसी न किसी तरह का विवाद होता रहा, जिस वजह से यह परीक्षा आयोजित करने में कई अड़चने आती रही। इसी वर्ष 28 जनवरी को पेपर लीक होने का मामला सामने आने के बाद इस परीक्षा को रद्द कर दिया गया था।

### आज कल




## श्रीलंका राष्ट्रपति चुनाव में अनुरा दिसानायके विजयी, बनेंगे देश के पहले वामपंथी राष्ट्रपति

एजेंसी

**कोलंबो।** श्रीलंका के राष्ट्रपति चुनाव में बड़ा उलटफेर हुआ है। यहां मार्क्सवादी नेता अनुरा दिसानायके ने जीत दर्ज की है। वामपंथी पार्टी जनता विमुक्ति पेरामुना (जेवीपी) के नेता दिसानायके श्रीलंका के 10वें राष्ट्रपति बनने जा रहे हैं। कल 23 सितंबर को वो राष्ट्रपति पद की शपथ ले सकते हैं। श्रीलंका के चुनाव आयोग ने औपचारिक रूप से घोषणा की है कि 55 वर्षीय



अनुरा कुमार दिसानायके ने शनिवार के चुनाव में 42.31 फीसदी वोट हासिल किए।

जबकि विपक्षी नेता सजीथ प्रेमदासा दूसरे स्थान पर रहे, जिन्हें 32 प्रतिशत मत मिले। वहीं रानिल विक्रमसिंघे 17 प्रतिशत वोट के साथ तीसरे स्थान पर रहे। अपनी जीत के बाद, अनुरा दिसानायके ने राष्ट्रीय एकता का आह्वान किया और कहा, "सिंहली, तमिल, मुस्लिम और सभी श्रीलंकाई लोगों की एकता एक नई शुरूआत का आधार है।" उन्होंने देश की आकांक्षाओं को साकार करने के लिए एक नई शुरूआत की उम्मीद जताई है। उल्लेखनीय है कि अनुरा दिसानायके कोलंबो से सांसद हैं और जेवीपी के अध्यक्ष हैं।

## हेमंत सरकार झूठ की मशीन : केशव मौर्य

नवीन मेल संवाददाता

**कोडरमा/गढ़वा।** प्रधानमंत्री के जमशेदपुर दौरे से प्रारंभ हुई भाजपा की परिवर्तन यात्रा पूरे शबाब में है। बाबूलाल मरांडी, चंपाई सोरेन, अमर बाउरी के साथ केंद्रीय मंत्री-नेता और विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री-उपमुख्यमंत्री भी इस यात्रा में शामिल हो रहे हैं। सभी हेमंत सरकार को युवाओं से वादाखिलाफी, भ्रष्टाचार और संताल परगना में बांग्लादेशी-रोहिंग्या घुसपैठ पर कटघरे में खड़े कर रहे हैं। रविवार को बारी उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का था। उन्होंने कोडरमा और गढ़वा में हेमंत सरकार पर करारा हमला करते हुए इसे झूठ बोलने की मशीन बताया। कहा, हेमंत सोरेन सरकार बांग्लादेशी-रोहिंग्या घुसपैठियों को अपना वोटर मानकर इन्हें संरक्षण दे रही है। जबकि भाजपा इन्हें घुसपैठिया मानकर झारखंड के मान सम्मान के साथ खिलवाड़ एवं झारखंड के लोगों के हक और अधिकार को छीनने वाली मानती है। हमारी सरकार बनते ही इन्हें बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा। कोडरमा के सुभाष चौक से लेकर ब्लॉक मैदान तक परिवर्तन रथ पर सवार होकर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी और विधायक डॉ. नीरा यादव समेत अन्य भाजपा नेता कार्यक्रम स्थल ब्लॉक मैदान पहुंचे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और भाजपा के नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। शेष पेज 09 पर



भाजपा सुशासन और विकास का प्रतीक, हम खत्म करेंगे भ्रष्टाचार और माफियाओं का खेल

इंडिया

## इंटरनेट बंद करने के बजाय इससे ही हेराफेरी रोकी जा सकती है



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

आज का भारत खाना खाए बिना कुछ घंटे रह सकता है पर बिना इंटरनेट के नहीं रह सकता । दुनिया में सबसे ज्यादा ऑनलाइन कारोबार करने वाला देश आज नगद कम और ऑनलाइन ज्यादा भुगतान का आदी हो चुका है जिसमें गली की दुकान के सब्जीवाले से लेकर मॉल तक हैं । जेएसएससी-सीजीएल भर्ती परीक्षा के दौरान पेपर लीक रोकने के लिए दो दिनों तक सीमित अवधि के लिए झारखंड सरकार ने पूरे प्रदेश में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी थी। इंटरनेट सेवा बंद करने से दो दिनों तक राज्य के लोगों को परेशानियों को सामना करना पड़ा। बैंकिंग सेवा से लेकर कारोबार भी प्रभावित हुए। ऐसा पहली बार हुआ है जब किसी परीक्षा के लिए पूरे प्रदेश का इंटरनेट बंद हुआ है। इससे ऑनलाइन बुकिंग के सहारे चलने वाले कारोबार कैब,पढ़ाई से लेकर खाने पीने के सामान तक की सेवाएं बंद रही । भारत में 1.4 बिलियन से अधिक की आबादी और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के साथ ऑनलाइन खरीदारों की संख्या 2027 तक बढ़कर 427 मिलियन होने का अनुमान है। जिससे तेजी से बढ़ते ई-कॉमर्स उद्योग का कारोबार 2030 तक 300 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक होने का अनुमान है।सरकारी




ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) ने व्यापार में सुगमता को बढ़ावा देने और अधिक समावेशी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए सरकार की निरंतर प्रतिबद्धता के अनुरूप हाल ही में अपने प्लेटफ़ॉर्म पर लेन-देन करने वाले विक्रेताओं/सेवा प्रदाताओं पर लगाए जाने वाले लेन-देन शुल्क में भारी कटौती की घोषणा की है। यह साहसिक कदम केंद्र सरकार की 100 दिनों की पहल का हिस्सा था। इसमें 10 लाख रुपये मूल्य तक के सभी ऑर्डर पर अब कोई लेन-देन शुल्क नहीं लगेगा, जबकि पहले यह ऑर्डर मूल्य की सीमा 5 लाख रुपये थी।

10 लाख रुपये से 10 करोड़ रुपये तक के ऑर्डर पर कुल ऑर्डर मूल्य का 0.30 प्रतिशत लेन-देन शुल्क लिया जाएगा, जबकि पहले 0.45 प्रतिशत लेन-देन शुल्क लगता था।10 करोड़ रुपये से अधिक के ऑर्डर पर लेन-देन शुल्क में भारी कटौती की गई है। इस पर अब 3 लाख रुपये का फ्लैट शुल्क देना होगा, जो पहले 72.5 लाख रुपये था ।सरकारी ई-मार्केटप्लेस पर लगभग 97 प्रतिशत लेन-देन पर कोई शुल्क नहीं लगेगा जबकि शेष पर 10 लाख रुपये मूल्य से अधिक के ऑर्डर पर 0.30 प्रतिशत की दर से नाममात्र शुल्क लगेगा, इसकी अधिकतम सीमा केवल 3 लाख रुपये होगी चाहे ऑर्डर कितने भी मूल्य का हो। यह कदम सरकारी ई-मार्केटप्लेस पर व्यापार सुगमता के मामले में एक महत्वपूर्ण कदम है और यह लेनदेन की लागत में कमी लाने की सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप भी है। सरकारी ई-मार्केटप्लेस ने एक ही झटके में अपने लेनदेन शुल्क में लगभग 33 प्रतिशत से 96 प्रतिशत की भारी कटौती की है। इससे सरकारी ई-मार्केटप्लेस पर विक्रेताओं/सेवा प्रदाताओं को और अधिक प्रतिस्पर्धी होने की उम्मीद है। इससे विशेष रूप से मध्यम एवं लघु उद्यमों को लाभ पहुंच सकता है, जिनको अक्सर बोझिल वित्तीय और परिचालन संबंधी समस्याओं को दूर करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। सरकार को परीक्षाओं में हेराफेरी और प्रश्न पत्र लीक रोकने के लिए ऑनलाइन तकनीक का ही सहारा लेना चाहिए न कि इंटरनेट बंद करना । परीक्षाएं जहां भी होतीं हैं वहां बिजली और मूलभूत इतनी सुविधा तो रहती ही है कि इन प्रयोगों को किया जा सके जैसे एक साथ केंद्रीयकृत ऑनलाइन प्रश्न पत्र सभी केन्द्रों को भेजना जहां सीसीटीवी की निगरानी में उन्हें प्रिंट करने के लिए आधे घंटे का समय दिया जाए फिर जैमर से परीक्षा केंद्र की मोबाइल सेवा बंद करा दी जाए जब तक परीक्षा हो । इससे बीच में सील तोड़कर प्रश्न पत्र निकालने की आशंका ही न हो जैसी हजारीबाग में पिछले दिनों होने की बात सामने आई थी । इससे प्रश्न पत्र लीक होने की संभावना न्यूनतम हो जाएगी । वैसे कलियुग है और राज्यों के जेलों की तरह जैमर भी औपचारिकता बना दी जाए तो बात अलग । राज्य के जेलों में बताया जाता है कि पुराने जमाने के 2जी जैमर लगे हैं जो कालातीत और अप्रासंगिक हो चुके हैं जबकि आजकल पोर्टेबल जैमर आ गए हैं जिन्हें कारों में रखकर उसकी बैट्री से आसनी से चलाया जा सकता है । ये जैमर पब्लिक भी इकॉमर्स कंपनियों एमेजॉन से आसानी से खरीद सकती है । प्रश्न पत्र लीक करने वाले कराने वाले या इस हेराफेरी के नेटवर्क की जानकारी आम है आवश्यकता उनपर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए । विद्यार्थियों को ब्लैकलिस्ट करने का प्रावधान करना चाहिए । पूरी परीक्षा प्रक्रिया की रिकॉर्डिंग कराए जाने पर भी विचार करना चाहिए । वैसे बहुत दिनों बाद हो रही जेएसएससी-सीजीएल भर्ती परीक्षा में 31 प्रतिशत ही उपस्थिति से ऐसा लगता है कि झारखंड सरकार का संदेह सही लगता है।

## दिल्ली के झंडेवालान में 2.5 एकड़ में संघ का नया कार्यालय

- सुविधाएं कई सितारा कार्यालय में 20 बिस्तर का एक अस्पताल भी, भवन का नाम 'केशवकुंज'

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत की राजधानी दिल्ली में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का नया कार्यालय बन रहा है। मुख्यालय के निर्माण का काम लगभग पूरा हो चुका है । कंप्लीशन सर्टिफिकेट प्राप्त करने की प्रक्रिया चल रही है। सभी विभागों से एनओसी मिलने के बाद संघ का कार्यालय शुरू हो जाएगा। दिल्ली के झंडेवालान में बना यह बड़ा अत्याधुनिक सैकड़ों करोड़ का भव्य कार्यालय लगभग 2.5 एकड़ क्षेत्रफल में है। इसका नाम 'केशवकुंज' रखा गया है। संघ का यह कार्यालय , संघ के नागपुर के हेड क्वार्टर से बहुत बड़ा , कई मंजिला ,अस्पताल आदि आधुनिक सुविधाओं से लैस है।इस संघ कार्यालय में तीन टावर हैं। मुख्य टावर में चार लिफ्ट लगाई गई है। वहीं एंट्री पॉइंट पर एक्स-रे मशीन भी लगाई गई है। इस मुख्यालय में एक कन्वेंशन हॉल, कार्यालय व आवासीय कमरे हैं। संघ के नए मुख्यालय की सुरक्षा की जिम्मेदारी सीआईएसएफ के पास होगी। कहा जाता है कि आरएसएस के सह सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले व संयुक्त महासचिव अरुण कुमार समेत शीर्ष पदाधिकारी नागपुर वाले कार्यालय से ही काम करेंगे। आरएसएस के दिल्ली कार्यालय में आरएसएस से जुड़े 32 संगठनों के भी कार्यालय होंगे। इसमें ऑर्गेनाइजर व पांचजन्य भी शामिल है। वहीं एक टावर अतिथि आवास के लिए बनाया गया है।

शेष पेज 09 पर

## चंद्रशेखर दुर्गा पूजा समिति बना रहा है भव्य पंडाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी का हृदय स्थल कहे जाने वाले सर्जना चौक पर विगत कई वर्षों से चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति की ओर से पूजा पंडाल बनाया जाता रहा है। यहां प्रतिवर्ष बेहद ही आकर्षक पंडाल बनाया जाता है। चंद्रशेखर दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह ने दुर्गा पूजा के दौरान आयोजित सभी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विगत वर्षों के आयोजन से एक कदम आगे बढ़कर इस वर्ष पुनः तत्पर और कटिबद्ध मां भवानी के भक्तों के बीच आकर्षक पूजा पंडाल बनाया जा रहा है। मनोरम मां भवानी का दरबार व सुमधुर सांस्कृतिक संध्या का आयोजन भी किया जाएगा। नवरात्र के पंचमी तिथि से पूजा पंडाल का अनावरण होगा। पूजा पंडाल का अनावरण शहर के विशिष्ट और गण्यमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में किया जाएगा। इस साल क्लब द्वारा काशी विश्वनाथ के दशाश्वमेध घाट का भव्य नजारा देखने को मिलेगा। इसके अलावा, साधु-संत भी अलग-अलग मुद्रा में आसन करते नजर आएंगे। पंडाल को और भी आकर्षक बनाने के लिए इसके अंदर रंग-बिरंगे बल्ब का इस्तेमाल किया जा रहा है। इससे पंडाल का दृश्य और भी खूबसूरत और आकर्षक होगा।

### प्रतिमा और पंडाल में क्या होगा खास



पिछली बार काल्पनिक, बनारस अस्सी घाट की गंगा आरती का दृश्य दर्शाया गया था। इस वर्ष आरंभ ही अंत है के थीम के साथ दशाश्वमेध रूपी भव्य पंडाल का निर्माण हो रहा है। इसकी लंबाई 100 फीट, चौड़ाई 75 फीट और ऊंचाई 64 फीट की होगी। पंडाल के अंदर और बाहर सिलिकॉन से बनी प्रतिमा होगी। माता रानी की प्रतिमा सिलिकॉन से बनाई जा रही है। माता रानी की प्रतिमा की पूजा करते हुए काशी के लोकसभा सदस्य सह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतिमा भी नजर आएगी, प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिमा भी सिलिकॉन से बनाई जा रही है। प्रतिमा की ऊंचाई 15 फीट की होगी। वहीं, प्रधामंत्री की प्रतिमा तकरीबन उनके कद के अनुसार बनाई जाएगी।

### बिहारी गायकों के भजन पर झूमेंगे भक्त

बिहार के सुप्रसिद्ध गायक पवन सिंह, गायिका शालिनी और सोना सिंह के साथ भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। सभी गायक अपने भजनों की प्रस्तुति आए श्रद्धालुओं के बीच करेंगे। वहीं, नवरात्र के छठे दिन अरविंद अकेला कल्लू भजनों की प्रस्तुति करेंगे। इनका साथ देने के लिए अनुपम यादव, शिवानी सिंह, आलोक सिंह, यामिनी सिंह, आस्था सिंह भी मौजूद रहेंगे। चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति द्वारा संध्या में बनारस से आए 11 पुरोहितों के द्वारा काशी विश्वनाथ गंगा आरती के तर्ज पर मां भवानी की महाआरती आयोजित की जाएगी। वहीं, आरती के पश्चात महाकाल उज्जैन के प्रसिद्ध भजन गायक गजेंद्र प्रताप सिंह अपनी मधुर भजनों की प्रस्तुति भक्तों के बीच पेश करेंगे।

### सुरक्षा व्यवस्था

चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति महिलाओं और आए श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षा का हर संभव पुख्ता इंतजाम कर रही है। पूजा पंडाल के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थल पर भी सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। साथ ही, पूरे पंडाल में आए भक्तों की देखरेख के लिए करीबन 100 वॉलेंटियर तैनात रहेंगे।

## सिलिकॉन से बनाई जाएगी माँ दुर्गा की प्रतिमा

## जैप-1 में 1880 से हो रही है मां दुर्गा की पूजा



बंदूकों से दी जाती है सलामी

**रांची।** डोरंडा स्थित जैप-1 में 144 साल से दुर्गा पूजा का आयोजन किया जा रहा है। 1880 में जैप-1 में दुर्गा पूजा की शुरुआत की गई थी। यहां मूर्ती की स्थापना नहीं की जाती है। यहां कलश की स्थापन कर पूजा की जाती है। इस मंदिर की परंपरा है कि नवरात्र के पहले दिन दुर्गा मां को बंदूकों से सलामी दी जाती है। सप्तमी के दिन यहा मां दूर्गा को बंदुकों से सलामी दी जाती है। नवमी के दिन यहां अस्त्र-शस्त्र की पूजा होती है। बलि दी जाती है, फिर पूजा होती है। नौ अलग-अलग पेड़ों और नौ कुंवारी कन्याओं की पूजा की जाती है। दशमी के दिन घर के बुजुर्ग या बड़े अपने घर के सभी लोगों तिलक लगाते हैं। सप्तमी के दिन यहां जूलुस भी निकाला जाता है। मंदिर के पुजारी ने बताया कि बंदूकों से सलामी इसलिए दी जाती है, क्योंकि ऐसा कहा जाता है कि मां पटाखों से प्रसन्न होती हैं और ऐसा माता को प्रसन्न करने के लिए किया जाता है।

### रंग लाया रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ का एक और प्रयास

# सोलर हाई मास्ट लाइट से जगमगाएंगे रांची के गांव

**बोले केंद्रीय मंत्री**

- 2000 सोलर हाई मास्ट लाइट लगाए जाने की मिली स्वीकृति
- 6 करोड़ की लागत से गांव के सार्वजनिक स्थानों पर लगेंगे
- भ्रष्टाचार व कदाचार को छुपाने को बंद किया गया इंटरनेट

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रक्षा राज्य मंत्री एवं रांची के सांसद संजय सेठ का एक और प्रयास सफल हुआ है और इसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आए हैं। रांची लोकसभा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में 2000 सोलर हाई मास्ट लाइट लगाए जाने की स्वीकृति मिली है। बहुत जल्द सभी लाइट ग्रामीण क्षेत्रों में लगाई जाएगी। यह जानकारी केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने रविवार को अपने केंद्रीय कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में दी। उन्होंने बताया कि रांची लोकसभा क्षेत्र से जुड़े ग्रामीण क्षेत्रों में प्रकाश की समुचित व्यवस्था हो, इस उद्देश्य के साथ मेरा एक प्रयास था कि हर गांव तक सोलर लाइट लगे। मेरे इस प्रयास को सफलता मिली है। 6 करोड़ रुपये की लागत से 2000 हाई मास्ट लाइट की स्वीकृति प्रदान की गई है। एक लाइट की कीमत लगभग 30 हजार रुपये है। यह सभी लाइट 15 फीट की ऊंचाई पर लगेंगी, जिसमें 30 वाट के 6 लाइट होंगे। सबसे अच्छी बात होगी कि यह लाइट सौर ऊर्जा (सोलर एनर्जी) से चार्ज होगा और शाम में अंधेरा होने पर खुद जल जाएगा। दो दिनों तक इंटरनेट बंद किए जाने के मामले में सेठ ने कहा कि यह अघोषित आपातकाल जैसी स्थिति थी। जेएसएससी की परीक्षा का भ्रष्टाचार और कदाचार आम जनता के बीच नहीं फैल सके, इस उद्देश्य से इंटरनेट बंद किया गया था। इंटरनेट बंद करने का उद्देश्य कदाचार और भ्रष्टाचार रोकना नहीं था।

### रोशन होंगे गांव के चौक-चौराहे



केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि इस प्रकाश के माध्यम से गांव के नुक्कड़, चौक-चौराहे सभी रोशन होंगे और हाथी प्रभावित क्षेत्रों में भी लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने यह भी बताया कि इन सोलर लाइट को सरना स्थल, धूमकुड़िया भवन, सामुदायिक भवन, अखाड़ा, चौपाल, महत्वपूर्ण चौक चौराहा, पंचायत भवन, चबूतरा, हाथी प्रभावित क्षेत्र व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया की रांची लोकसभा क्षेत्र का समुचित विकास हो, इस सोच के साथ उनका प्रयास हमेशा जारी रहता है। यह कार्य भी उसी की एक कड़ी है। सेठ ने राज्य सरकार को भी आड़े हाथों लिया और कहा कि यह सरकार बिल्कुल अब व्यावहारिक हो चुकी है। दमनकारी नीतियों पर चल रही है। शारीरिक, मानसिक, आर्थिक हर रूप से झारखंडवासियों का दमन किया जा रहा है। खुलेआम हत्या हो रही है। महिलाओं के साथ अपराध हो रहे हैं। राजधानी रांची में छिनतई की घटनाओं में बेतहाशा वृद्धि हुई है और सरकार और प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं।

### विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर डीसी ने की बैठक

**रांची।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में रविवार को समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित उपायुक्त सभागार में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल/प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई।

### आरयू में होगा ई-कंटेंट डेवलपमेंट पर 5 दिवसीय कार्यशाला

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के आइक्यूएससी सेल ने छह दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया है। कार्यशाला ई-कंटेंट डेवलपमेंट विषय पर किया जाएगा। कार्यशाला 23-28 सितंबर तक चलेगा। विश्वविद्यालय के जन संचार विभाग में चलेगा। इसके लिए पूरी तैयारी कर ली गई है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो अजीत कुमार सिन्हा इस कार्यशाला के मुख्य संरक्षक होंगे।

### उड़ती धूल से परेशान हैं राहगीर, बीमार हो सकते हैं तैनात पुलिसकर्मी

## तिलता चौक में सड़क मरम्मत के नाम पर हुई लीपापोती

- आधी-अधूरी मरम्मत के कारण फिर हो रहीं दुघर्टनाएं



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

तिलता चौक में सड़क मरम्मत करने के नाम पर लीपापोती की गई है। इस चौक में बने गड्ढों को आनन-फानन में उस समय भरा गया था, जब पलामू के एक जज की कार वहां के गड्ढे से टकरा गई थी। इसके बाद उनकी कार का डंपर टूट कर जमीन पर लटक गया था। सूत्रों के हवाले से बताया गया कि आसपास बने गड्ढों को देखकर उन्हें बहुत वेदना हुई थी। इसके बाद ही गड्ढे को भरा गया और सड़क की मरम्मत हुई। मौजूदा सूरत ए हाल यह है कि तिलता चौक की सड़क पहले की तरह हो गई है। सड़क पर धूल उड़ रही है। इससे लोग बीमार हो सकते हैं। यहां तैनात पुलिसकर्मियों के स्वास्थ्य पर भी खराब असर पड़ सकता है। सड़क की इस दयनीय हालात को देखकर राहगीर, स्थानीय सभी हैरान-परेशान हैं। उनके मन में सवाल है कि इतनी जल्दी सड़क कैसे टूट गई? गड्ढे फिर से बन गए हैं। मुख्य लापरवाही सड़क मरम्मति में यह भी हुई है कि मरम्मत के क्रम में लेवल का ध्यान नहीं दिया गया था। आधी-अधूरी मरम्मत के कारण फिर से आए दिन दुर्घटना हो रही है। इस संबंध में राष्ट्रीय नवीन मेल के संवाददाता ने एनएचएआई की जीएम एकता कुमारी से बात की। उन्होंने कहा कि तिलता चौक की सड़क के मौजूदा हालात पर ध्यान दिया जाएगा और इसे जल्द ही ठीक करा दिया जाएगा।

### झारखंड पवेलियन में फूड स्टॉल पर लोगों ने व्यंजन का लिया लुत्फ

**रांची/नई दिल्ली।** दिल्ली के भारत मंडपम में चल रहे वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 का रविवार को समापन हो गया। वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 में झारखंड का इस वर्ष फोकस राज्य के फूड प्रोडक्ट की भूमिका पर आधारित था। झारखंड पवेलियन की साज-सज्जा उद्योग विभाग द्वारा की गई थी। पवेलियन में 3 स्टॉल झारखंड सरकार के विभाग अथवा उपक्रम के थे। फूड कोर्ट में लगे फूड स्टॉल पर लोगों ने झारखंड के व्यंजन का लुत्फ लिया।

### हटिया स्टेशन पर 43 बोतल शराब जब्त

**रांची।** राजधानी में आरपीएफ मंडल सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार के निर्देश पर ट्रेनों और रेलवे स्टेशनों पर शराब तस्करों के खिलाफ ऑपरेशन सतर्क के तहत लगातार अभियान जारी है। उप निरीक्षक दीपक कुमार ने बताया अभियान के दौरान 21 सितंबर को आरपीएफ रांची के सहायक सुरक्षा आयुक्त एके सिंह के पर्यवेक्षण में गाड़ी संख्या 18624 के हटिया स्टेशन आगमन पर फ्लाइंग टीम के एएसआई रवि शेखर के चेक करने पर जनरल डिब्बे के टॉयलेट में तीन झोली रखा मिला।

### रांची में देर रात बार का हो रहा था संचालन पुलिस ने की छापेमारी, मैनेजर गिरफ्तार

**रांची।** सुखदेव नगर थाना क्षेत्र स्थित मॉल ऑफ रांची में संचालित बीयर बार लार्ड ऑफ दी ड्रिंक्स में शनिवार देर रात पुलिस ने छापामारी की है। छापामारी के दौरान मैनेजर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। हालांकि, बार के संचालक गौरव अग्रवाल पुलिस को देखकर भागने में सफल रहे। गिरफ्तार मैनेजर का नाम मनीष सिंह है और वह बिहार के गया जिले का रहने वाला है।

### चेन स्नैचिंग गैंग के दो सदस्य गिरफ्तार

**रांची।** राजधानी में चेन छिनतई के मामले आए दिन देखने को मिल रहे हैं। ऐसे में रांची पुलिस चेन छिनतई के मामलों पर लगाम लगाने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी क्रम में 21 सितंबर को बरियातू थाना क्षेत्र में हुए चेन छिनतई मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को धर दबोचा। दोनों आरोपी हिरा सोनार उर्फ हीरा लाल सोनार, फन्नी सोनार बोकारो के रहने वाले हैं।

### होमगाड्र्स की पासिंग आउट परेड संपन्न

**रांची।** धुर्वा स्थित केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान में रविवार को 217 होमगाड्र्स की पासिंग आउट परेड आयोजित की गई। कार्यक्रम का नेतृत्व कमांडेंट सीटीआई कौशिक कुमार ने किया। 63 दिवसीय इस प्रशिक्षण में शारीरिक और शस्त्र प्रशिक्षण शामिल था। मुख्य अतिथि के रूप में डीआईजी होमगाड्र्स अजय लिंडा शामिल हुए। प्रशिक्षण की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह रही कि पहली बार महिला होमगाड्र्स को इंसास राइफल का प्रशिक्षण और फायरिंग कराई गई।

### बिरसा जैविक उद्यान में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत चला हस्ताक्षर अभियान

**रांची।** भगवान बिरसा जैविक उद्यान, रांची में स्वच्छता ही सेवा-2024 अभियान के तहत केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से रविवार को स्वच्छता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान आयोजित किया गया। इस अवसर पर विभाग की ओर से बिरसा मुंडा चिड़ियाघर, रांची के सफाई मित्रों व रक्षकों सोहरी देवी, भुवनेश्वर माली, व सुरक्षा कर्मी तथा कर्मचारियों के हित में सक्रिय शंकर महतो को विभाग की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### नटराज योग संस्थान के योगियों को किया गया सम्मानित

**रांची।** योगासन खेल के क्षेत्र में नटराज योग संस्थान के योगासन खिलाड़ियों का लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सभी विजेता खिलाड़ियों को स्वर्गीय सत्यनारायण पोद्दार योग सम्मान से सम्मानित किया गया। पूर्व में हुए योग महाकुंभ खेलो इंडिया वीमेंस लीग जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता में नटराज योग संस्थान के बच्चों ने विभिन्न वर्गों में पदक हासिल किया और संस्थान का गौरव बढ़ाया। इसके लिए खिलाड़ी रितेश कुमार, पिंटू कुमार, संगीता बनर्जी सरिता सिंह, मणिमला चौधरी, माही सिंह, कसक, ईशा बनर्जी, ईशानी, अपर्णा चौधरी, गार्गी कुमारी को सम्मानित किया गया। सम्मान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजसेवी राजकुमार पोद्दार, विशिष्ट अतिथि रिलेशंस के निदेशक समाजसेवी आशुतोष द्विवेदी, नटराज योग संस्थान के संस्थापक आर्य प्रहलाद भगत, योग शिक्षिका सुषमा कुमारी तिग्गा, गोविंद कुमार यादव उपस्थित थे।

### हुटुप गौशाला धाम में गोहाल घर का हुआ उद्घाटन

**रांची।** रांची गौशाला न्यास के हुटुप गौशाला धाम में गौ माता की कृपा से 120 श्रद्धालु भक्तों की उपस्थिति में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ एवं राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने नवनिर्मित गोहाल का उद्घाटन किया। गौशाला न्यास समिति के अध्यक्ष पुनीत पोद्दार एवं गौशाला न्यास समिति ट्रस्ट के अध्यक्ष रतन जालान कार्यक्रम संयोजक वासुदेव भल्ला एवं मुकेश काबरा के द्वारा आगंतुक अतिथियों और समाज के गण्यमान्य लोगों का स्वागत किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन मे रांची गौशाला न्यास समिति द्वारा संचालित तीनों गौशाला मे किये जा रहे हैं कार्यों एवं गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। सांसद महोदय से गौशाला के लिए सुकुरहुट्ट मे बाउंड्री का निर्माण, बायो गैस, हुटुप धाम में स्ट्रीट लाइट और बाकी स्थान पर गोहर का निर्माण करने की मांग रखी। इस पर दोनों सांसदों ने अपनी स्वीकृति प्रदान की। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रांची गौशाला न्यास समिति द्वारा किए जा रहे ।

### अटल क्लिनिक का उद्देश्य वृद्धों को इलाज मुहैया कराना : जस्टिस नारायण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अपना घर ओल्डएज होम, हेसाग में वृद्धजनों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर न्यायामूर्ति सुजित नारायण प्रसाद ने अटल क्लिनिक का उद्घाटन किया। उर्सुलाईन स्कूल की छात्राओं ने आपका है स्वागत गीत गाकर स्वागत किया। न्यायायुक्त दिवाकर पांडे ने कहा कि वृद्धजनों को लाभ पहुंचाने के लिए न्यायामूर्ति सुजित नारायण प्रसाद के निर्देश पर इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। आगे भी इस तरह के कार्यक्रम होते रहेंगे। वृद्ध माताओं को लाभ मिल सके, इसके लिए अटल क्लिनिक खोला गया है। न्यायामूर्ति सुजित नारायण प्रसाद के निर्देश पर पूरे झारखंड राज्य में वृद्धों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन से वृद्धों के लिए आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड, वृद्धा पेंशन कार्ड आदि बनाया जा रहा है। इससे वृद्ध माताओं -पिताओं को सरकार के द्वारा चलाये जा रही कल्याणकारी योजनाओं के साथ जोड़ा जा सकता है। सभी वृद्ध माता-पिता हमारे अभिभावक हैं, आपलोगों का हक है, लाभ पाना। उस लाभ को पहुंचाने के लिए आपके बच्चे हम आपके पास आए हैं। मंच का संचालन न्यायिक दंडाधिकारी एकता सक्सेना ने किया। मौके पर न्यायामूर्ति सुजित नारायण प्रसाद, कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश, झारखंड उच्च न्यायालय एवं कार्यकारी अध्यक्षक, झालसा, रांची, सदस्य सचिव, उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा, वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची चंदन कुमार सिन्हा आदि उपस्थित थे।

**सरकार के 5 वर्ष पूरे होने को है, पर नहीं हो पाई राज्य महिला आयोग के अध्यक्ष की नियुक्ति**

## झारखंड में महिला सशक्तीकरण की बात बेमानी

### महिला आयोग में 5000 से अधिक केस लंबित

**काजल मेहता**

**रांची।** महिला सुरक्षा हमेशा से अहम मुद्दा रहा है। केंद्र और राज्य सरकार इसे लेकर मुहिम भी चलाती है। झारखंड पुलिस ने हेल्पलाइन नंबर जारी किया है, मोबाइल एप भी विकसित किया है, जिससे कि महिलाओं को मुसीबत के समय में सुरक्षा और सहायता मिल सके। राजनेताओं के भाषण में भी अक्सर एक बात प्रमुखता से सुनने को मिलती है कि महिलाओं को सशक्त करना है। महिला सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है। महिला सशक्तीकरण के लिए सरकार लगातार प्रयासरत है। लेकिन, क्या वास्तव में ऐसा हो रहा है। झारखंड में तो ऐसा नहीं लगता है कि सरकार महिला सशक्तीकरण के प्रति गंभीर है। अगर राज्य सरकार महिला सशक्तीकरण के प्रति वास्तव में गंभीर होती, तो क्या राज्य महिला आयोग के अध्यक्ष का पद चार वर्ष से खाली रहता। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कल्याणी शरण का कार्यकाल 06 जून 2020 को ही पूरा गया, लेकिन अबतक नए अध्यक्ष की नियुक्ति नहीं हो पाई है। जिस राज्य में महिला आयोग के अध्यक्ष का पद चार वर्षों से रिक्त रहे, वहां महिला सशक्तिकरण की बात करना बेमानी है। महिला सुरक्षा की बात करना राज्य की महिलाओं को धोखे में रखने जैसा है। न केवल महिला सशक्तीकरण, बल्कि महिला सुरक्षा को लेकर भी जमीनी स्तर पर हो रहे कार्यों के संबंध में हर व्यक्ति के मन में प्रश्न है, लेकिन इसका उत्तर नहीं मिल पाता है। सवाल उठाया जाना लाजमी भी है, क्योंकि कई कानून होने के बावजूद आए दिन महिलाएं हिंसा और हवस का शिकार हो रही हैं। यहां तक कि बच्चियां भी यौन उत्पीड़न का शिकार हो रही हैं। झारखंड में पिछले चार वर्षों से राज्य महिला आयोग के अध्यक्ष पद पर नियुक्ति नहीं होना सोचनीय है। इससे पीड़ित व प्रताड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने के सारी कोशिशें प्रभावहीन हो जा रही हैं। झारखंड महिला आयोग का अध्यक्ष और सदस्य विहीन हुए चार साल नौ महीने हो गए। वहीं, चार साल पहले से लेकर अब तक लंबित मामले तकरीबन 5000 से अधिक हो गए हैं। इनमे पहले से लंबित मामले भी शामिल हैं। उससे पहले राज्य महिला आयोग के पास करीब 2374 मामले लंबित थे। झारखंड में कामकाजी महिलाओं की सुरक्षा की बात करें, तो यह अच्छी स्थिति में नहीं हैं। हालांकि, पुलिस अपनी ओर से पूरी कोशिश में लगी है कि महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराधों पर अंकुश लगाया जा सके, लेकिन आंकड़े घटने के बजाय बढ़ते ही जा रहे हैं। इसका मुख्य कारण है अपराधियों के मन में पुलिस का खौफ नहीं होना, उनके मन में प्रशासन का डर नहीं होना। ऐसा इसलिए कहा जा सकता है, क्योंकि आए दिन कामकाजी महिलाएं, जो ऑटो से या पैदल या दोपहिया वाहन से सफर करती हैं, उनके साथ छेड़खानी की घटनाएं बढ़ रही हैं। लेकिन, उन अपराधियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। इज्जत या भय से बहुत-सी घटनाएं तो पुलिस-थाने तक पहुंच ही नहीं पाती हैं। एक अध्ययन में पाया गया है कि प्रताड़ित करने वाले लोगों के खिलाफ पीड़िता द्वारा शिकायत के बाद भी पुलिस का कड़ा रुख नहीं होने और उन्हें समझा कर छोड़ दिए जाने का खामियाजा पीड़िता को ही भुगतना पड़ता है। और, इस कारण महिलाएं चुप्पी साध लेती हैं। ऐसे में ग्रामीण इलाके की महिलाओं, घरेलू महिलाओं और कामकाजी महिलाओं की सुरक्षा प्रशासन, महिला आयोग (जो कि लंबे समय से काम नहीं कर रहा है) और झारखंड सरकार के सामने एक बड़ा सवाल बन कर खड़ा है। गौरतलब है कि महिला सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन ने कई हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। सभी जिलों में काउंसलिंग के लिए महिला कोषांग है, लेकिन महिलाओं के खिलाफ हिंसा और उनकी प्रताड़ना की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। इस कड़ी में यहां यह याद दिलाना प्रासंगिक होगा कि झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने महिलाओं के खिलाफ बढ़ रहे अपराधों के मद्देनजर बीते दिनों एक प्रेस वार्ता के दौरान कहा था कि झारखंड में स्थित सभी थानों में एक महिला अधिकारी की तैनाती की जाएगी। अब देखने वाली चीज होगी कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए यह कितना कारगर साबित होगा।



### अध्यक्ष विहीन महिला आयोग में पीड़िता की सुनने वाला कोई नहीं

बीते चार साल नौ महीनों में आए मामले और पुराने लंबित मामले से जुड़ीं पीड़ित महिलाएं आज भी राज्य महिला आयोग से आस लगा रखी हैं। इसी आस के सहारे आयोग के पास इंसाफ की गुहार लगाती हैं। लेकिन, महिला आयोग में इन पीड़िताओं की सुनने वाला कोई नहीं है। महिला आयोग के पास घरेलू हिंसा, यौन शोषण, दहेज प्रताड़ना और मानव व्यापार से जुड़े मामले आते हैं। वहीं, ग्रामीण इलाकों में रहने वाली महिलाएं, जिनके अपने गांव से शहर तक आना काफी चुनौतीपूर्ण है, भी घरेलू हिंसा, दहेज प्रताड़ना या डायन कुप्रथा की शिकार होकर राज्य महिला आयोग के पास अपनी शिकायत लेकर पहुंचती हैं। लेकिन, इनकी चुनौती और संघर्ष तब और बढ़ जाती है, जब वे महिलाएं महिला आयोग से खाली हाथ लौट जाती हैं। इससे प्रताड़ित करने वाले लोगों का मनोबल बढ़ने के कारण पीड़ित महिलाओं का शोषण बढ़ जाता है। इससे पीड़िता आत्महत्या करने के कगार तक पहुंच जाती हैं। वैश्विक महामारी कोविड-19 के बाद आए आंकड़ों से साफ-साफ पता चलता है कि घरेलू हिंसा के मामलों में वृद्धि हुई है। गौरतलब है कि झारखंड राज्य के सभी जिलों को मिलकर कर कुल 41 महिला और बाल विकास थाने हैं, मगर महिला के खिलाफ हो रहे अपराधों पर लगाम नहीं लग रहा है।

## एक नजर

### पुरनाडीह परियोजना में अगले छह महीने तक उत्पादन मुश्किल

**खलारी।** सीसीएल एनके एरिया के पुरनाडीह परियोजना में अगले छह महीने तक कोयला उत्पादन मुश्किल है। खनन के लिए जमीन के अभाव में परियोजना संकट में फंस गई है। जिसके कारण पुरनाडीह कोयला खदान बंद हो गया है। खदान की बड़ी बड़ी मशीने थम गई है। परियोजना को आगे बढ़ाने के लिए वन विभाग के 317 हेक्टेयर जमीन की आवश्यकता है। वन विभाग से अनापत्ति लेने की प्रक्रिया का स्टेज-वन क्लीयरेंस मिल गया है। स्टेज-1 क्लीयरेंस के बाद स्टेज-2 की प्रक्रिया चल रही है। जानकारी के अनुसार स्टेज 2 के लिए चार षर्तें पूरी करनी है। जिनमें दो पूरी कर ली गई है। केवल वाइल्ड लाइफ केयर के लिए सीसीएल को 140 करोड़ रूपए जमा करना है।

### लाठी खेल प्रतियोगिता में संयुक्त रूप से अव्वल रही मांडर, लोहरदगा व चान्हो की टीम

**खलारी।** खलारी के भूतनगर डकरा में चेहल्लुम मेला के दौरान हुई लाठी खेल प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता में मांडर, लोहरदगा व चान्हो की टीम संयुक्त रूप से अव्वल रही। इस खेल प्रतियोगिता में आसपास के जिलों व थानाक्षेत्र के 40 टीम भाग लिए। जिनमें कुम्बा टोली मांडर, प्रयागी मांडर, बेशील मांडर, बलेफे कमडो लोहरदगा एवं मीलत नगर सुकुरहुतु चान्हो को संयुक्त रूप से प्रथम घोषित किया गया। दूसरा पुरस्कार मस्जिद चौक सुरसा गुमला, ऊपर मोहल्ला तिगरा लोहरदगा, इमाम हुसैन अखाड़ा अरकोशा लोहरदगा, मदरसा चौक तिगरा लोहरदगा, मदरसा चौक बड़ा शरीफ लोहरदगा एवं चांदनी चौक तगरी टोली चतरा को दिया गया।

#### लापुंग प्रखंड में निरक्षर अब बनेंगे साक्षर

# लापुंग में 101 महिलाएं सहित 104 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में लिया हिस्सा

◆परीक्षा पास होने पर साक्षर होने का मिलेगा प्रमाण पत्र



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार के तत्वावधान में प्राथमिक शिक्षा सह सदस्य सचिव राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण के निर्देशानुसार लापुंग प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय ककरिया एवं राजकीय मध्य विद्यालय लापुंग में अलग-अलग रविवार को बुनियादी साक्षरता आकलन एवं संख्यात्मक जांच परीक्षा का आयोजन किया गया। बीपीओ लीलावती तिर्की एवं बीआरपी लालकेश्वर यादव की देखरेख एवं संचालन में परीक्षा में विद्यालय प्रबंधन समिति के निरक्षर सदस्य, सरस्वती वाहिनी माता समिति के निरक्षर सदस्यों, निरक्षर रसोईया एवं अन्य निरक्षर वयस्क लोगों की बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक जांच परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा में पास होने वाले सभी अभ्यर्थियों को साक्षरता प्रमाण पत्र निर्गत किया जाएगा। राजकीय मध्य विद्यालय ककरिया में 46 महिला अभ्यर्थी तथा 02 पुरूष अभ्यर्थियों ने एवं लापुंग के राजकीय मध्य विद्यालय में 55 महिला अभ्यर्थियों तथा एक पुरुष अभ्यर्थी ने परीक्षा में हिस्सा लिया। राजकीय मध्य विद्यालय ककरिया में केंद्राधीक्षक सह विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रकाश उरांव,चमरु उरांव, सहायक अध्यापक मो समीउल्लाह हक एवं सुजीत कुमार रक्षित तथा राजकीय मध्य विद्यालय लापुंग में केंद्राधीक्षक जीवेश्वर साय, सहायक शिक्षिका रीता देवी, सहायक अध्यापक लाल दिलीप कुमार सिंह, जयमणी होरो सहित कई लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

#### पारा थ्रो बॉल नेशनल टूर्नामेंट का हुआ उद्घाटन

# पुरुष व महिलाओं की 10 टीमें ले रहीं हैं भाग



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** झारखंड की दोनों वर्गों की टीम ने पारा थ्रो बॉल नेशनल टूर्नामेंट में 2-0 की धमाकेदार जीत से अगले चरण में स्थान बनाई, जबकि उत्तर प्रदेश, हरियाणा, कर्नाटक, तमिलनाडु और राजस्थान को प्रथम चरण में एक जीत एवं एक हार का सामना करना पड़ा। रविवार को देर रात कॉर्टर फाइनल के मैच आयोजित किए जाएंगे, जबकि फाइनल मैच सोमवार को अपराह्न होंगे। प्रतियोगिता में मेजबान झारखण्ड के अलावा उत्तर प्रदेश, हरियाणा, कर्नाटक, राजस्थान, उत्तराखंड, तमिलनाडु, पुडुचेरी, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, जम्मू एवं कश्मीर के 20 टीमें (10 पुरुष 10 महिला) भाग लें रहीं हैं। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए बीसीसीएल के निदेशक कार्मिक मुरली कृष्ण रमैया ने कहा कि सामान्य लोगों के लिए दिव्यांगजन तभी तक बेचारा हैं जब तक वे उनके योग्यता और हुनर से रूबरू नहीं होते। इस वर्ष दिव्यांगजन खिलाड़ियों ने पारा ओलिम्पिक में बेहतर प्रदर्शन किया है। बचपन से संघर्ष और विपरीत परिस्थितियों कस सामना उन्हें मानसिक संबल प्रदान करती है।

## न्यूज बॉक्स

### युवा खूब खेलें और खूब पढ़ें: डॉ. परमेश्वर भगत



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत घाघरा में पूर्व डीडीसी सह विधायक प्रत्याशी डॉ परमेश्वर भगत खेल प्रेमियों को प्रोत्साहित करने के लिए जुनियर 11 स्टार क्लब घाघरा टीम को जर्सी वितरित किया। इस अवसर पर डॉ परमेश्वर भगत ने खेल के महत्व पर जोर दिया और युवाओं को खेलों में भागीदारी बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। इन्होंने कहा की खेल न केवल शारीरिक फिटनेस के लिए आवश्यक है, बल्कि यह सामुदायिक एकता को भी बढ़ावा देते हैं। खिलाड़ियों ने डॉ परमेश्वर भगत के प्रति आभार व्यक्त किया और उनकी इस पहल को सराहा। खेल प्रेमियों ने भी जर्सी प्राप्त करने के बाद अपने खेल के प्रति नई ऊर्जा और समर्पण का संकल्प लिया। मौके पर डॉ मंजू मिंज ने कहा कि ग्रामीण इलाकों के खिलाड़ियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है बरसते कि उन्हें बेहतर सुविधा और प्रशिक्षण प्राप्त हो। अंत में डॉ भगत ने कहा कि खिलाड़ियों के बेहतर सुविधा के लिए मांडर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक प्रखंड में खेल का एक प्रशिक्षण केंद्र भविष्य में स्थापित किया जाएगा।मौके पर आकाज मंजर, आफताब आलम, इरफान खान, विकास मुंडा, बिरु मुंडा, राजू बक्स, दिलसेर खान, सुमित मिंज, अमित मिंज सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### मेगा स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन



**सिल्ली/मुरी।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिल्ली के प्रांगण में रविवार के दिन चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर प्रियंका कुमारी सिन्हा के नेतृत्व में मेगा स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 10 वयस्क लोगों को बीसीजी का टीकाकरण किया गया। साथ ही साथ किरमी दिवस के उपलक्ष में 1 से 19 वर्ष के किशोरों के बीच किरमी दवा का भी वितरण किया गया और बताया गया कि किरमी की वजह से एनीमिया की बीमारी, वजन कम तथा शरीर को कमजोर कर देता है। तकरीबन 100 से भी ज्यादा लोगों का बीपी और शुगर का मौके पर जांच किया गया एवं निशुल्क दवा भी वितरण किया गया। मौके पर डॉक्टर मुकेश कुमार, डॉक्टर विवेक कुमार, डॉक्टर मोना आनंद, बीपीएम शशि भूषण चौबे, एएनएम कविता कुमारी, सविता लकड़ा समेत सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

### श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का हुआ वितरण



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** पूर्णब्रह्म परमात्मा की अपार कृपा श्री राज श्यामा जी महाराज एवं संत शिरोमणी श्री श्री 1008 स्वामी सदानंद जी महाराज के आशीर्वाद से प्रणामी समाज के सेवाभावी सदस्यों के सहयोग से अभी तक 167 निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का सफलता पूर्वक वितरण कर सफल संचालन किया जा चुका है। आज 168 वाँ निःशुल्क अन्नापूर्णा भंडारे का वितरण सुशीला अग्रवाल पुत्र अभिषेक और अमित अग्रवाल के सौजन्य से वितरण किया गया। कार्यक्रम अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल ने सुशीला अग्रवाल पुत्र अभिषेक औरअमित अग्रवाल को अन्नापूर्णा भंडारे का स्मृति चिन्ह एव अंग वस्त्र प्रदान कर अन्नापूर्णा माता और राज श्यामा जी (राधा-कृष्ण) भगवान का आशिर्वाद प्राप्त किया। रांची की सुप्रसिद्ध समाजिक एव धार्मिक संस्था एमङ्आरङ् एसङ्श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एवं स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) दिल्ली शाखा रांची शहर की जानी मानी समाजिक संस्था है। संस्था के सदस्यों एवं समाज के सेवाभावी धर्म प्रेमिजनों के सौजन्य से अभी तक लगातार 167 निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का वितरण कर चुके हैं। रविवार को 168 वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का वितरण कर सफलतापूर्वक संचालन किया गया।

#### 28 को आयोजित होने वाले परिवर्तन यात्रा को सफल बनाने का संकल्प

# मांडर विधानसभा चुनाव के लिए फूंका जाएगा बिगुल : सन्नी टोप्पो



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो** मांडर विधानसभा क्षेत्र के बेड़ो में आयोजित होने वाली भाजपा की परिवर्तन यात्रा सह संकल्प सभा को लेकर रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओं की विशेष कामकाजी आयोजित की गई। बैठक के दौरान भाजपा के युवा नेता सन्नी टोप्पो विशेष रूप से मौजूद थे। उन्होंने कहा कि मांडर में 27 सितंबर एवं 28 को बेड़ो के ऐतिहासिक महादानी मैदान में आयोजित होने वाले परिवर्तन यात्रा सह संकल्प सभा के माध्यम से विधानसभा चुनाव का बिगुल फूंका जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी शक्ति झोंक दें। मांडर विधानसभा में भी अब परिवर्तन जरूरी है। उन्होंने कहा कि जनता राज्य सरकार के छलावे और झूठे वायदों से तंग आ चुकी हैं। इंटरनेट को ठप्प कर झारखंड सरकार ने साबित कर दिया है कि अब उसके हाथ में कुछ भी नहीं है। दो दिनों तक इंटरनेट के बंद होने से राज्य में आपातकाल जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई थी। एक परीक्षा को सही तरीके से आयोजित नहीं कर पाने की विफलता को छुपाने के लिए इस तरह के हथकंडे इस्तेमाल किए जा रहे हैं। बैठक के दौरान बैठक के प्रभारी रामनारायण भगत की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के दौरान विस्तारक रजनीकांत शर्मा, मंडल अध्यक्ष बलराम सिंह, महामंत्री आनंद साहु, उपाध्यक्ष गणेश महथा, अरूण गुप्ता, मीडिया प्रभारी मनोज कुमार साहु,भीखा उरांव, अनिल उरांव, रमेश भगत, प्रदीप राम, रंजन गुप्ता, चंद्र किशोर उरांव, भुषण, तीर्थनाथ, सुमंती देवी के साथ- साथ सभी बूथों के अध्यक्ष, संयोजक, सह संयोजकों ने विचार मंथन के दौरान परिवर्तन यात्रा एवं संकल्प सभा को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### कदाचार मुक्त वातावरण में हुई सीजीएल की परीक्षा

**खूंटी।** झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित झारखण्ड सामान्य स्नातक स्तर योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा में खूंटी जिले के 14 परीक्षा केंद्रों में कदाचार मुक्त एवं स्वच्छ माहौल में संपन्न हो गई। परीक्षा लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे और सभी गाइड लाइंस का अनुपालन किया गया। परीक्षा तीन पालियों में सम्पन्न हुई, प्रथम पाली सुबह 08.30 10.30 पूर्वाह्न तक, द्वितीय पाली 11.30 पूर्वा से 01.30 अपराह्न तक और तृतीय पाली तीन अपराह्ने से पांच अप तक संचालित हुई। इस दौरान परीक्षा केंद्रों का उपायुक्त लोकेश मिश्रा और पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने औचक निरीक्षण किया।



चान्हो के टांगर में खिलाड़ियों के बीच जर्सी का वितरण करते उपमुखिया जेना उरांव

# मजदूरों ने जलाया स्टाफ ऑफिर का पुतला



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी** खलारी कोयलांचल के मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी के नेतृत्व में सीसीएल एनके एरिया के स्टाफ ऑफिसर सिविल का पुतला दहन किया गया। पुतला दहन से पूर्व मौजूद लोगों ने एसओ (सिविल) के विरोध में नारेबाजी की। अब्दुल्ला अंसारी ने कहा कि एनके एरिया का सिविल विभाग अराजकता का पर्याय बन गया है। एसओसी कंपनी और मजदूर हित को छोड़ मनमानी तरीके से काम कर रहे हैं। आनलाइन टेंडर होने के बावजूद बिना कसौटी में कसे संवेदकों के बिल संबंधी फाइल आगे नहीं बढ़ रहे हैं। भूतनगर डकरा विस्थापितों की बस्ती है। यहां दशकों से होते आ रहे सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन में सिविल विभाग जगह को व्यवस्थित करने में सहयोग करता था, परंतु सिविल अधिकारी ने फंड देने से इनकार कर दिया। मजदूर नेता ने कहा कि आंदोलन की अगली कड़ी में एसओसी के कार्यालय में तालाबंदी कर दिया जाएगा। पुतला दहन में अशोक सिंह, विजय सिंह, अफजाल अंसारी, कृष्ण सिंह, राजकुमार मुंडा, अमजद खान, मुमताज अंसारी, अरविंद कुमार, दिलीप तुरी, नसीम अंसारी, सियालदह यादव, लक्ष्मण उरांव, शमीम अंसारी, उदय सिंह, वेदप्रकाश पांडेय, जसीम अंसारी, धर्मेन्द्र चौहान, सुनील कुमार, जार्ज कुजूर, राकेश चौहान, प्रमोद कुमार आदि उपस्थित थे।

# मृतक हनीफ खान की मिट्टी में शामिल हुए डॉ परमेश्वर भगत



**बेड़ो।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम सिंगारसरई निवासी आजम खान, खाजिम खान, जमशेद खान के पिता हनीफ खान का कल आकस्मिक निधन हो गया था खबर सुनते ही पूर्व डीडीसी सह भावी विधायक प्रत्याशी डॉ परमेश्वर भगत मिट्टी में शामिल हुए एवं मृतक के परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया मौके पर आकाज मंजर, आफताब आलम, कयुम खान, अनिल खान, इरफान खान,फिरोज खान सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## एजुकेशन/करियर

नर्सरी टीचर ट्रेनिंग कोर्स एक वर्ष का डिप्लोमा कोर्स है, जिसमें सरकारी और प्राइवेट स्कूलों व इंस्टिट्यूट में नर्सरी के बच्चों को पढ़ाने के लिए यह कोर्स किया जाता है। इस कोर्स को 12वीं क्लास के बाद आसानी से किया जा सकता है। इस कोर्स में स्टूडेंट्स को चाइल्ड केयर एंड हेल्थ, बेसिक ऑफ द प्री-प्राइमरी एजुकेशन और टीचिंग मेथाडोलॉजी जैसे विषय पढ़ाये जाते हैं। इसके साथ ही उन्हें प्रैक्टिकल ट्रेनिंग भी दी जाती हैं, जिसके माध्यम से वह प्राइमरी क्लास के बच्चों को पढ़ाने में सक्षम होते हैं।

# नर्सरी टीचर ट्रेनिंग कोर्स कर बना सकते हैं करियर

### नौकरी के क्षेत्र

- सरकारी स्कूल
- प्राइवेट स्कूल
- प्लेस्कूल
- एनजीओ
- होम ट्यूटर

### भारतीय संस्थान

- अखिल भारतीय सार्वजनिक और शारीरिक स्वास्थ्य संगठन (दिल्ली)
- इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी
- कस्तूरबा गांधी नर्सरी शिक्षक प्रशिक्षण कॉलेज
- भारतीय शिक्षा परिषद, लखनऊ
- दिल्ली इंस्टिट्यूट ऑफ अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड एजुकेशन (DIECCE)
- लाल बहादुर शास्त्री प्रशिक्षण संस्थान, गाजियाबाद
- भारतीय शिक्षा परिषद, लखनऊ
- नर्सरी शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, केरल
- कस्तूरबा गांधी नर्सरी शिक्षक प्रशिक्षण कॉलेज नमक्कल, तमिलनाडु
- उत्तर पूर्व सीमांत तकनीकी विश्वविद्यालय, अरूणाचल प्रदेश
- सिंघानिया यूनिवर्सिटी
- आगरा कॉलेज
- गार्गी कॉलेज, दिल्ली यूनिवर्सिटी
- मानव भारती नर्सरी टीचर्स ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट, नई दिल्ली
- एमिटी यूनिवर्सिटी, नोएडा
- झारखंड स्टेट ऑपेन यूनिवर्सिटी



### योग्यता

इस कोर्स को करने के लिए इंस्टीट्यूट द्वारा एक छोटी सी योग्यता निर्धारित की गई है। यदि आप एनटीटी कोर्स करना चाहते हैं तो कोर्स में एडमिशन लेने के लिए योग्यता आपको पता होना चाहिए। यहां पर हमने एनटीटी कोर्स करने के लिए योग्यता क्या है इसके बारे में विस्तार से बताया है यदि आप इस कोर्स को करना चाहते हैं तो योग्यता के बारे में जरूर जाने।

- -एनटीटी कोर्स में एडमिशन लेने के लिए किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं में काम से कम आपके **55%** से अधिक अंक होने चाहिए।
- -भारत के कुछ बड़े-बड़े कॉलेज में एनटीटी कोर्स में एडमिशन के लिए प्रवेश परीक्षा लिया जाता है। यदि आप उन कॉलेज में एडमिशन लेना चाहते हैं तो प्रवेश परीक्षा को पास करना होगा।
- -केवल भारत का स्थाई नागरिक ही एनटीटी कोर्स करने के लिए एडमिशन ले सकता है।
- -सरकारी स्कूल में प्राइमरी कक्षा के लिए एग्जाम लिए जाते हैं यदि आप सरकारी अध्यापक बनना चाहते हैं। तो केंद्रीय व राज्य स्तर की परीक्षा को पास करना होगा।

### ये पढ़ाया जाता है

- चाइल्ड केयर एंड हेल्थ
- बेसिक ऑफ द प्री-प्राइमरी एजुकेशन
- चाइल्ड साइकोलॉजी
- टीचिंग मेथाडोलॉजी
- हिस्ट्री एंड फिलॉसोफी ऑफ प्री-प्राइमरी एजुकेशन
- नुट्रिशन
- प्रैक्टिकल: वाइवा वॉइस
- प्रैक्टिकल: आर्ट्स एंड क्राफ्ट्स

## एक नजर

### राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी को लेकर बैंक अधिकारियों संग बैठक संपन्न

**कोडरमा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में 28 सितंबर को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी को लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के प्रकोष्ठ में जिले के विभिन्न बैंकों के अधिकारियों संग शनिवार को बैठक हुई। प्रधान जिला जज ने अधिकारियों से राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों के निष्पादन की दिशा में जरूरी पहल करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जहां एक ओर मामलों के निष्पादन से विभाग को राजस्व की वसूली करने में सहायता होती है,तो दूसरी ओर कोर्ट से मुकदमों का बोझ कम होता है। उन्होंने बैंकों के अधिकारियों से अपने स्तर से भी पक्षकारों को सूचित करने,उनको अपने मामलों का निष्पादन राष्ट्रीय लोक अदालत के जरिए कराने के प्रति जागरुक करने की भी अपील की।

### गायत्री शक्ति पीठ में आओ गढ़े संस्कार कार्यक्रम आयोजित

**झुमरी तिलैया।** गायत्री शक्ति पीठ में शनिवार को आओ गढ़े संस्कारवाण पीढ़ी संगोष्ठी आयोजित की गई। इस अवसर पर नकुल देव शास्त्री ने गुरु वंदन, मातृ वंदन कार्यक्रम प्रस्तुत किया। विषय प्रवेश कराते हुए उन्होंने कहा कि हमारे भारतीय संस्कृति में मनुष्य को सही मायने में मनुष्य बनाना और उत्तरोत्तर महामानव बनाने की प्रक्रिया संस्कार परम्परा के रूप में रही है। वहीं पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने कहा कि परिवार और समाज के वातावरण का प्रभाव गर्भावस्था शिशु पर बहुत गहरा पड़ता है। उन्होंने कहा कि आचार्य, विचार और व्यवहार से हीं हम बच्चों को संस्कार दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि नए युग में बच्चों को संस्कार देना आवश्यक है। इसके लिए गायत्री परिवार का यह कार्यक्रम मील का पत्थर साबित होगा।

### बच्चों का पसंदीदा नहीं रहा झुमरी तिलैया का चिल्ड्रन पार्क

**कोडरमा।** झुमरी तिलैया ब्लॉक परिसर स्थित शहर का इकलौता बच्चों का चिल्ड्रन पार्क अब बच्चों के पसंदीदा नहीं रहा। चिल्ड्रन पार्क में इन दिनों कई युवा पीढ़ी के लड़के-लड़कियों के साथ नाबालिग लड़के-लड़कियों का अश्लील हरकत के लिए सेफ जोन साबित हो रहा है। यहां पहुंचने वाले बड़े बुजुर्गों की नजर तो झुक ही रही है। साथ ही बच्चों पर दुष्प्रभाव पड़ रहा है। यहां लोग शांत वातावरण में कई बड़े बुजुर्ग बेहतर हवा का लुत्फ उठाने आते हैं। लेकिन गार्डन में इन दिनों कई अश्लील हरकते करते युवा वर्ग के लोग आसानी से दिख जाते हैं। इसकी रोकथाम के लिए भी कोई उपाय नहीं किया जा रहा है। नगर परिषद झुमरी तिलैया अंतर्गत इस गार्डन के संचालन के लिए टेंडर निकालकर संवेदक को दे दिया गया है।

---

परिवर्तन यात्रा को लेकर रोड शो का हुआ आयोजन

# कुरडेग में छग. के मुख्यमंत्री के साथ कार्यकर्ता सत्ता परिवर्तन की भरेंगे हुंकार : केदार कश्यप



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
भारतीय जनता पार्टी की आगामी 25 सितंबर से होने वाले परिवर्तन रथयात्रा को लेकर रविवार को छत्तीसगढ़ के राज्य मंत्री केदार कश्यप ने ठेठईटांगर बोलबा केरसई कुरडेग प्रखंडों का दौरा कर रोड शो एवं सभा स्थल का निरीक्षण किया साथ ही कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश दिया।कुरडेग में बैठक की शुरूआत श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं दिनदयाल उपाध्याय के तस्वीर पर छत्तीसगढ़ के मंत्री केदार कश्यप एवं पूर्व सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया। सर्वप्रथम सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने छत्तीसगढ़ के मंत्री केदार कश्यप का स्वागत पुष्प गुच्छ एवं अंगवस्त्र ओढ़ाकर किया। मंडल अध्यक्ष सकल राम ने स्वागत उद्बोधन के साथ चर्चा प्रारंभ किया एवं परिवर्तन यात्रा की तैयारियों पर प्रकाश डाला। वहीं मुख्य अतिथि मंत्री केदार कश्यप में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि परिवर्तन यात्रा के दौरान कुरडेग में होने वाले जनसभा में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सभा को संबोधित करेंगे इसी सभा से हम सब सत्ता परिवर्तन का हुंकार भरेंगे। झारखंड की जनता अब वर्तमान भ्रष्ट सरकार से तंग आ चुकी है आने वाले विधानसभा चुनाव में जनता झारखंड में भाजपा सरकार चाहती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा आप सब परिवर्तन यात्रा को सफल बनाने की तैयारी में जुट जाएं। बैठक को संबोधित करते हुए सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने कहा कुरडेग में पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री का यह कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा आप सभी के हृदय में सत्ता परिवर्तन का जुनून देखने को मिल रहा है निश्चित ही 25 सितंबर को होने वाली जनसभा आप सभी के प्रयास से सफल होगा । मंडल प्रभारी प्रणव कुमार ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कुरडेग में परिवर्तन यात्रा जनसभा में मुख्य अतिथि के तौर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं हटिया विधायक नवीन जायसवाल मौजूद रह कर कार्यकर्ताओं को सत्ता परिवर्तन का संकल्प दिलाएंगे।

# जनता की सेवा करना ही राजनीति जीवन का पहला उद्देश्य : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
कोचेडेगा पेरिस अंतर्गत बेंदोजोर मंडली में विधायक मद से बनने वाले पीसीसी. पथ निर्माण कार्य का विधायक भूषण बाड़ा ने शिलान्यास किया। मौके पर विधायक ने शिलापट्ट का अनावरण किया। कार्यक्रम में पादरी गोविंदा महतो ने विधिवत पूजा सम्पन्न कराई। अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि जनता की सेवा राजनीतिक जीवन का पहला उद्देश्य है। इसी उद्देश्य को पूरा करने के लिए राजनीतिक जीवन में कदम रखा है। आज ईश्वर की कृपा से समूची मानव जाति के कल्याण का कार्य लगातार किया जा रहा है। सभी लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जा रहा। विधायक मद का उपयोग अंतिम गांव में बसे गांवों के विकास में किया जा रहा है। विधायक ने कहा आज विधायक मद का उपयोग अनगिनत गांवों में ग्रामीणों की जरूरतों के अनुसार किया जा रहा है। विधायक ने कहा कि उनका उद्देश्य सिमडेगा जिले का चहुमुखी विकास करना है। क्षेत्र में ब्याप्त सभी समस्याओं को लगातार दूर करने का प्रयास जारी है। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा में कभी कोई कसर नहीं छोड़ा जाएगा।

## न्यूज बॉक्स

### प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए विद्यार्थियों की ली गयी परीक्षा



**सिमडेगा।** सहभागी कंप्यूटर एजुकेशन द्वारा ज्ञानदीप स्कॉलरशिप योजना का सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा में परीक्षा लिया गया। इस योजना से जिले के आर्थिक रूप से कमजोर सभी वर्गों के विद्यार्थी जो सरकारी नौकरी की तैयारी करना चाहते हैं उन्हें स्कॉलरशिप योजना से जोड़ा गया। इसमें बैंक, एसएससी, रेलवे, जेएसएससी, जीडी, आर्मी, झारखंड पुलिस समेत अन्य परीक्षाओं की तैयारी कराई जाएगी। विद्यार्थी को परीक्षा में लाए अंक के अनुसार उन्हें स्कॉलरशिप योजना का लाभ दिया जाएगा। सहभागी कंप्यूटर एजुकेशन द्वारा इस ज्ञानदीप स्कॉलरशिप योजना से जिले के विद्यार्थियों के लिए काफी लाभदायक साबित होगा संस्था के द्वारा इस अथक प्रयास से जिले के आर्थिक रूप से कमजोर सभी वर्गों के विद्यार्थी इस योजना का लाभ लेंगे और अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ेंगे। सहभागी कंप्यूटर एजुकेशन हर संभव प्रयास करती है कि विद्यार्थियों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले सहभागी कंप्यूटर इस तरह की अनेको पहल की शुरूआत करती रहती है और विद्यार्थियों को सही शिक्षा प्रदान कराती है।

### बेड़ाहोंजेर स्कूल मैदान में हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन



बानो। प्रखण्ड के बेड़ाहोंजेर स्कूल मैदान में हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला परिषद बिरजो कंडुलना ने खेलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। मौके पर जिला परिषद बिरजो कंडुलना ने का खेल के माध्यम से अपना जीवन सवार सकते हैं।आज सिमडेगा जिला हॉकी खेल के रूप में जाना जाता है।आप भी अपनी अभ्यास जारी रखें। आज ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के प्रतियोगिता आयोजन करने से लोगो के बीच खेल के प्रति उत्साह बढ़ेगी । आज के उद्घाटन मैच ब्लैक टाइगर महाबुवांग व बी के टी टीम के बीच खेला गया जिसमें बी के टी टीम 2-1 गोल कर बिजयी रहा। मौके पर खेल समिति के अध्यक्ष हरदुगन बारला, सचिव नयमन गुड़िया, सदस्य विलकन बगरैला, कोमल जोजो,हरदुगन तोपनो आदि लोग उपस्थित थे।

### सत्यव्रत ठाकुर को लोक सेवा समिति ने झारखंड रत्न से किया सम्मानित



**सिमडेगा।** झारखंड की सामाजिक संस्था 'लोक सेवा समिति' की 33 वीं वर्षगांठ एवं 25 वां झारखण्ड रत्न राज्य का सर्वोच्च नागरिक सम्मान एवं विशिष्ट सेवा सम्मान से चयनित होने वाले विभूतियों को विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर राज्य और देश का नाम रौशन करने वालों को रांची करमटोली स्थित प्रेस क्लब सभा सभागार में लोक सेवा समिति के सदस्य सह संरक्षक रहे आर्च विशप कार्डिनल टी टोप्पो को समर्पित कार्यक्रम के दौरा 'झारखंड रत्न' और 'विशिष्ट सेवा सम्मान' से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सिमडेगा जिले के सांस्कृतिक कर्मी चक्रीय विकास संस्थान के संयोजक सह छोटानागपुरी लोक संगीत नृत्य प्रशिक्षण केंद्र के निदेशक सत्यव्रत ठाकुर को कला- संस्कृति, एवं अखरा संवर्धन के क्षेत्र में जिला, राज्य और देश में बेहतर कार्य करने के लिए झारखण्ड रत्न से सम्मनित किया गया.सत्यव्रत ठाकुर ने कहा कि लोक सेवा समिति द्वारा मिले सम्मान से उन्हें नई ऊर्जा मिलेगी। और वे बेहतर कार्य कर पाएंगे. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो अजीत कुमार सिन्हा, विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्य सभा सांसद महुआ माजी,डीआईजी मो. नौशाद आलम,पूर्व कुलपति डॉ सुरेश प्रसाद सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, लोक सेवा समिति के संस्थापक अध्यक्ष मो. नौशाद खान, डॉ हरविंद्र सिंह, की उपस्थिति में शॉल, बुके, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मनित किया गया.सत्यव्रत के सम्मनित होने पर पूर्व डीसी जटाशंकर चौधरी, झारखंडी भाषा संस्कृति रक्षा मंच के संरक्षक सोहन बड़ाईक, साधु मलुआ, श्यामसुंदर मिश्रा, अध्यक्ष संजय मिश्रा ने सत्यव्रत ठाकुर को बधाई दी है।

---

### आने वाली पीढ़ी के लिए हमें अपनी संस्कृति को बचाना होगा : जोसिमा खाखा

**सिमडेगा।** जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि आदिवास नाच प्रतियोगिता का आयोजन सराहनिय पहल है। इस पहल से हमारी भाषा संस्कृति हमारे बच्चे भी जानते हैं पहचानते हैं। उन्होंने कहा कि जब से विधायक भूषण बाड़ा सत्ता में आये हैं, तब से ही आदिवासी समाज की भाषा और संस्कृति को बचाने की दिशा में वे लगातार प्रयासरत हैं। आज हमारा भी कर्तब्य है कि हम भी अपनी भाषा संस्कृति को जीवित रखें। इसे दूर प्रदेशों तक ले जाएं। हमारी आने वाली पीढ़ी के लिए इसे सुरक्षित रखें। कार्यक्रम को पल्ली पुरोहित फादर जेम्स लकड़ा, फादर पीटर जोजो, फादर बोनीफास डुंगडुंग, फादर रंजित डुंगडुंग, फादर अनिल केरकेट्टा, फादर अनसेलेंम लुगुन,प्रखंड अध्यक्ष जेफरेन केरकेट्टा,प्रखंड अध्यक्ष अजीत लकड़ा आदि ने भी संबोधित किया। मौके पर जिप सदस्य जोसिमा खाखा, विधायक प्रतिनिधि सह प्रभारी माइकल खड़िया, विधायक प्रतिनिधि सह मुखिया मूंश खेस, ज्योति लुगुन, सोभेन तिग्गा, अलमा किंडो, बिमला लकड़ा, मुक्ता किरो आदि शामिल हैं।

केरसई प्रखंड के टैसेर पल्ली में आदिवासी नाच प्रतियोगिता का आयोजन

# हमारी संस्कृति को बचाने में आदिवासी नाच प्रतियोगिता का योगदान अहम : विधायक



### आदिवासी संस्कृति को बचाने के लिए विधायक का साथ दें ग्रामीण : डेविड तिर्की

कांग्रेस जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की ने कहा कि हमें अपनी पहचान को हर हाल बचाना है। सभी ग्रामीण संगठित रहें। अपने हक और अधिकार के लिए जागरूक रहें। आदिवासी समाज की संस्कृति को बचाने के लिए विधायक भूषण बाड़ा लगातार प्रयास कर रहे हैं। हमे भी एकजुट होकर विधायक का साथ देना है।

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
केरसई प्रखंड के टैसेर पल्ली में आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में आदिवासी नाच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 53 यूनिट की नृत्य मंडलियां शामिल हुई। सभी मंडलियों ने एक से बढ़कर एक आदिवासी नाच प्रस्तुत कर आदिवासी संस्कृति को जीवित रखने में अहम रोल निभाया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक भूषण बाड़ा उपस्थित हुए थे। विधायक ने बेहतर नाच प्रस्तुत करने वाले नृत्य मंडली को पुरस्कृत किया। उन्होंने कहा कि आदिवासी नाच प्रतियोगिता के आयोजन से ही हमारी भाषा संस्कृति बचेगी। अयोजन समिति का यह पहल सराहनीय है। उन्होंने कहा कि हमारी भाषा संस्कृति को बचाने के लिए हमें ही संगठित होकर पहल करने की जरूरत है। हमें ही मिलकर इसे बचाकर रखना है। विलुप्त हो रही भाषा संस्कृति आने वाले समय के लिए बहुत घातक हो सकता है। इसलिए इसकी गम्भीरता को समझें। विधायक ने कहा कि आज आदिवासी समाज भी काफी जागरूक हो गया है। ऐसे में हम सभी को यह जानना बहुत जरूरी है कि हमारी संस्कृति हमारे लिए कितना अहम है। हमारी संस्कृति के बिना हम और हमारा समाज अधूरा है। भाषा और संस्कृति से ही हमारी पहचान है। आधुनिकता के इस चकाचौंध में हम अपनी संस्कृति को भूलते जा रहे हैं जो दुःखद है। आने वाली पीढ़ी को हमारी संस्कृति से रु ब रु करवाना हम सभी के हाथों में है। खासकर युवा वर्ग को इसके लिए आगे आकर पहल करने की जरूरत है।

# भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता सोनू एक्का ने ग्रामीणों का हाल जाना



**नवीन मेल संवाददाता। कुरडेग**
भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता सोनू एक्का ने कुटमा कच्छार आदी विभिन्न क्षेत्रों में डोर-टू-डोर ग्रामीणों के घर-घर जाकर लोगों से रु-ब-रु हुये और कुटमा कच्छार के क्षेत्रों की सभी जन-समस्याओं से अवगत हुये।इस अवसर पर कुटमा कच्छार गांव-क्षेत्रों के ग्रामीणों ने बताया।की सिमडेगा जिला अंतर्गत कुरडेग प्रखंड स्थित कुटमा कच्छार क्षेत्रों के लोग वर्षों से अनेक जन-समस्याओं से जूझते आ रहे हैं।जिस पर आज तक किसी की कोई नजर नहीं है।कुटमा कच्छार गांव-क्षेत्रों के ग्रामीणों ने सोनू एक्का को बताया।की कुटमा कच्छार क्षेत्रों में बिजली, सिंचाई की व्यवस्था, सामुदायिक भवन और सड़क एवं रोजगार के अभाव में लोगों का पलायन सहित अनेक समस्याओं के कारण लोग वर्षों से जूझते आ रहे हैं।सिमडेगा जिला अंतर्गत कुरडेग प्रखंड स्थित कुटमा कच्छार क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को पहले सिंचाई व्यवस्था के साथ सड़क और बिजली, सामुदायिक भवन मुहैया करा दिया जाय।तो काफी हद तक यहां के लोगों की परेशानियां दूर हो जायेगी। कुटमा कच्छार के ग्रामीणों की सारी समस्याओं से अवगत होने के बाद भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता सोनू एक्का ने कहा कि आप सभी की मांगे उचित है।

ठेठईटांगर प्रखंड ग्राम सभा मंच की बैठक संपन्न

# ग्राम सभा को सशक्त व कमेटी विस्तार करने का दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर**
रविवार को ठेठईटांगर प्रखंड में ग्राम सभा मंच ठेठईटांगर प्रखंड की विशेष बैठक रखी गई जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सिप्रियन समद के द्वारा किया गया। बैठक में अध्यक्ष सिप्रियन सुरीन के द्वारा ग्राम सभा का अधिकार, पंचायत एवं ग्राम सभा के बीच में दूरी को लेकर चर्चा हुई साथ ही वन उपज, आदि में ग्राम सभा को महत्व नहीं देने पर भी चर्चा की गई साथ ही मानव तस्करी ,शिक्षा, व्यापार ,एवं सामाजिक बातों पर भी चर्चा किया गया, इन सब में कई प्रकार के कमियों को बताते हुए उस पर सुधार लाने की बातें कही गई। साथ ही साथ सभी राजस्व ग्राम में ग्राम सभा को सशक्त एवं मजबूत बनाते हुए कमेटी विस्तार पर विशेष ध्यान दिया गया, कई राजस्व ग्रामों में तिथि निर्धारित किया गया ताकी वहां जाकर के जिला कमेटी या प्रखंड कमेटी के सदस्यों के उपस्थिती में ग्राम सभा समिति का गठन किया जाएगा एवं सभी ग्राम सभा समिति बन जाने के बाद एक वृहत रूप से कार्यशाला आयोजन करने को लेकर के चचाएं की गई। मौके पर ग्राम सभा मंच के जिला अध्यक्ष समर्पण सुरीन, प्रमुख सह जिला ग्राम सभा मंच के सदस्य बिपिन पंकज मिंज, प्रखंड ग्राम सभा मंच के अध्यक्ष सह बंबलकेरा ग्राम प्रधान सिप्रियन समद, ग्राम प्रधान अजर कुल्लू ,ग्राम प्रधान दशरथ सिंह, ग्राम प्रधान प्रभा बरला, ग्राम सभा सचिव बीरबल बड़ाईक, ग्राम प्रधान लोरेंतुस सोरेंग, ग्राम प्रधान जगन्नाथ कालो,मुंजनी देवी, अनिमा जोजोवार, प्रिसिला डुंगडुंग, रजनी बागे,जोर्जिना समद, आदि मौजूद थे।

---

'सीटी बजाओ उपस्थिति बढ़ाओ' अभियान को लेकर 99 वें स्कॉच सम्मेलन

# स्कॉच अवॉर्ड से उपायुक्त को किया गया सम्मानित




**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह को सीटी बजाओ उपस्थिति बढ़ाओ अभियान के लिए लोधी रोड, नई दिल्ली में 21 सितंबर 2024 को आयोजित भारत के ईमानदार स्वतंत्र सम्मान स्कोच सम्मेलन में 99 वें स्कॉच अवॉर्ड दिया गया।स्कोच अवार्ड के साथ स्कोच ग्रुप के प्रबंध निदेशक नेउपायुक्त एवं पूरी टीम को बधाई दी।यह सिमडेगा के लिए गौरव की बात है। इस जिले को एक राष्ट्रीय स्तर के स्वतंत्र सम्मान स्कोच अवार्ड के लिए चयन किया गया । यह महत्वपूर्ण अवार्ड 21 सितंबर को उपायुक्त सिमडेगा को मिला । बता दें कि सिमडेगा शिक्षा विभाग द्वारा ₹सीटी बजाओ उपस्थिति बढ़ाओ₹ जैसे नवाचारी व अनुपम प्रयोग ने ही सिमडेगा को इस अवार्ड तक पहुंचाया। विगत जनवरी 2024 को एक छोटे से गांव सिकरिया टांड़ में स्कूली बच्चों के उपस्थिति बढ़ाने के लिए बजाई गई सीटी की गूंज बहुत उपर तक ले गई सिमडेगा को दरअसल गांव के बच्चों को नियमित स्कूल से जोड़ने के लिए सिमडेगा के एक छोटे स्कूल से शुरू हुआ सीटी बजाओ अभियान पूरे जिले में सफलता हासिल करते हुए राज्य के लिए एक मॉडल अभियान बन गया। लेकिन इस सिटी की गूंज यहीं नहीं रुकी सिमडेगा की सीटी बजाओ अभियान को राष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान मिली । राष्ट्रीय स्तर पर इस अभियान को स्कोच ग्रुप के विभिन्न चरणों से गुजरते हुए अवार्ड प्राप्ति तक पहुंचा।, निश्चित रूप से इस अभियान के पीछे की गई सकारात्मक मेहनत और लगन का सुखद परिणाम प्रशस्ति एवं पुरस्कार है।

# झारखंड कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हमारा लक्ष्य : कंडुलना



**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा**
प्रखंड अंतर्गत टुटिकेल पंचायत के झपला ग्राम में झामुमो जिला अध्यक्ष अनिल कांडुलना को सरकार द्वारा जनहित में चलाए जा रहे योजनाओं की जानकारी देने एवम आगामी विधान सभा चुनाव के संबंध में जानकारी देने के लिए, ग्रामीणों द्वारा विशेष रूप से बुलाया गया था। अनिल कांडूलन ने ग्रामीणों की समस्या को सुनकर उनके समाधान के लिए आवश्यक कारवाई करने की बात कही, साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओ के बारे में विस्तार से बताए तथा योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को दिलाने में हरसंभव प्रयास करने का वचन दिया। और उन्होंने कहा झारखण्ड की लोकप्रिय सरकार द्वारा चलाये जा रहे कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की बात कही ' श्री कांडुलना ने कहा कि आगामी विधान सभा चुनाव में महागठबंधन को जीताने के लिए आग्रह किया जिसे ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से स्वीकार भी किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से झामुमो जिला अध्यक्ष अनिल कांडूलन, जिला कोषाध्यक्ष नोवास केरकेट्टा, जिला संगठन सचिव कल्याण मिंज, जिला युवा मोर्चा सचिव राजेश टोप्पो, प्रखंड अध्यक्ष प्रकाश बागे और वरिष्ठ कार्यकर्त्ता पियुस लुगुन उपस्थिति थे।

कांग्रेस पार्टी ने बूथ कमिटी और कार्यकर्ता की एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की

# कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होते हैं : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर**
प्रखंड के घुमरी में आठ पंचायत कोनमेंजरा, टुकुपानी, मेरोमडेगा, घुटबहार, राजाबासा, जोराम, केरेया, ठेठईटांगर के सभी बुथ के बुथ कमिटी और संबंधित बुथ से कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं की एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें कोलेबिरा बिधायक नमन बिकशल कोनगाड़ी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सर्वप्रथम सभी कार्यकर्ताओं के द्वारा विधायक और अतिथियों का स्वागत किया गया। मौके पर मौजूद कोलेबिरा विधनसभा के विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने उपस्थित बूथ कमिटी के सदस्य और उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सबसे पहले सभी बूथ कमिटी के पदाधिकारियों को लोकसभा चुनाव में घोषित परिणाम पर बढ़त हासिल करने के लिए सभी को बधाई दी और शुभकामना देते हुए कहा कि आप सभी ने पूरी एकजुटता के साथ बेहतर रणनीति बना कर तालमेल बनाया तथा भाजपा को पछाड़ने का काम किया। उन्होंन कहा कि कार्यकर्ता ही किसी भी पार्टी के रीढ़ होते हैं। आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाने का आह्वान करते हुए उनको चुनाव के बारे में कई गुर मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि सभी को एकजुट होकर भाजपा को भाजपा और सहयोगी दलों की बुरी तरह से हार हुई। भाजपा द्वारा फैलाया गया भय और भ्रम का जाल टूट चुका है। अब इस देश की जनता अपने हक और अधिकार तथा संविधान को बचाने के लिए इंडिया गठबंधन के साथ खड़ी हो गई है। इस देश मे अब सिर्फ मुद्दों की बात होगी। मुद्दों से भटकाने की राजनीति इस देश में अब नही चलेगी। आगे विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने कहा कि आज भाजपा और झापा जिनका गठबंधन 2005 से शुरू हुआ और अभी भी अदृश्य गठबंधन चल रहा है।दोनों मिलकर आदिवासी समाज और मूलवासी के विरुद्ध कई षड्यंत्र रच रहे हैं। आदिवासी और ईसाई के बीच वैमनस्यता फैलाने की कोशिश की जा रही है। हमारे ही लोगों को अपने भाईयों के विरुद्ध भड़काने का काम ये दोनों पार्टियां कर रही है।



# धनबाद रेल मंडल में बेटिकट 963 यात्रियों से 3.91 लाख की वसूली

## टिकट चेकिंग अभियान को धनबाद- कोडरमा खंड में मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में चलाया गया

**रामगढ़।** रेलवे के विभिन्न स्टेशनों पर मजिस्ट्रेट के द्वारा टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। धनबाद मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर चेकिंग के दौरान 963 यात्रियों को बिना टिकट यात्रा करते हुए पकड़ा गया। उन सभी यात्रियों को कुल 3.91 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमरेश कुमार ने बताया कि शनिवार की रात तक चले टिकट चेकिंग अभियान को धनबाद- कोडरमा खंड में मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में चलाया गया। चन्द्रपुरा, डाल्टनगंज, चोपन, बरकाकाना, सिंगरौली स्टेशनों में भी गहन टिकट चेकिंग की गई। इस जांच अभियान में कुल 963 यात्रियों को पकड़ा गया। इनमें बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्री, बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्री, बिना बुक किये गए सामान के साथ यात्रा कर रहे यात्रीगण शामिल थे। इस दौरान उनसे 03 लाख 91 हजार 210 रुपये जुमार्ने के रूप में राशि प्राप्त की गई।

## जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में दस हजार में से छह हजार अभ्यर्थियों ने ही लिया भाग



**रामगढ़।** झारखंड सामान्य स्नातक योग्यता धारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के तहत परीक्षा के दूसरे दिन की समाप्ति पर रविवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने समाहरणालय सभाकक्ष में प्रेस वार्ता कर जानकारी दी कि दूसरे दिन जिले के 35 केन्द्रों में शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा पूरी कर ली गई है। दूसरे दिन 10452 अभ्यर्थियों में 6175 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में हिस्सा लिया । वहीं, 4277 अभ्यर्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहे। इस तरह दो दिनों तक चली परीक्षा में कुल 20904 अभ्यर्थियों में 11775 अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया वहीं 9129 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। मौके पर उपायुक्त ने जानकारी देते हुए कहा कि कदाचार मुक्त एवं पूरीपारदर्शिता के साथ परीक्षा पूर्ण करने को लेकर जिले के 35 केन्द्रों में 35 ऑब्जर्वर, 35 स्थिर दंडाधिकारी, 17 गश्ती दंडाधिकारी, 6 फ्लाइंग स्क्वाड कुल 58 पुलिस पदाधिकारी, 90 सशस्त्र बल एवं 70 लाठीबल के जवान लगाए थे।

## दुर्गा पूजा मनाने को लेकर दुर्गा मंदिर बरकट्ठा में ग्रामीणों की बैठक संपन्न

**रामखेलावन यादव बने पूजा समिति के अध्यक्ष**



**बरकट्ठा।** बरकट्ठा दुर्गा मंदिर परिसर में दुर्गा पूजा मनाने को लेकर ग्रामीणों की बैठक हुई. पर्व शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए पूजा समिति एवं शोभा समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्वसमिति से पूजा समिति के अध्यक्ष रामखेलावन यादव, सचिव रामेश्वर यादव ,कोषाध्यक्ष महादेव साव, उपाध्यक्ष जीबलाल नायक को चुना गया। वहीं शोभा समिति के अध्यक्ष सुरज मोदी, सचिव सुरेश राम, कोषाध्यक्ष दीपक राणा, उपाध्यक्ष दीपक सोनी को बनाया गया। मौके पर बैठक में पुर्व मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव पंसस प्रतिनिधि संजय गुप्ता पूर्व पंसस प्रतिनिधि अशोक गुप्ता, इंद्रजीत प्रसाद, दिलीप दास, काली मंडल मिथिलेश भारती, इंद्रदेव मोदी, बलदेव यादव, अजय मोदी, विश्वनाथ दास, परमेश्वर यादव, संजय साव, दुर्गा साव, उपेंद्र यादव, महेश मंडल, चंदन मोदी, धीरज गुप्ता, मनोज ठाकुर, विजय यादव, सुमन गुप्ता समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## राजकीय कन्या मध्य विद्यालय बरकट्ठा में विदाई सह सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया



**बरकट्ठा।** अंतरजिला स्थानांतरण के उपरांत राजकीय कन्या मध्य विद्यालय बरकट्ठा के सहायक शिक्षक अशोक विश्वकर्मा को सम्मान समारोह के बाद विद्यालय परिवार के द्वारा विदाई किया गया,जिसमें विश्वकर्मा इस विद्यालय में पांच साल सेवा दिए,जिनका सेवा विद्यालय के प्रति निष्ठावान रहा जो विद्यालय में सेवा के साथ प्रखंड से राज्य तक मास्टर ट्रैनर के रूप में कार्य भी किये जो काफी सराहनीय रहा! श्री विश्वकर्मा को बच्चों के प्रति काफी लगाव था,विद्यालय के हर गतिविधि में काफी रोचक रूप से भाग लेते थे,जिससे बच्चे काफी उत्साह से सीखते थे !मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक महेश प्रसाद चौधरी ने कहा कि श्री विश्वकर्मा विद्यालय के हर गतिविधि में काफी लगन पूर्वक कार्य करके विद्यालय को आगे बढ़ाने का कार्य किये जो काफी सराहनीय रहा,मुझे आशा है कि श्री विश्वकर्मा जंहा भी गए वंहा भी इसी प्रकार शिक्षा देने का कार्य करेंगे। मौके में महेश प्रसाद चौधरी,श्री कोलेश्वर महतो,कीर्तन चन्द्र बराट,सुन्दर तुरी,सहदेव नायक,सुखदेव प्रसाद,अनिल कुमार,मोनिका देवी रुक्मणि,देवी अंजु देवी,एवं विद्यालय प्रबधन समिति के सदस्य के अध्यक्ष उपाध्यक्ष संयोजिका,सुनीता देवी, रसोईया ललिता देवी,मीना देवी,देवन्ति देवी के साथ गणमान्य सदस्य एवं बच्चे उपस्थित थे।

**यात्रा में जनमुद्दों पर कोई बात नहीं कर रही भाजपा**

## भाजपा की परिवर्तन यात्रा को जनता ने किया टांय-टांय फिस्स : राजकुमार यादव



**तिसरी गिरिडीह।** पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा शुरू की गई परिवर्तन यात्रा जनता को गुमराह करने का एक प्रयास है. झारखंड अलग हुए 24 साल हो गए जिसमें सबसे ज्यादा भारतीय जनता पार्टी ही सत्ता में रही है बावजूद इसके आदिवासियों, दलितों और पिछड़ों के लिए कोई काम नहीं किया। भाजपा के परिवर्तन यात्रा में न तो शिक्षा पर न रोजगार पर और न ही स्वास्थ्य पर एक भी बात की जा रही है।इस परिवर्तन यात्रा को जनता ने टांय टांय फिस्स कर दिया है।उक्त बातें पूर्व विधायक ने रविवार को तिसरी प्रखंड मुख्यालय स्थित चौक पर आयोजित प्रेस वार्ता में कही।हेमंत सरकार द्वारा अबुआ आवास, मंईया सम्मान योजना, पेंशन योजना, 200 यूनिट मुफ्त बिजली समेत कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है जिसके कारण भाजपा बौखला गई है।इस दौरान उन्होंने स्थानीय विधायक बाबूलाल मरांडी और सांसद अन्नपूर्णा देवी को भी आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि तिसरी गांव में एक भी डिग्री कॉलेज नहीं है,कई आदिवासी बाहुल्य गांव है जिनमें आज तक बिजली और सड़क की सुविधा नहीं पहुंची है। दर्जनों ऐसे गांव है जहां खतियान नहीं रहने के कारण जाति और आवासीय प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहा है, न हीं क्षेत्र में रोजगार का कोई साधन मौजूद है लेकिन इन सब मुद्दों पर वर्तमान विधायक और सांसद चुप्पी साधे रहते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सिर्फ घुसपैठिए और हिंदू - मुस्लिम की राजनीति कर सत्ता में आना चाहती है लेकिन झारखंड की जनता उसे नकार रही है।

## प्रतिबंधित मांस को बेचने वाले को ग्रामीणों ने पकड़ा



**गिरिडीह।** बेंगाबाद थाना क्षेत्र के मानजोरी पंचायत के अंर्तगत दुनदो गांव में रविवार को अहले सुबह मोटरसाइकल से प्रतिबंधित मांस की तस्करी कर रहे एक व्यक्ति को ग्रामीणों के द्वारा पकड़ा गया तथा इस घटना के बारे में बेंगाबाद पुलिस को को सूचना दी गई,सूचना पाकर बेंगाबाद थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह सहित सदलबल मौके पर घटना स्थल पर पहुंचे और प्रतिबंधित मांस की तस्करी करने वाले व्यक्ति युनुस मियां 45 वर्षीय पिता स्वर्गीय समीद मियां पांडेडीह सीतलाटांड़ गांडेय थाना के निवासी को एक होंडा एस पी साइन मोटरसाइकिल रजिस्ट्रेशन संख्या खल 11 3282 के साथ प्रतिबंधित मांस को गिरफ्तार कर सभी को अपने कब्जे में लेकर थाना ले गई,बताया गया की आरोपी गिरिडीह से प्रतिबंधित मांस को खरीदकर अन्य जगहों पर तस्करी करते थे। इसी दौरान आरोपी को पकड़ा गया है।

**क्या कहते हैं थाना प्रभारी: जितेंद्र कुमार सिंह**

घटना के बारे में बेंगाबाद थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह ने कहा की एक व्यक्ति को थाना क्षेत्र के अन्तर्गत दुंदो गांव से संदिग्ध प्रतिबंधित मांस के साथ मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया गया है और इस घटना से संबंधित मुकदमा बेंगाबाद थाना कांड संख्या 127/2024 दर्ज कर लिया गया है।गिरफ्तार के बाद आरोपी ने इस तस्करी में शामिल एक व्यक्ति का नाम संलिप्त बताया है उस व्यक्ति का नाम बाबू कुरैशी बताया गया है पुलिस अनुसंधान में जुटी है और संदिग्ध मांस को लैब भेजा गया है लैब से रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।फिलहाल आरोपी को जेल भेजा जा रहा है।आगे की कार्रवाई लैब से जांच रिपोर्ट आने के बाद की जाएगी।


## उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग
## (जिला भू-अर्जन शाखा)

प्रपत्र VII
समाहर्त्ता या समुचित सरकार
अधिघोषणा
(अधिनियम–30/2013 की धारा–19(1) के अधीन)

अधिघोषणा सं0:– 1641/भू0अ0, हजारीबाग। दिनांक:– 11.09.2024

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा अडानी इन्टरप्राईजेज लि0, गोन्दुलपारा कोयला खान परियोजना हेतु ग्राम गाली, थाना बडकागॉव, थाना संख्या 144, अंचल बडकागॉव, जिला हजारीबाग में कुल 175.45 एकड़ यानि 71.00 हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश 175.45 एकड़ यानि 71.00 हेक्टेयर है और जो ग्राम गाली, थाना बड़कागॉव, थाना संख्या 144, अंचल बड़कागॉव, जिला हजारीबाग में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है–

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे प्लॉट सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखण्ड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 328 | 9 | 267 | नीज | टांड–III | 0.29 | पारसनाथ गंझु, बालदेव गंझु, बोधन गंझु पिता स्व0 नेमा गंझु वो बंधु गंझु पिता स्व0 मेघन गंझु जाति भोगता सा0 देह। | प्लॉट–265 | प्लॉट–268 | प्लॉट–266 | प्लॉट–279 |
| 329 | 29 | 269 | नीज | टांड–II | 0.38 | कोल्हा गंझु वो भोला गंझु पिता गुलु गंझु सा0 गाली। | प्लॉट–270 | प्लॉट–270 | प्लॉट–254 | प्लॉट–270 |
| 330 | 23 | 273 | नीज | टांड–III | 0.52 | सेख रजाक वल्द सेख जमउद्धीन जाति सेख सा0 गोन्दलपुरा। | प्लॉट–274 | प्लॉट–270 | प्लॉट–270 | प्लॉट–279 |
| 331 | 14 | 275 | नीज | टांड–III | 0.29 | कोल्हा गंझु, भोला गंझु पिता स्व0 गुलू गंझु वो नान्दो गंझु पिता स्व0 नगवा गंझु जाति भोगता साकिन देह। | प्लॉट–277 | प्लॉट–274 | प्लॉट–270 | प्लॉट–276 |
| 332 | 24 | 276 | नीज | टांड–II | 0.09 | जनेधर गंझु, फलेन्द्र गंझु, खिरोधर गंझु, सुरेन्द्र गंझु पिता स्व0 मोगल गंझु वो अघन गंझु, तिलु गंझु, सुखदेव गंझु पिता स्व0 जग्रनाथ गंझु वो विरवा गंझु पिता स्व0 चमन गंझु वो रमन गंझु पिता स्व0 लटु गंझु जति भोगता सा0 देह। | प्लॉट–277 | प्लॉट–279 | प्लॉट–275 | प्लॉट–279 |
| 333 | 29 | 277 | नीज | टांड–II | 0.61 | अनुप गोस्वामी वो अशोक गोस्वामी पिता स्व0 बैजनाथ गोस्वामी वो मो0 रेखा देवी पति स्व0 बैजनाथ गोस्वामी अर्जुन गोस्वामी वो गिरिजा गोस्वामी पिता स्व0 गोबिन्द गोसाई वो सहदेव गोसाई पिता स्व0 लटन गोस्वामी साकिन गाली। | प्लॉट–278 | प्लॉट–275 | प्लॉट–270 | प्लॉट–279 |
| 334 | 32 | 278 | नीज | परती कदीम | 0.18 | फागुन गंझु पिता स्व0 चैता गंझु सा0 देह। | प्लॉट–268 | प्लॉट–277 | प्लॉट–270 | प्लॉट–279 |
| 335 | 8 | 280 | नीज | टांड–II | 0.37 | मनोज कुमार, भौसले, दीलीप कुमार भौसले पिता स्व0 देवकी नन्दन राउत वो उदय शंकर राउत, प्रेम राउत, दया राउत, टिंकु राउत, रविशंकर राउत पिता स्व0 मथुरा राउत वो हिना कुमारी, जेडी कुमारी, सुमित राउत पिता स्व0 तारा राउत वो अरूण राउत, अजय राउत,, आनंद कुमार, अभय कुमार, पप्पु कुमार माता स्व0 सुमित्रा देवी(पति पुरन चन्द्र) वो शुशीला देवी पति स्व0 मानकी राम (पति रघुनन्दन प्रसाद जाति कुरमी सा0 देह ब हिस्सा बराबर। | प्लॉट–288 | प्लॉट–281 | प्लॉट–279 | प्लॉट–286 |
| 336 | 6 | 281 | नीज | टांड–II | 0.1 | जयनन्दन गंझु पिता स्व0 धनी गंझु वो मनी गंझु पिता गोपी गंझु वो दिपक गंझु, महेन्द्र गंझु, गिरधारी गंझु, सुधीर गंझु पिता स्व0 कुलेश्वर गंझु वो धनेश्वर गंझु पिता महावीर गंझु वो मघवा गंझु पिता स्व0 चरण गंझु वो मो0 अकली पति स्व0 ननकू गंझु जाति भोगता सा0 देह। | प्लॉट–280 | प्लॉट–440 | प्लॉट–280 | प्लॉट–283 |
| 337 | 29 | 282 | नीज | टांड–II | 0.34 | झुबर गंझु, कैलाश गंझु पिता स्व0 माघा गंझु वो बाना गंझु माता स्व0 झारी देवी वो सिदर गंझु पिता स्व0 शुकर गंझु सा0 देह। | प्लॉट–286 | प्लॉट–296 | प्लॉट–440 | प्लॉट–392 |
| 338 | 9 | 283 | नीज | टांड–II | 0.19 | पारसनाथ गंझु, बालदेव गंझु, बोधन गंझु पिता स्व0 नेमा गंझु वो बंधु गंझु पिता स्व0 मेघन गंझु जाति भोगता सा0 देह। | प्लॉट–284 | प्लॉट–282 | प्लॉट–281 | प्लॉट–291 |
| 339 | 26 | 284 | नीज | टांड–II | 0.12 | छेदी गंझु, धनेश्वर गंझु, कपील गंझु पिता स्व0 विफा गंझु सा0 देह। | प्लॉट–285 | प्लॉट–283 | प्लॉट–280 | प्लॉट–290 |
| 340 | 30 | 285 | नीज | टांड–I | 0.12 | अनुप गंझु वो मितन गंझु पिता जटहु गंझु जाति भोगता सा0 देह ब हिस्सा बराबर | प्लॉट–289 | प्लॉट–284 | प्लॉट–286 | प्लॉट–290 |
| 341 | 30 | 286 | नीज | मकान | 0.07 | अनुप गंझु वो मितन गंझु पिता जटहु गंझु जाति भोगता सा0 देह ब हिस्सा बराबर | प्लॉट–287 | प्लॉट–284 | प्लॉट–280 | प्लॉट–285 |
| 342 | 32 | 287 | नीज | मकान | 0.02 | फागुन गंझु पिता स्व0 चैता गंझु सा0 देह। | प्लॉट–288 | प्लॉट–286 | प्लॉट–280 | प्लॉट–289 |
| 343 | 14 | 289 | नीज | टांड–I | 0.22 | कोल्हा गंझु, भोला गंझु पिता स्व0 गुलू गंझु वो नान्दो गंझु पिता स्व0 नगवा गंझु जाति भोगता साकिन देह। | प्लॉट–288 | प्लॉट–285 | प्लॉट–287 | प्लॉट–290 |
| 344 | 31 | 290 | नीज | टांड–I | 0.37 | खेदु गंझु पिता महाबल गंझु जाति भोगता सा0 देह। | प्लॉट–288 | प्लॉट–226 | प्लॉट–285 | प्लॉट–226 |
| 345 | 31 | 291 | नीज | मकान | 0.04 | खेदु गंझु पिता महाबल गंझु जाति भोगता सा0 देह। | प्लॉट–290 | प्लॉट–226 | प्लॉट–283 | प्लॉट–290 |
| 346 | 29 | 292 | नीज | टांड–II | 0.12 | अनुप गोस्वामी वो अशोक गोस्वामी पिता स्व0 बैजनाथ गोस्वामी वो मो0 रेखा देवी पति स्व0 बैजनाथ गोस्वामी अर्जुन गोस्वामी वो गिरिजा गोस्वामी पिता स्व0 गोबिन्द गोसाई वो सहदेव गोसाई पिता स्व0 लटन गोस्वामी साकिन गाली। | प्लॉट–226 | प्लॉट–295 | प्लॉट–282 | प्लॉट–293 |
| 347 | 29 | 293 | नीज | मकान | 0.02 | अनुप गोस्वामी वो अशोक गोस्वामी पिता स्व0 बैजनाथ गोस्वामी वो मो0 रेखा देवी पति स्व0 बैजनाथ गोस्वामी अर्जुन गोस्वामी वो गिरिजा गोस्वामी पिता स्व0 गोबिन्द गोसाई वो सहदेव गोसाई पिता स्व0 लटन गोस्वामी साकिन गाली। | प्लॉट–292 | प्लॉट–295 | प्लॉट–292 | प्लॉट–297 |
| 348 | 29 | 294 | नीज | मकान | 0.03 | अनुप गोस्वामी वो अशोक गोस्वामी पिता स्व0 बैजनाथ गोस्वामी वो मो0 रेखा देवी पति स्व0 बैजनाथ गोस्वामी अर्जुन गोस्वामी वो गिरिजा गोस्वामी पिता स्व0 गोबिन्द गोसाई वो सहदेव गोसाई पिता स्व0 लटन गोस्वामी साकिन गाली। | प्लॉट–295 | प्लॉट–297 | प्लॉट–295 | प्लॉट–297 |
| 349 | 29 | 295 | नीज | टांड–II | 0.17 | अनुप गोस्वामी वो अशोक गोस्वामी पिता स्व0 बैजनाथ गोस्वामी वो मो0 रेखा देवी पति स्व0 बैजनाथ गोस्वामी अर्जुन गोस्वामी वो गिरिजा गोस्वामी पिता स्व0 गोबिन्द गोसाई वो सहदेव गोसाई पिता स्व0 लटन गोस्वामी साकिन गाली। | प्लॉट–295 | प्लॉट–297 | प्लॉट–295 | प्लॉट–297 |
| 350 | 8 | 298 | नीज | मकान | 0.04 | मो0 झलवा पति मोगल गंझु सा0 गाली। | प्लॉट–297 | प्लॉट–299 | प्लॉट–299 | प्लॉट–297 |
| 351 | 8 | 299 | नीज | टांड–I | 0.28 | मो0 झलवा पति मोगल गंझु सा0 गाली। | प्लॉट–297 | प्लॉट–301 | प्लॉट–279 | प्लॉट–297 |
| 352 | 8 | 299/1 | नीज | टांड–I | 0.24 | मो0 झलवा पति मोगल गंझु सा0 गाली। | प्लॉट–297 | प्लॉट–301 | प्लॉट–279 | प्लॉट–297 |
| 353 | 14 | 300 | नीज | मकान | 0.02 | कोल्हा गंझु, भोला गंझु पिता स्व0 गुलू गंझु वो नान्दो गंझु पिता स्व0 नगवा गंझु जाति भोगता साकिन देह। | प्लॉट–299 | प्लॉट–301 | प्लॉट–301 | प्लॉट–279 |
| 354 | 14 | 301 | नीज | टांड–I | 0.33 | कोल्हा गंझु, भोला गंझु पिता स्व0 गुलू गंझु वो नान्दो गंझु पिता स्व0 नगवा गंझु जाति भोगता साकिन देह। | प्लॉट–299 | प्लॉट–302 | प्लॉट–279 | प्लॉट–300 |
| 355 | 15 | 302 | नीज | टांड–I | 0.08 | मो0 मुस्लिम खाँ पिता स्व0 कासीम खाँ वो सलीमन माता स्व0 मोसोमात नसीबन वो सुकरूल्लाह रिजवानउल्लाह शिवमतउल्लाह माता स्व0 कोरेशा खातुन साकिन गोन्दलपुरा वो मनोहर कुमार सुजीत कुमार मेहता पिता स्व0 गिरधारी महतो नन्दकिशोर महतो डालेश्वर महतो पिता स्व0 बोधन महतो नन्द कुमार महतो, प्रेम कुमार महतो, फुलु महतो पिता स्व0 महादेव महतो वो बुलु महतो, धनकु महतो, गलु महतो, प्रयाग महतो पिता स्व0 सखी महतो वो जोधी महतो, मनीकान्त सुमन, रामदशी महतो, जयनाथ महतो पिता स्व0 सम्पत महतो वो कोमल महतो, दशरथ महतो, अशोक महतो, ईश्वरी महतो, युगेश्वर महतो पिता स्व0 लखपत महतो वो भुनू महतो पिता स्व0 लुरक महतो वो मनोज बिहारी पिता स्व0 नागेश्वर महतो वो ज्योति जलधर पिता स्व0 गोवर्धन महतो वो घुजा महतो, प्रमेश्वर महतो, बंसत कुमार मेहता पिता स्व0 जानकी महतो सा0 गोन्दलपुरा। | प्लॉट–301 | प्लॉट–305 | प्लॉट–301 | प्लॉट–303 |
| 356 | 15 | 303 | नीज | मकान | 0.02 | मो0 मुस्लिम खाँ पिता स्व0 कासीम खाँ वो सलीमन माता स्व0 मोसोमात नसीबन वो सुकरूल्लाह रिजवानउल्लाह शिवमतउल्लाह माता स्व0 कोरेशा खातुन साकिन गोन्दलपुरा वो मनोहर कुमार सुजीत कुमार मेहता पिता स्व0 गिरधारी महतो नन्दकिशोर महतो डालेश्वर महतो पिता स्व0 बोधन महतो नन्द कुमार महतो, प्रेम कुमार महतो, फुलु महतो पिता स्व0 महादेव महतो वो बुलु महतो, धनकु महतो, गलु महतो, प्रयाग महतो पिता स्व0 सखी महतो वो जोधी महतो, मनीकान्त सुमन, रामदशी महतो, जयनाथ महतो पिता स्व0 सम्पत महतो वो कोमल महतो, दशरथ महतो, अशोक महतो, ईश्वरी महतो, युगेश्वर महतो पिता स्व0 लखपत महतो वो भुनू महतो पिता स्व0 लुरक महतो वो मनोज बिहारी पिता स्व0 नागेश्वर महतो वो ज्योति जलधर पिता स्व0 गोवर्धन महतो वो घुजा महतो, प्रमेश्वर महतो, बंसत कुमार मेहता पिता स्व0 जानकी महतो सा0 गोन्दलपुरा। | प्लॉट–301 | प्लॉट–305 | प्लॉट–302 | प्लॉट–304 |
| 357 | 24 | 304 | नीज | मकान | 0.06 | जनेधर गंझु, फलेन्द्र गंझु, खिरोधर गंझु, सुरेन्द्र गंझु पिता स्व0 मोगल गंझु वो अघन गंझु, तिलु गंझु, सुखदेव गंझु पिता स्व0 जग्रनाथ गंझु वो विरवा गंझु पिता स्व0 चमन गंझु वो रमन गंझु पिता स्व0 लटु गंझु जति भोगता सा0 देह। | प्लॉट–297 | प्लॉट–306 | प्लॉट–305 | प्लॉट–323 |
| 358 | 24 | 305 | नीज | टांड–I | 0.34 | जनेधर गंझु, फलेन्द्र गंझु, खिरोधर गंझु, सुरेन्द्र गंझु पिता स्व0 मोगल गंझु वो अघन गंझु, तिलु गंझु, सुखदेव गंझु पिता स्व0 जग्रनाथ गंझु वो विरवा गंझु पिता स्व0 चमन गंझु वो रमन गंझु पिता स्व0 लटु गंझु जति भोगता सा0 देह। | प्लॉट–302 | प्लॉट–306 | प्लॉट–279 | प्लॉट–304 |
| 359 | 23 | 306 | नीज | टांड–II | 0.85 | सेख रजाक वल्द सेख जमउद्धीन जाति सेख सा0 गोन्दलपुरा। | प्लॉट–305 | प्लॉट–308 | प्लॉट–307 | प्लॉट–322 |
| 360 | 23 | 306/I | नीज | टांड–II | 0.07 | अनीता देवी पति बैजनाथ महतो उर्फ दिनेश्वर महतो जाति कोयरी सा0 गोन्दलपुरा | प्लॉट–305 | प्लॉट–308 | प्लॉट–307 | प्लॉट–322 |
| 361 | 14 | 307 | नीज | टांड–III | 0.39 | कोल्हा गंझु, भोला गंझु पिता स्व0 गुलू गंझु वो नान्दो गंझु पिता स्व0 नगवा गंझु जाति भोगता साकिन देह। | प्लॉट–306 | प्लॉट–378 | प्लॉट–279 | प्लॉट–306 |
| 362 | 23 | 308 | नीज | टांड–III | 0.46 | सेख रजाक वल्द सेख जमउद्धीन जाति सेख सा0 गोन्दलपुरा। | प्लॉट–306 | प्लॉट–378 | प्लॉट–307 | प्लॉट–309 |
| 363 | 23 | 308/I | नीज | टांड–III | 0.01 | अनीता देवी पति बैजनाथ महतो उर्फ दिनेश्वर महतो जाति कोयरी सा0 गोन्दलपुरा | प्लॉट–306 | प्लॉट–378 | प्लॉट–307 | प्लॉट–309 |
| 364 | 23 | 309 | नीज | टांड–II | 0.2 | सेख रजाक वल्द सेख जमउद्धीन जाति सेख सा0 गोन्दलपुरा। | प्लॉट–322 | प्लॉट–378 | प्लॉट–308 | प्लॉट–310 |
| 365 | 2 | 310 | नीज | टांड–II | 0.33 | नारायण गोप, लीलू गोप, खेदु गोप, बंसत गोप, उपेन्द्र गोप पिता स्व0 जोधी गोप वो चुरामन गोप, सहदेव गोप, पारसनाथ गोप पिता स्व0 तेजो गोप वो सुकरी देवी पिता स्व0 जागो गोप सा0 गोन्दलपुरा। | प्लॉट–319 | प्लॉट–378 | प्लॉट–309 | प्लॉट–319 |
| 366 | 23 | 312 | नीज | टांड–III | 0.43 | सेख रजाक वल्द सेख जमउद्धीन जाति सेख सा0 गोन्दलपुरा। | प्लॉट–313 | प्लॉट–378 | प्लॉट–311 | प्लॉट–341 |
| 367 | 9 | 313 | नीज | टांड–II | 0.42 | पारसनाथ गंझु, बालदेव गंझु, बोधन गंझु पिता स्व0 नेमा गंझु वो बंधु गंझु पिता स्व0 मेघन गंझु जाति भोगता सा0 देह। | प्लॉट–336 | प्लॉट–312 | प्लॉट–310 | प्लॉट–340 |
| 368 | 2 | 314 | नीज | टांड–II | 0.14 | नारायण गोप, लीलू गोप, खेदु गोप, बंसत गोप, उपेन्द्र गोप पिता स्व0 जोधी गोप वो चुरामन गोप, सहदेव गोप, पारसनाथ गोप पिता स्व0 तेजो गोप वो सुकरी देवी पिता स्व0 जागो गोप सा0 गोन्दलपुरा। | प्लॉट–335 | प्लॉट–313 | प्लॉट–315 | प्लॉट–336 |
| 369 | 28 | 315 | नीज | टांड–III | 0.07 | नारायण गोप पिता स्व0 खिरोधर गोप वो रमन गोप पिता स्व0 झमन गोप वो धनेश्वर गोप पिता स्व0 महादेव गोप जाति ग्वाला सा0 गोन्दलपुरा। | प्लॉट–316 | प्लॉट–313 | प्लॉट–317 | प्लॉट–314 |
| 370 | 23 | 316 | नीज | टांड–II | 0.16 | सेख रजाक वल्द सेख जमउद्धीन जाति सेख सा0 गोन्दलपुरा। | प्लॉट–333 | प्लॉट–315 | प्लॉट–317 | प्लॉट–335 |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों को सुनने और अधिनियम सं0 30/2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जॉच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है:

ग्राम चन्दौल, थाना बड़कागॉव, थाना सं0 129, अंचल बड़कागॉव, जिला हजारीबाग क्षेत्रफल 161.99 एकड़ यानि 65.55 हेक्टेयर, जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार नीचे दिये गये है:–

1- *RFCTLARR Act- 2013* के अनुसूची–I के अनुसार भूमि एवं परिसम्पति का मुआवजा:–

(क) भूमि का मुआवजा– प्रति एकड 24,56,986.00 रूपये (गुणाक घटक–2, सोलेशियम 100 प्रतिशत एवं तीन वर्ष की ब्याज की राशि सहित) देय होगा।

(ख) भूमि पर अवस्थित परिसम्पतियों का मुआवजा–संबंधित विभाग के द्वारा मुल्यांकन के पश्चात् मुल्यांकित राशि सोलिशियम सहित अर्थात मुल्यांकित राशि का दोगुना मुआवजा के रूप में प्रदान की जायेगी।

2- *RFCTLARR Act- 2013* के अनुसूची–II के अनुसार पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन संबंधी उपबंध/हकदारियॉं–

| कंडिका | पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन संबधी उपबंध/हकदारियॉं। |
|---|---|
| 1. | विस्थापन की दशा में आवासन इकाईयों की व्यवस्था:– |
| | विकल्प — विस्थापित परिवारों को दिये जाने वाले लाभ |
| | विकल्प–1 — • 10 लाख रू0 प्रति परिवार स्वः स्थानांतरण (Self Re- location) की स्थिति में। |
| | विकल्प–2 — • पुनर्वास कॉलोनी में निर्मित मकान। |
| | विकल्प–3 — • पुनर्वास कॉलोनी में उपलब्धता के अनुसार एक प्लॉट। • 7,00,000/- रू0 पुनर्वास कॉलोनी में मकान के बदले। |
| 2. | भूमि के लिए भूमि :– लागू नहीं |
| 3. | विकसित भूमि के लिए प्रस्थापना :–लागू नहीं। |
| 4. | रोजगार/वार्षिक वृति:– |
| | ➢ प्रभावित परिवार के एक सदस्य को समुचित प्रशिक्षण एवं कौशल विकास करने के पश्चात् योग्यता, अहर्ता एवं कम्पनी की आवश्यकता अनुसार नियोजित किया जायेगा। अथवा ➢ प्रभावित परिवार को एक मुश्त 5,00,000/- (पांच लाख रूपये) देय होगा। अथवा ➢ प्रभावित परिवार को नियमानुसार 2,000/- (दो हजार रूपये) प्रतिमाह 20 वर्ष तक वार्षिक वृति देय होगा। |
| 5. | विस्थापित कुटुंबों के लिए एक वर्ष की अवधि तक जीवन–निर्वाह अनुदान:– |
| | ➢ प्रत्येक विस्थापित कुटुंबों को एक वर्ष तक 3,000/- रू0 प्रति माह जीवन निर्वाह अनुदान प्रदान किया जायेगा। |
| 6. | विस्थापित कुटुंबों के लिए परिवहन खर्च:– |
| | ➢ प्रत्येक विस्थापित कुटुंबों को 50,000/- रू0 प्रति परिवार परिवहन खर्च देय होगा। |
| 7. | पशुबाड़ा खर्च:– |
| | ➢ पशुबाडा हेतु प्रत्येक विस्थापित कुटुंम्ब को वित्तीय सहायता के रूप में 35,000/- रू0 देय होगा। |
| 8. | कारीगरों, छोटे व्यापारियों, छोटी दुकान और कतिपय अन्य को एक बारगी अनुदान:– |
| | ➢ कारीगर, छोटे व्यापारी, छोटे दुकान रखने वाले या स्वनियोजित व्यक्ति के प्रत्येक प्रभावित परिवार या ऐसे परिवार जिसके स्वामित्वधीन प्रभावित क्षेत्र में गैर–कृषिक भूमि या वाणिज्यक, औद्योगिक या संस्थागत ढ़ांचा है तो ऐसे प्रभावित व्यक्ति को एक बारगी वित्तीय सहायता के रूप में प्रोत्साहन राशि 25,000/- (पच्चीस हजार रूपये) दिया जायेगा। |
| 9. | मछली पकड़ने का अधिकार:– लागू नहीं। |
| 10. | एक बारगी पुनर्व्यवस्थापन भत्ता:– |
| | ➢ प्रत्येक प्रभावित परिवार को एक बारगी पुनर्व्यवस्थापन भत्ता के रूप में 50,000/- (पचास हजार रूपये) एक मुश्त भुगतान किया जायेगा। |
| 11. | स्टांप शुल्क और रजिस्ट्रीकरण शुल्क:– |
| | ➢ प्रभावित परिवारों को आबंटित भूमि या मकान के रजिस्ट्रीकरण के लिए संदेय स्टांप शुल्क और अन्य फीस का वहन अडानी इन्टरप्राईजेज लि0 के द्वारा किया जायेगा। ➢ प्रभावित परिवारों को आबंटित मकान के लिए भूमि सभी विल्लंगमों से मुक्त होगी। ➢ आबंटित भूमि या मकान प्रभावित परिवार की पत्नी और पति दोनों के संयुक्त नाम में हो सकेगा। |

3. पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन कॉलोनी में अवसंरचनात्मक सुविधाऍं/सहुलियतें एवं संसाधन:– *RFCTLARR Act- 2013* के अनुसूची–III के अनुसार उपलब्ध कराये जायेगें।

अन्य लाभ:– उपर्युक्त मुआवजा/सुविधाओं के अलावा अन्य लाभ भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 के अनुसार प्रभावित परिवारों को प्रदान किया जायेगा।

ह0/–
उपायुक्त सह समुचित सरकार,हजारीबाग

PR 336483 Land Reforms(24-25).D

यदि आप अभी आध्यात्मिक प्रयास कर रहे हैं, तो भविष्य में सब कुछ सुधर जाएगा। - श्री श्री स्वामी श्रीयुक्तेश्वर गिरि, "योगी कथामृत" में

## संपादकीय

# सरकारी नौकरी जैसी सुरक्षा नागरिकों को भी

भारत में सरकारी नौकरी का आकर्षण नौकरी की गारंटी के अलावा सबसे बड़ा आकर्षण मुफ्त चिकित्सा सुविधा और पेंशन हुआ करता था। केंद्र सरकार ने 70 साल या उससे अधिक उम्र के सभी वर्गों के लोगों को आयुष्मान भारत योजना में शामिल करने का फैसला किया है। इस योजना के तहत उन्हें पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिलेगा जिससे 4.5 करोड़ परिवारों को फायदा होगा। इसी तरह केंद्र सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के लिए यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) को मंजूरी दी है। देश के करीब 57 करोड़ के श्रमबल में से तीन फीसदी से भी कम सरकारी क्षेत्र के कर्मचारी यूपीएस से लाभान्वित हुए हैं। लेकिन निजी और असंगठित क्षेत्र के करोड़ों श्रमिकों के सामने वित्तीय और सामाजिक सुरक्षा चिंता का विषय बनी हुई है। हालांकि सरकारी कर्मचारियों के अलावा संगठित निजी क्षेत्र व असंगठित क्षेत्र के कर्मचारियों के लिए भी पेंशन की कुछ व्यवस्थाएं है, लेकिन वे अपर्याप्त हैं। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत मात्र 436 रुपये सालाना प्रीमियम पर दो लाख रुपये का बीमा कवर प्रदान किया जाता है। यह योजना 18 से 55 वर्ष की आयु के लोगों के लिए है। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत 18 से 70 वर्ष के लोग 20 रुपये सालाना प्रीमियम पर दो लाख रुपये तक का दुर्घटना बीमा कवर प्राप्त कर सकते हैं। अटल पेंशन योजना (एपीवाई) असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों पर केंद्रित है। एपीवाई के तहत, 60 साल की उम्र में 1,000 रुपये से लेकर 5000 रुपये प्रति माह की न्यूनतम पेंशन की गारंटी ग्राहकों द्वारा योगदान के आधार पर दी जाती है। देश का कोई भी श्रमिक जिसकी उम्र 18 से 40 साल के बीच हो, एपीवाई योजना में शामिल हो सकता है।राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) एक स्वैच्छिक, दीर्घकालिक सेवानिवृत्ति बचत योजना है, जो निजी क्षेत्र के कर्मचारियों को एक मजबूत सेवानिवृत्ति कोष बनाने में सक्षम बनाती है। इसी तरह व्यापारियों, दुकानदारों और स्वरोजगार करने वाले व्यक्तियों सहित असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए सरकार ने दो प्रमुख पेंशन योजनाएं शुरू की हैं। इन योजनाओं में से एक प्रधानमंत्री श्रमयोगी मान-धन योजना (पीएम-एसवाईएम) है और दूसरी व्यापारियों, दुकानदारों और स्वरोजगार करने वाले व्यक्तियों के लिए राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस-ट्रेडर्स)। इसके अलावा संगठित क्षेत्र में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) सबसे बड़ा सामाजिक सुरक्षा संगठन है। भविष्य निधि के लिए कर्मचारी का जो अशंदान कटता है, उसका एक हिस्सा कर्मचारी पेंशन योजना में जाता है। अब भी देश में बड़ी संख्या में लोगों को सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध नहीं हैं। अतएव अब सरकार को देश के आम आदमी के लिए सामाजिक सुरक्षा के बारे में गंभीरतापूर्वक ध्यान देना होगा और निजी क्षेत्र की पेंशन योजनाओं को भी आकर्षक बनाना होगा। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत मात्र 436 रुपये सालाना प्रीमियम पर दो लाख रुपये का बीमा कवर प्रदान किया जाता है। यह योजना 18 से 55 वर्ष की आयु के लोगों के लिए है। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत 18 से 70 वर्ष के लोग 20 रुपये सालाना प्रीमियम पर दो लाख रुपये तक का दुर्घटना बीमा कवर प्राप्त कर सकते हैं।

> प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत 18 से 70 वर्ष के लोग 20 रुपये सालाना प्रीमियम पर दो लाख रुपये तक का दुर्घटना बीमा कवर प्राप्त कर सकते हैं।

# आयुष्मान भारत : भारत की स्वास्थ्य यात्रा में एक मील का पत्थर

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएम-जय) की छठी वर्षगांठ गर्व और चिंतन का क्षण है। सितंबर 2018 में हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में शुरू की गई एबी पीएम-जय आज दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य सेवा योजना में से एक बन चुकी है। यह योजना इस सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है कि सभी नागरिकों, विशेष रूप से सबसे कमजोर वर्गों, के लिए समान स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराई जाए। पिछले छह वर्षों में, इस महत्वाकांक्षी योजना ने लाखों जिंदगियों को छुआ है, उन्हें आशा, उपचार और कई मामलों में जीवनरक्षक उपचार प्रदान किया है। एबी पीएम-जय की यात्रा इस बात का प्रमाण है कि एक राष्ट्र जब अपने लोगों के स्वास्थ्य और कल्याण को बेहतर बनाने के लक्ष्य के साथ एकजुट होता है, तो क्या कुछ हासिल कर सकता है।



जगत प्रकाश नड्डा
केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री

**स्वास्थ्य सेवाओ की पहुंच में क्रांति :** आयुष्मान भारत का मुख्य मिशन यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी भारतीय अपनी वित्तीय स्थिति के कारण स्वास्थ्य सेवा से वंचित न रहे। माध्यमिक और तृतीयक अस्पताल देखभाल को कवर करने के लिए प्रति परिवार 5 लाख रुपये के वार्षिक कवरेज के साथ, एबी-पीएमजेएवाई ने आर्थिक रूप से वंचित परिवारों को देश के कुछ सर्वश्रेष्ठ अस्पतालों में मुफ्त में गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा देखभाल प्राप्त करने का साधन प्रदान किया है। हाल ही में भारत सरकार द्वारा 70 वर्ष और उससे अधिक उम्र के आय वर्ग के वरिष्ठ नागरिकों के लिए एबी पीएम-जय के लाभों का विस्तार करने का निर्णय लिया गया है, जो हमारे देश में बदलते जनसांख्यिकीय परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे पहले, हमारे सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता, जैसे कि आशा बहनों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और आंगनवाड़ी सहायकों के परिवारों को योजना के दायरे में लाया गया था। 55 करोड़ से अधिक लोग योजना के तहत मुफ्त स्वास्थ्य सेवाओं के लिए आज पात्र हैं। अभी तक 7.5 करोड़ से अधिक सफल उपचार प्रदान किए गए हैं जिस पर 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक का खर्च हुआ है। यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। जो परिवार स्वास्थ्य खर्च के कारण गरीबी में धकेल दिए जाते थे, उनके लिए अब यह योजना वित्तीय ढाल साबित हो रही है। योजना के तहत लाभार्थी किसानों से लेकर दैनिक मजदूरों तक के कथन इस बात का प्रमाण है कि यह योजना उन्हें आर्थिक परेशानी से बचा रही है।




इस मायने में, आयुष्मान भारत ने वास्तव में अपने वादे को पूरा किया है। इस योजना में उपचार का दायरा बहुत व्यापक है, जो 1900 से अधिक चिकित्सा प्रक्रियाओं को कवर करता है, जिनमें हृदय बाईपास या ज्वाइंट रिप्लेसमेंट जैसी जटिल सर्जरी से लेकर कैंसर और गुर्दे की बीमारियों के उपचार तक शामिल हैं। ये ऐसे उपचार हैं जो पहले तमाम लोगों के लिए पहुंच से बाहर थे, लेकिन अब एबी पीएम-जय ने उन्हें सुलभ, किफायती और सभी के लिए उपलब्ध बना दिया है।

**विस्तृत नेटवर्क और मजबूत सिस्टम :** एबी पीएम-जय की एक विशेषता इसका एक मजबूत स्वास्थ्य सेवा प्रदाता नेटवर्क तैयार करने की क्षमता रही है। आज, भारत भर के 29,000 से अधिक अस्पताल, जिनमें 13,000 से अधिक निजी अस्पताल शामिल हैं, योजना के तहत सूचीबद्ध हैं। यह नेटवर्क ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों तक फैला हुआ है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि देश के सबसे दूरस्थ हिस्सों में रहने वाले लोग भी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्राप्त कर सकें। योजना की अद्वितीय पोर्टेबिलिटी सुविधा ने यह सुनिश्चित किया है कि लाभार्थी अपने राज्य के अलावा देश भर के अस्पतालों में इलाज करवा सकते हैं। इस विशाल नेटवर्क को एक मजबूत आईटी बुनियादी ढांचे द्वारा समर्थित किया गया है जो दावों के निपटान में पारदर्शिता, दक्षता और गति सुनिश्चित करता है। आधार आधारित बायोमेट्रिक सत्यापन और पेपरलेस क्लेम प्रोसेसिंग के कार्यान्वयन ने धोखाधड़ी और अक्षमता को काफी हद तक कम किया है, जो अक्सर ऐसी बड़ी सार्वजनिक कल्याण योजनाओं में एक बड़ी चुनौती होती है। आयुष्मान भारत की सफलता ने स्वास्थ्य सेवा पारिस्थितिकी तंत्र के अन्य हिस्सों में भी सुधार को उत्प्रेरित किया है। योजना के गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा पर जोर ने सार्वजनिक और निजी दोनों अस्पतालों को अपने बुनियादी ढांचे और सेवाओं को उन्नत करने के लिए प्रेरित किया है। इसके अतिरिक्त, इसने स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का वातावरण विकसित किया है, जो प्रदाताओं को रोगी कल्याण को बेहतर बनाने के लिए प्रोत्साहित करता है।

**समग्र स्वास्थ्य सेवा :** आयुष्मान भारत सिर्फ माध्यमिक और तृतीयक स्तरीय अस्पताल चिकित्सा के बारे में नहीं है। एबी पीएम-जय के साथ-साथ, सरकार आयुष्मान आरोग्य मंदिर (एएएम) के निर्माण के माध्यम से प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने पर भी काम कर रही है। ये स्वास्थ्य केंद्र सुरक्षात्मक और प्रोत्साहक स्वास्थ्य सेवाओं पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जिसका उद्देश्य जनसंख्या में कुल रोगों के भार को कम करना है। अब तक, पूरे भारत में 1.73 लाख से अधिक एएएम स्थापित किए जा चुके हैं, जो सामान्य बीमारियों और मधुमेह, उच्च रक्तचाप और कैंसर जैसी चिरकालिक परिस्थितियों के लिए मुफ्त स्क्रीनिंग, निदान और दवाएं प्रदान कर रहे हैं। ये केंद्र व्यापक और समग्र स्वास्थ्य देखभाल मॉडल की ओर हमारे प्रयास के केंद्र में हैं। कल्याण (वेलनेस) और प्रारंभिक निदान को बढ़ावा देकर, हम अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता को कम करने और स्वास्थ्य सेवा की पहुंच को लंबे समय में और अधिक स्थाई बनाने की उम्मीद करते हैं।

**चुनौतियों को पार करके आगे बढ़ना :** आयुष्मान भारत की उपलब्धियों का हर्ष मनाते हुए, हमें आगे आने वाली चुनौतियों को भी स्वीकार करना चाहिए। योजना का पैमाना विशाल है, और इसके साथ इसे लगातार अनुकूलित, परिष्कृत और सुधारने की जिम्मेदारी आती है। हम योजना की पहुंच को बढ़ाने, अस्पतालों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने और हर लाभार्थी को प्रदान की जाने वाली चिकित्सा सेवा की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। आगे बढ़ते हुए, हम आयुष्मान भारत को मजबूत करना जारी रखेंगे, यह सुनिश्चित करते हुए कि यह भारत की समग्र, किफायती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा की यात्रा में सबसे आगे बना रहे। हम योजना के तहत कवर किए गए उपचारों की सूची का विस्तार करने, सूचीबद्ध अस्पतालों की संख्या बढ़ाने और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के सफल निर्माण करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**स्वस्थ भारत का सपना :** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के रूप में, मेरा दृढ़ विश्वास है कि किसी भी राष्ट्र का स्वास्थ्य उसकी समृद्धि की नींव है। स्वस्थ जनता देश के विकास, उत्पादकता और नवाचार में योगदान करने में सक्षम होती है। आयुष्मान भारत इस स्वस्थ, मजबूत और विकसित भारत की संकल्पना का केंद्र है। अब तक की योजना की सफलता सरकार, स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं और लोगों के बीच की गई कड़ी मेहनत, समर्पण और सहयोग को दर्शाती है। हम प्रत्येक नागरिक के कल्याण और स्वास्थ्य के प्रति प्रतिबद्ध हैं। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की छठी वर्षगांठ पर, आइए हम सभी नागरिकों के लिए एक समावेशी, सुलभ और सहानुभूतिपूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रणाली बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराएं। हम आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ भारत के निर्माण की यात्रा को जारी रखेंगे।

## देश की बात

### देश की जरूरत है समान नागरिक संहिता और चुनाव सुधार



गिरीश्वर मिश्र

गण समूह की इकाई का बोधक प्राचीन शब्द है। वह एक ऐसी इकाई जो सुपरिभाषित हो और जिसका परिगणन संभव हो। गण 'संघ' का पर्याय है और गणों का समूह भी। देवताओं में विघ्न विनाशक गणेश जी 'गणपति' के रूप में विख्यात हैं। अभी-अभी पूरे देश में उनकी वंदना का उत्सव मनाया गया। स्वयं गणपति तो सेकुलर हैं पर सेकुलर राजनीति उनको गैर-सेकुलर मानती है। भारत की संसद ने एक संविधान को अंगीकार किया जो सामाजिक विषमताओं और असमानताओं को दूर करने और नागरिक जीवन के विधिसम्मत संचालन की व्यवस्था करता है। उल्लेखनीय है कि देश की सामाजिक-सांस्कृतिक विविधता और बहुलता उस समय भी मौजूद थी जब संविधान बन रहा था। परंतु उस दौरान सब के बीच देश की एकता मुखर थी और उसके प्रति एकल प्रतिबद्धता थी देश को स्वतंत्रता मिली और ह्यस्वराजह्न यानी अपने ऊपर अपना राज स्थापित करने का अवसर मिला। स्वराज का भाव जिम्मेदारी भी सौंपता है। हमने स्वतंत्रता का स्वाद तो चखा पर उसके साथ की जिम्मेदारी उठाने में कतराते गए। देश को देने की जगह क्या क्या पा लें इस चक्कर में भ्रष्टाचार, भेदभाव, द्वेष, संघर्ष तथा अवसरवादिता बढ़ने लगी। अब नैतिक मानकों से परे हट कर धनबल, बाहुबल और जाति बल के साथ दबंग-बल राजनीति में प्रभावी हो रहा है। बेरोजगारी और मंहगाई आम लोगों के लिए विकट समस्या है। अब लोकसभा और राज्यसभा में भी अभद्र व्यवहार बढ़ रहा है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर निरंकुश अराजकता के चलते संसद न चले यह लोकतंत्र के लिए घातक है। देश और समाज की चिंताओं पर आज सत्ता की लालसा हावी हो रही है। राजनीति कमाऊ व्यवसाय का रूप लेती जा रही है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने देश की स्वतंत्रता को रचनात्मक कार्यक्रमों से जोड़ने की कोशिश की थी परंतु राजनीति आडंबरों में फँसती गई। देश और राष्ट्र की चिंता पृष्ठभूमि में जाती रही और हम भूल गए कि हम देश के ऋणी हैं। हमने उसे उपभोग की वस्तु बना दिया। पृथ्वी को मातृभूमि मान कर पुत्र की तरह उसकी सेवा सुश्रूषा और रक्षा करने की बात अटपटी लगने लगी। अपना हक जताते हुए हम दोहन करने लगे। पर 'नागरिक' होने का अर्थ सभी भारतीयों के लिए क्या हो इसे सवाल बनाया जा रहा है और सबके लिए एक नागरिक संहिता या यूसीसी को कुछ लोगों के नागरिक होने के अधिकार की स्वतंत्रता पर आघात के रूप में देखा जा रहा है। गौरतलब है कि नागरिक होने के नाते सभी भारतीय कुछ मूल अधिकारों को पाने और कुछ कर्तव्यों का पालन करने के अनिवार्य दायित्व से खुद ब खुद स्वाभाविक रूप से जुड़ जाते हैं। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

## काव्य कोना

### ढूंढ़ता क्यूं है?

ढूंढ़ता क्यूं है?
उलझने की आदत है,
सुलझेगा कैसे।

न अनुभूति - न सहानुभूति
न संवेदना - न सहकार
मानवता कहां खो गई
फिर भी ढूंढ़ता है
ढूंढ़ता क्यूं है?

अहम के बाजार में
मैं हम से बड़ा हो गया
मिल के बैठने की इच्छा नहीं
न कोशिश सुख-दुःख बांटने की
सोच में बिठा रखा अकेला ही काफी हूं
साथ की जरूरत कहां!

पर एक बार देख
घूमकर मानव जीवन की कहानी
कैसे मारेगा मानवीय संवेदना
प्रश्न गंभीर है
ढूंढ़ता क्यूं है?
ढूंढ़ना जरूरी है।

-नाग मणि

### हुनर बस एक

योग्यता काबिलियत
क्या-क्या ढूंढे
कहां-कहां ढूंढे
दोस्ती में एक उम्मीद है
बैर की तो बात क्या ?
दुश्मन बनाना नहीं मुश्किल
दुश्मनी का कारण कहां ढूंढे
यह हुनर बड़ा प्यारा है
सीखना भी नहीं भारी ।

न चौरहा न दोरहा
सीधा-सा रास्ता है
न बतलता है, न है पूछता
ना ही कभी कोई परीक्षा है
दोस्ती की मियाद क्यों पूछें
दुश्मनी का कारण कहां ढूंढे
हुनर बस एक आसान है
दुश्मनी का कारण कहां ढूंढे
योग्यता काबिलियत
क्या-क्या ढूंढे
कहां-कहां ढूंढे।

-नाग मणि

### गजल

ज़िंदगी के आइने में फर्क है
या हमारे देखने में फर्क है

भोर हो या दोपहर या शाम हो
धूप के भी कायदे में फर्क है

मौसमों की जो हकीकत है उसे
झेलने औ' बांचने में फर्क है

पी के शब्दों को हुआ मालूम ये
इस नशे और उस नशे में फर्क है

हां! समंदर से ही मिलती है नदी
पर नियति और फैसले में फर्क है

एक पौधा और होता घाव इक
और दोनों के हरे में फर्क है

खो वजूद अपना समझ आया हमें
क्या हुजूम और काफिले में फर्क है



अंजू केशव


## फेसबुक वॉल से




## X से




## बोधि वृक्ष



हमारे परस्पर प्रेम करने एवं अपनी समझ को स्पष्ट रखने, जैसा कि उन्होंने सिखाया एवं उदाहरण द्वारा दिखाया है, से ही शांति आ सकती है।

# अनिश्चित संसार में सुरक्षा

परन्तु समानता को बलपूर्वक स्थापित नहीं किया जा सकता; यह हृदय से आनी चाहिए।... हमें इसे आरम्भ करना चाहिए अभी, स्वयं अपने से। हमें उन दिव्य विभूतियों की तरह बनने का प्रयास करना चाहिए जो हमें रास्ता दिखाने के लिए इस धरा पर बार-बार आई हैं। हमारे परस्पर प्रेम करने एवं अपनी समझ को स्पष्ट रखने, जैसा कि उन्होंने सिखाया एवं उदाहरण द्वारा दिखाया है, से ही शान्ति आ सकती है। आप सोच सकते हैं कि घृणा पर विजय प्राप्त करना एवं मानव जाति को क्राइस्ट सरीखा प्रेम करने के लिए प्रेरित करना निराशाजनक है, परन्तु इसकी जितनी आवश्यकता अब है उतनी पहले कभी नहीं थी। नास्तिक विचारधाराएँ धर्म को निष्कासित करने में संघर्षरत हैं। संसार अस्तित्व के एक अनियन्त्रित नाटक की ओर बढ़ रहा है। उग्र तूफानों को रोकने के प्रयास में, हम सागर में तैरती हुई नन्हीं चींटियों से अधिक कुछ भी प्रतीत नहीं होते। परन्तु अपनी शक्ति को कम न करें। एक वस्तु जो धन, मकान, या अन्य किसी भौतिक पदार्थ से अधिक संसार के दुःखों को दूर करने में सहायता करेगी- वह है ध्यान करना और जो ईश्वरीय चेतना हम अनुभव करते हैं, उसे दूसरों को प्रेषित करना। जो मेरे पास भीतर में है उसे हजारों तानाशाह भी कभी नष्ट नहीं कर सके। प्रतिदिन ईश्वरीय चेतना दूसरों को प्रेषित करें। सभी आत्माओं को उन ईश्वर में वापस लाने की, मानव जाति के लिए ईश्वर की योजना को समझने का प्रयास करें, और उनकी इच्छा के अनुरूप कार्य करें। **(क्रमशः)**



श्री श्री परमहंस योगानंद

## रचना भेजिए

**समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक**

## आज का दोहा

**बड़ा चमत्कारी हुआ, लोकतंत्र में राज।**
**लोग पूछते फिर रहे, सिर बदला या ताज।।**
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## आपकी बात

# सांकेतिक भाषा को समझना, सीखना और प्रोत्साहन देना अत्यंत आवश्यक



अशोक प्रवृद्ध

आत्माभिव्यक्ति अर्थात अपनी बात प्रकट करने, अपना अर्थ सूचित करने के लिए श्रवणीय ध्वनि माध्यम में संप्रेषित करने के स्थान पर दृश्य रूप में सांकेतिक माध्यम से अर्थात हस्तचालित संप्रेषण, अंग संकेत के माध्यम से प्रकटित रूप में संचारित भाषा संकेत भाषा अर्थात इशारा की भाषा अर्थात सांकेतिक भाषा कहलाती है। इसमें वक्ता के द्वारा अपनी विचारों को धाराप्रवाह रूप से व्यक्त करने के लिए हाथ के आकार, विन्यास और संचालन, बांहों अथवा शरीर तथा मुखपटल के हाव भावों का एक साथ उपयोग किया जाता है। इस प्रकार की संकेत अर्थात इशारों की भाषा का प्रयोग अत्यंत प्राचीन काल से ही भारत में युद्ध आदि काल में अपनी सूचना दूर बैठे अपने लोगों तक पहुंचाने आदि कार्यों में किया जाता रहा है। एक विशेष प्रकार की आवाज अथवा विशेष वाद्य यंत्र का विशेष अंदाज में वादन या फिर ध्वज फहराने आदि कार्यों से गोपनीय सूचनाएं शत्रु से बचाकर सांकेतिक रूप में अपनों तक पहुंचाए जाने की कथाएं भारतीय प्राचीन ग्रंथों में बहुतायत से प्राप्य हैं। भारत में अत्यंत प्राचीन काल से ही मठ, मंदिरों, आश्रमों आदि धार्मिक, पंथीय समुदाय से संबंधित स्थलों, कोलाहल पूर्ण कार्यस्थलों, युद्ध स्थल, शिकार व अन्य गुप्त, गोपनीय कार्यों के समय, जहां वार्त्तालाप का प्रयोग वर्जित हो, अथवा अनुमत नहीं हो, ऐसे स्थानों पर हस्तचालित संप्रेषण अथवा संकेत भाषाओं का प्रयोग होता रहा है। भारत के अनेक प्रदेशों में जंगली- पहाड़ी, पाट क्षेत्रों में निवास करने वाली विभिन्न मौखिक भाषाओं वाली आदिम जनजातियों के बीच संप्रेषण के लिए भी विभिन्न कार्यों के लिए उनके स्वयं के द्वारा विकसित संकेत भाषा प्रयोग में लाई जाती है। श्रवण शक्ति वाले लोगों द्वारा विकसित अन्य संकेत भाषाओं से भिन्न, यह बधिर संकेत भाषाओं के स्थानिक व्याकरण से मिलता-जुलता है। लेकिन वर्तमान में मात्र मूक, बधिर लोगों के समुदाय के मध्य अपनी बात संप्रेषित करने के लिए संकेत अर्थात सांकेतिक भाषा का प्रयोग किया जाने लगा है।

23 सितंबर विश्व सांकेतिक भाषा दिवस पर विशेष





दरअसल यह प्राकृतिक व स्वाभाविक बात है कि ध्वनि शक्ति आवाज अर्थात जुबान नहीं होने वाले लोग भी एक दूसरे से विचार व्यक्त करने की इच्छा होने पर अपने हाथों, सिर और शरीर के शेष अंगों के संचालन द्वारा संकेत करने की कोशिश करने लगते हैं। मूक लोग अक्सर ही ऐसा करते देखे जाते हैं। बधिर-मूक व्यक्ति भी व्यावसायिक लेन- देन के उद्देश्य के लिए इशारों से संवाद करते देखे गए हैं। वह होंठ की गति के माध्यम से भी ऐसा कर सकते हैं। ऐसी कलाओं में दक्षता प्रदान करने के लिए अक्षरों का न्यूनीकरण और मूक लोगों को बोलना सिखाने की कला से संबंधित शिक्षा पद्धति का भी निर्माण किया गया है। मूक अथवा बधिर लोगों के संकेत से अपनी बात संप्रेषण में सहयोग और सुधार के लिए हस्तचालित वर्णमाला के रूप में हस्तचालित संकेतों के उपयोग द्वारा बधिर लोगों को मौखिक शिक्षा की विधि स्थापित की गई है। स्थानीय व पारंपरिक रूप से इस संसार में सैकड़ों संकेत भाषाएं प्रचलन में हैं और स्थानीय बधिर समूहों द्वारा इनका उपयोग किया जाता है। कुछ संकेत भाषाओं ने तो एक प्रकार की कानूनी मान्यता हासिल कर ली है। बधिर समुदाय समस्त संसार में व्यापक रूप से प्रशस्त है। और उनके मध्य मौजूद संस्कृति अत्यंत समृद्ध है। उनके मध्य प्रचलित सांकेतिक भाषा और बधिरों की संस्कृति के संरक्षण की वकालत करने वाले एक संगठन विश्व बधिर संघ की स्थापना 23 सितम्बर 1951 को हुई। यह संघ 135 देशों के बधिर संगठनों से बना है, जो संसार के लगभग 7 करोड़ बधिर लोगों का प्रतिनिधित्व करता है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)


### झारखंड में सत्ता परिवर्तन की लहर का दावा

# टोनी जैन का दावा, हेमंत सरकार के भ्रष्टाचार से जल्द मिलेगी मुक्ति

नवीन मेल संवाददाता



**हजारीबाग।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रदेश कोषाध्यक्ष किसान मोर्चा, टोनी जैन ने झारखंड में चल रही राजनीतिक स्थिति पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि राज्य में परिवर्तन की लहर तेजी से उठ रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब झारखंड के लोग हेमंत सरकार के झूठे वादों और छलावे में नहीं फंसेंगे। जैन ने विश्वास जताया कि आगामी चुनावों में जनता सत्ता परिवर्तन का फैसला सुनाएगी। किसान मोर्चा के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता राज्य के गांव-गांव में जाकर लोगों को हेमंत सरकार के भ्रष्टाचार से अवगत कराएंगे। उन्होंने कहा कि यह सरकार आम जनता की उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी है और जनता जल्द ही इस सरकार से मुक्ति चाहती है। इसके लिए भारतीय जनता पार्टी के संगठन द्वारा झारखंड के सभी जिलों में 'परिवर्तन यात्रा' की शुरुआत की गई है। इटखोरी में आयोजित कार्यक्रम में इस परिवर्तन यात्रा की शुरुआत रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और झारखंड प्रभारी कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने झंडा दिखाकर की। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य महागठबंधन (झामुमो, कांग्रेस और राजद) की सरकार द्वारा झारखंड में किए गए नुकसान को उजागर करना और राज्य को इन पार्टियों के कब्जे से मुक्त कराना है। टोनी जैन ने कहा कि हेमंत सरकार के भ्रष्टाचार और कुशासन के कारण झारखंड का विकास रुक गया है, जबकि राज्य खनिज संपदाओं से भरा हुआ है और इसमें अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि हेमंत सरकार में भ्रष्टाचार इतना व्याप्त हो चुका है कि आम नागरिकों को छोटे-छोटे कामों के लिए महीनों तक सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ते हैं। लेकिन भ्रष्टाचार की वजह से जनता की सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि इस स्थिति से निपटने के लिए सत्ता परिवर्तन जरूरी है। परिवर्तन यात्रा का समापन 28 तारीख को हजारीबाग में आयोजित होने वाली जनसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में होगा, जहां से झारखंड के विकास की नई दिशा तय की जाएगी।



## सामुदायिक भवन से सामाजिक कार्यों में होगी सुविधा : एसपी

नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग ।** लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने रविवार को हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र के विष्णुपूरी (वार्ड संख्या 24) में विधायक निधि की राशि 13,10,200 रुपए से नवनिर्मित सामुदायिक भवन का विधिवत् उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि शामिल होकर नारियल फोड़कर और शिलापट्ट का अनावरण कर किया। उल्लेखनीय है की विष्णुपुरी क्षेत्र वासियों के विशेष आग्रह पर उन्होंने विधायक रहते हुए अपने विधायक निधि की राशि इस सामुदायिक भवन निर्माण के लिए दी थी जिससे यहां एक विशाल सामुदायिक भवन का निर्माण कराया गया। मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने बताया की इस सामुदायिक भवन के निर्माण से आसपास के क्षेत्र के लोगों को सामाजिक कार्य प्रयोजन में सहूलियत हो सके।इस दौरान सांसद मनीष जायसवाल ने नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 24 स्थित विष्णुपूरी के स्थानीय लोगों से उनकी वर्तमान समस्या भी जानी और उसके निराकरण का भरोसा भी जताया । यहां शुभकामना शादी घर में स्थानीय लोगों के साथ चौपाल लगाकर उनकी समस्या जानी और निदान का भरोसा जताया ।मौके पर संजय सिंह, दीपक वर्मा, राकेश कुमार, सल्लू वर्मा, विकास वर्मा, अश्विनी देव, सुबोध गुप्ता, भोला सिंह, लक्ष्मण सोनी, संदीप वर्मा, राजन कुमार, अमरजीत कुमार, मुकेश सोनी, योगेंद्र सिंह, सुबोध ओझा, जयनारायण मेहता, अनिरुद्ध मिश्रा, बबन तिवारी, पंकज सिन्हा, मनोज वर्मा, रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।


## न्यूज बॉक्स

### प्राइवेट अस्पताल की तर्ज पर मॉडल हॉस्पिटल बनेगा : अंबा प्रसाद




**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आधुनिक व प्राइवेट अस्पताल के तर्ज पर बहुत जल्द बनेगा। इस कार्य के लिए प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त हो गई है। उक्त आशय की जानकारी बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने दी है। विधायक अंबा प्रसाद ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़कागांव को प्राइवेट अस्पताल के तर्ज पर बनाया जाएगा जहां 10 बेड का सेंट्रल इमरजैंसी यूनिट, ट्रॉमा सेंटर इत्यादि की व्यवस्था होगी। इसके अलावा चिकित्सकों के रहने के लिए डॉक्टर एवं स्टाफ क्वार्टर भी बनेगा ताकि चिकित्सीय पदाधिकारी बड़कागांव में रहकर ही स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र वासियों को प्रदान कर सके। विधायक अंबा प्रसाद ने इस मामले को लेकर कई बैठकों में ट्रॉमा सेंटर बनवाने की मांग की थी जिसके बाद अंततः इस प्रस्ताव की स्वीकृति मिली है। विधायक ने कहा कि आधुनिक एवं प्राइवेट अस्पताल के तर्ज पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़कागांव को सावरा जाएगा लोगों को बेहतर चिकित्सीय सुविधा बड़कागांव में ही उपलब्ध होगी। इस कार्य में लगभग 5 करोड़ की लागत आएगी जिसके लिए जिला परिषद द्वारा निविदा भी आमंत्रित कर दी गई है।

### यशवंत सिन्हा ने गिद्दी पुल से भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगाने को ले कर डीसी से की वार्ता




**रामगढ़ ।** अटल विचार मंच के संस्थापक एवं भारत सरकार के पूर्व वित्त विदेश मंत्री सह हजारीबाग लोकसभा के पूर्व सांसद यशवंत सिन्हा ने रामगढ़ जिला अंतर्गत रिभर साईड-गिद्दी पुल पर से भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगाने के लिए रामगढ़ उपायुक्त से दूरभाष पर वार्ता की। वार्ता के दौरान यशवंत सिन्हा उपायुक्त से कहा कि क्षेत्र की जनता की परेशानियों को देखते हुए तत्काल पुल के निर्माण की प्रक्रिया में तेजी लाया जाए। जिसपर रामगढ़ उपायुक्त चंदन कुमार ने यशवंत सिन्हा को आश्वस्त करते हुए कहा कि जनहित में किए गए आपकी मांग पर त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रक्रिया में तेजी लाया जाएगा। गिद्दी क्षेत्र क्षेत्र की जनता सहित रिभर साईड निवासी शैलेंद्र कुमार उर्फ पिंकू झा, शंभु सिंह, बबलू सिंह, उमेश यादव, मनोज सिन्हा आदि ने पूर्व सांसद यशवंत सिन्हा द्वारा किए गए प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि आपके द्वारा जो राजनीति दल बनाया गया है उसमें शामिल होकर हमसभी गर्व महसूस कर रहे हैं। उक्त जानकारी देते हुए अटल विचार मंच के मीडिया प्रभारी अनिल सिन्हा ने कहा कि इस मंच का उद्देश्य ही जन समस्याओं का समाधान करना है।

### अनुप्रिया फाउंडेशन की संस्थापिका का दारू प्रखंड के कई गांवों का दौरा



**दारू/हजारीबाग।** अनुप्रिया फाउंडेशन की संस्थापिका अनुप्रिया ने दारू प्रखंड के सिलवार कला, भटबीघा, बक्सीडीह, रोला और हुट्टपा सहित कई गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों और महिला समूहों के साथ गहन चर्चा की और उनकी मूलभूत समस्याओं को जाना। ग्रामीणों ने अनुप्रिया को बताया कि राशन कार्ड, अबुआ आवास योजना, रोजगार, बिजली, स्वच्छ पेयजल और सड़कों की खराब स्थिति उनके सामने प्रमुख समस्याएं हैं। इसके अलावा, नशे की व्यापक समस्या भी एक बड़ी चिंता का विषय है। ग्रामीणों ने बताया कि यदि इन समस्याओं का समाधान हो जाए, तो उनका जीवन स्तर बेहतर हो सकता है। अनुप्रिया ने सभी को आश्वस्त करते हुए कहा कि फाउंडेशन ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर है। उन्होंने ग्रामीणों को अनुप्रिया फाउंडेशन से जुड़ने की सलाह दी और कहा कि जितनी अधिक संख्या में लोग फाउंडेशन से जुड़ेंगे, उतने ही तेजी से समस्याओं का समाधान भी संभव होगा। उन्होंने यह भी बताया कि रोजगार से जोड़ना, स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आर्थिक अनुदान दिलाना, बिजली और सड़कों की उत्तम व्यवस्था फाउंडेशन की प्राथमिकता में है। w

### बरकट्ठा और गोरहर पुलिस ने बालू लदे चार ट्रैक्टरों को किया जब्त




**बरकट्ठा।** पुलिस निरीक्षक और थाना प्रभारी बरकट्ठा, थाना प्रभारी गोरहर ने अलग अलग क्षेत्र से बालू लदे चार ट्रैक्टर पकड़ कार्रवाई की है। इस बाबत पुलिस निरीक्षक ने बताया कि अवैध बालू खनन और परिवहन के खिलाफ अभियान चलाते हुए चार ट्रैक्टर पर कार्रवाई की गई है। इस संबध में थाना प्रभारी राजेश कुमार भोक्ता ने बताया कि कपका से दो ट्रैक्टर को पकड़ा है। वही गोरहर पुलिस ने बताया की बड़ासिंगा से दो ट्रैक्टर को पकड़ा गया। बताया कि सभी ट्रैक्टर से चालक फरार हो गया है। पकड़े गए सभी बालू लदा ट्रैक्टर पर मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## कांग्रेस नेता ने नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड में किया जनसंपर्क



नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** सदर विधानसभा के कांग्रेस नेता सह उप विजेता डॉ आरसी मेहता के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं के साथ कदमा रामनगर ओकनी नवाबगंज इत्यादि वार्ड में किए जनसंपर्क। भ्रमण के दौरान सैकड़ो लोगो से मिले और सरकार द्वारा दी जा रही योजनाओं का जिक्र करते हुए सैकड़ो लोगो से रूबरू हुए। ग्रामीणों से सवाल जवाब भी किया गया है सबो ने जवाब देते हुए सरकार की योजनाओं का लाभ लेने की बात कहीं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉक्टर आरसी मेहता ने ग्रामीणों से सवाल जवाब किया।बेटियों और महिलाओ ने कहा- मइयाँ सम्मान योजना से 1000 रुपय मिल रही है जिससे घर बार चलाने मे मदद मिल जाती है।कच्चे खपरेला मकान वालो ने कहा की सरकार की योजना अबूवा आवास मिला है जिससे छत का मकान बनाने का सपना पूरा होगा।सखी सहायता समूह से जुडी माताए बहनो ने भी कहा की लोन लेकर सिलाई से, ब्यूटी पार्लर खोलकर, राशन दुकान देकर घर की आर्थिक स्तिथि मजबूत कर रही हु।कई नौजवान ने बताया की नियुक्ति होने पर सरकारी नौकरी कर रहा हु।दर्जनों किसानो ने बताया की सरकार ने किसानो का 2 लाख तक लोन माफ़ करके बहुत बड़ा काम किये हैं। कई किसान आत्महत्या करने से बचे।ग्रामीण क्षेत्र के लोगो की 200 यूनिट बिजली निशुल्क करना काबिले तारीफ बताया ,गंभीर बीमारी से जूझ रहे लोगो के लिए सरकार ने 10 लाख रूपये तक मदद करने की योजना को लोगो ने सराहा।

कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ अध्यक्ष एडवोकेट संजय रविदास ने कहा कि पुनः गठबंधन सरकार बनने पर ऐसे ही अनेको योजना सुचारु ढंग से जन कल्याण हेतु संचालित किया जायगा।

### टूर्नामेंट का हुआ भव्य आयोजन, कांग्रेस नेता मुन्ना रहे मुख्य अतिथि

**हजारीबाग।** सिलवार पंचायत के सिलवार कला गांव में फ्रेंड्स क्लब नॉक आउट फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह सम्मिलित हुए। इस अवसर पर सिलवार पंचायत के ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों के साथ मुन्ना सिंह का भव्य स्वागत किया। मुन्ना सिंह ने फीता काटकर टूर्नामेंट का उद्घाटन किया और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। पहले मैच में रेड आर्मी और सरजोम बगान एफसी के बीच कड़ा मुकाबला हुआ, जिसका संचालन रेफरी शांशी कुमार दास, प्रकाश गुप्ता, और बबलू राम ने किया। इस आयोजन के दौरान सिलवार पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि उमेश प्रसाद ने मुन्ना सिंह का माला पहनाकर और गुलदस्ता देकर सम्मान किया। कार्यक्रम में उपस्थित सदर प्रखंड के उप प्रमुख रविकांत सिंह, जिला परिषद सदस्य सुनिता देवी, और प्रतिनिधि महेंद्र राम विहारी ने भी टूर्नामेंट की सराहना की और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। मुख्य अतिथि मुन्ना सिंह ने अपने संबोधन में कहा,क्षमता को बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण साधन है।

## नरकी खुर्द में जनता की आवाज को सुने विधायक अंसारी



नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** जिले के विष्णुगढ़ प्रखण्ड के नरकी खुर्द गांव , पंचायत नरकी कला में जनसंपर्क अभियान के दौरान स्थानीय नागरिकों से मुलाकात की। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्रांति देवी ने किया । गांव के प्रमुख लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं। गांव वासियों ने 10वीं और 12वीं तक की शिक्षा की सुविधा, पेयजल और बिजली की समुचित व्यवस्था, आवास योजना का विस्तार, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना, और सामुदायिक भवन के निर्माण की मांग रखी। साथ ही, कॉलेज की दूरी कम करने और छोटकी नरकी से झरना बस्ती तक बिजली के खंभे लगाने की आवश्यकता पर भी चर्चा हुई । जन संवाद के मध्य नजर डॉक्टर नजीर ने कहा नागरिकों की समस्या का सुनना और उसका हल करना मेरी प्राथमिकता में शामिल है । आप सभी के साथ मिल कर एक समृद्ध और विकसित मांडू का निर्माण अवश्य करेंगे । मौके पर शहजादी खातून, नूर जहां खातून, बदरून निशा, प्रकाश साव, राकेश साव, जनता नूनिया, सफीक अंसारी, इमरान अंसारी, नाज़नीन परवीन, शबनम खातून, नुसरत परवीन, हसन रजा, मुमताज़ अंसारी, अंजुम खातून, नाज़नीन गाजिया और रौनक शबा इत्यादि गण मान्य उपस्थित थे। जय जोहार ! जय भीम ! नारे के साथ सभा का समापन किया गया । नरकी खुर्द में जनता की आवाज को सुना भावी विधायक प्रत्याशी डॉक्टर नजीर अंसारी ने। हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ प्रखण्ड के नरकी खुर्द गांव , पंचायत नरकी कला में जनसंपर्क अभियान के दौरान स्थानीय नागरिकों से मुलाकात की।

### वंदे भारत को सांसद ने बरकाकाना जनक्शन पर दिखाई हरी झंडी

**रामगढ़ ।** वंदे भारत एक्सप्रेस टाटानगर , पटना, टाटानगर साप्ताहिक ट्रेन 21893/21894 का उदघाटन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रमों के द्वारा उदघाटन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 15-9-2024 को 10:30 बजे केंद्रीय रेल मंत्री,सूचना प्रसारण मंत्री अशिवनी वैष्णव , सांसद मनीष जायसवाल की गरिमामई उपस्थिति में हुई थी ।

22 सितम्बर को 8:30 बजे हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने वंदे भारत एक्सप्रेस को बरकाकाना जनक्शन पर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बरकाकाना जंक्शन के अमित कुमार सीनियर डीएम, प्रदीप कुमार सीनियर डीएम, सोनू कुमार डीटीएम, राजहंस भारती,जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष रंजन फौजी,महामंत्री विजय जयसवाल, मंत्री दिलीप सिंह, संजीव कुमार बबला, अनमोल सिंह, राजीव जायसवाल,मीडिया प्रभारी भीम सेन चौहान, शीतल सिंह, ऋतिका श्रीवास्तव , लक्ष्मीदेवी, मिश्रा सहित कार्यकर्ता,पदाधिकारी मौजूद थे।

### प्रदेश अध्यक्ष सुनील पाण्डेय ने अंग वस्त्र देकर किया संगठन में स्वागत

**हजारीबाग।** अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ प्रदेश अध्यक्ष सुनिल कुमार पाण्डेय कि अध्यक्षता में विष्णुगढ़ काली मंदिर प्रांगण में बैठक किया गया। जहां सर्व सम्मति से संजीत मिश्रा को विष्णुगढ़ प्रखण्ड अध्यक्ष का दाईत्व सौंपा गया । संजीत मिश्रा प्रखण्ड अध्यक्ष का दाईत्व संभालते ही प्रदेश कमिटी व जिला कमिटी का धन्यवाद देते हुवे कहा कि मैं पूरे जोश खरोश के साथ संगठन के विस्तार के लिए पूरे प्रखंड में कार्य करूंगा । साथ ही आगामी 29/9/24 को राम मंदिर में भव्य बैठक का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रखंड के सारे विप्र बंधु उपस्थित रहेंगे , मैं संगठन को तन मन धन से सीचकर समाज को आगे बढ़ने का कार्य करूंगा । प्रदेश अध्यक्ष सुनिल कुमार पाण्डेय ने नव नियुक्त प्रखण्ड अध्यक्ष को बधाई देते हुवे संगठन के कार्य उपलब्धि और आगामी रणनीति पर विस्तार पूर्वक बताए , मौके पर प्रदेश महासचिव प्रपुरेन्द्र पाण्डेय , प्रदेश संगठन मंत्री बटेश्वर मिश्रा , एवं बहुत सारे लोग उपस्थित थे।

## बरकट्ठा विस चुनाव में कांग्रेस मजबूती के साथ उतरेगी: डॉ प्रकाश




नवीन मेल संवाददाता

**बरकट्ठा।** प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित बरकट्ठा उतरी पंचायत भवन में कांग्रेस पार्टी का बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गौरीशंकर चौधरी ने किया। कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिलाल चौधरी, जिला उपाध्यक्ष डॉ प्रकाश कुमार,कार्यक्रम पर्यवेक्षक के तौर पर मोहम्मद बाबर अंसारी और मोहम्मद रब्बानी मौजूद थे। मौके पर डॉक्टर प्रकाश ने कहा कि आने वाला विधानसभा चुनाव झारखंड के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। बरकट्ठा विधानसभा में कांग्रेस पार्टी का जनाधार मजबूत है ।पार्टी बरकट्ठा विधानसभा के प्रति गंभीर है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता अमित शाह झारखंड में फूट डालो और शासन करो की नीति के तहत कार्यक्रम कर रहे हैं। लेकिन झारखंड की जनता एक सिरे से बीजेपी को खारिज कर चुकी है। अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद शाहिद शेख ने कहा हेमंत सरकार द्वारा जारी की गई मंइयां सम्मान योजना और बिजली बिल माफी ने पूरे झारखंड को कांग्रेसमय बना दिया है और पुनः झामुमो और कांग्रेस की सरकार बनेगी। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मणिलाल चौधरी ने कहा कि कांग्रेस जिसे भी टिकट देगी हम लोग दशकों से कांग्रेस के साथ खड़े हैं और खड़े रहेंगे। बैठक में प्रखंड अध्यक्ष गौरीशंकर चौधरी, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता नारायण प्रसाद, इसराफिल अंसारी, मोहम्मद मोइनुद्दीन, लखन पंडित समेत आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### डीएवी बरकाकाना में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन

**रामगढ़।** डीएवी बरकाकाना में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत नर्सरी से लेकर द्वितीय वर्ग के बच्चों ने कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए। नर्सरी के बच्चों ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भाग लिया। बच्चों ने संदेश दिया कि यदि अपने आसपास के क्षेत्र को प्लास्टिक से मुक्त रखेंगें, तभी हम सुरक्षित रह पाएंगे। द्वितीय वर्ग के बच्चों ने मोनो एक्टिंग के माध्यम से प्लास्टिक से होने वाले दुष्प्रभावों से अवगत कराया। वहीं, प्रथम वर्ग के बच्चों ने स्लोगन प्रतियोगिता में भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य मो मुस्तफा मजिद ने कहा कि प्लास्टिक जहां एक ओर मिट्टी को प्रदूषित कर देती है। वहीं अनाज या हरी सब्जी के लालच में पशु कचरे में से इसे खा लेते हैं और लाइलाज बीमारियों के शिकार हो जाते हैं। प्लास्टिक में लाया गया सामान भी सुरक्षित नहीं होता और तरह-तरह के बीमारियों का वाहक बन जाता है। कैंसर में हो रही वृद्धि के कारणों में से एक प्रमुख कारण प्लास्टिक का उपयोग भी है।

## बरही में जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न



▶ पहले दिन 29 और दूसरे दिन 57 प्रतिशत परीक्षार्थी हुए शामिल

नवीन मेल संवाददाता

**बरही।** जेएसएससी सीजीएल परीक्षा का दूसरा दिन भी शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। परीक्षा को लेकर प्रशासनिक तैयारियां चुस्त दिखी। परीक्षा केंद्रों पर एसडीओ जोहान टुडू, एसडीपीओ सुरजीत कुमार, बीडीओ सी आर इंदीवार, सीओ आर एन खलखो व इंस्पेक्टर आभाष कुमार का लगातार निरीक्षण जारी रहा। इंटर कॉलेज में निरीक्षण के दौरान इंस्पेक्टर आभाष कुमार ने शांतिपूर्ण परीक्षा लिए जाने की पुष्टि किया। जानकारी के अनुसार बरही में कुल छः स्थानों पर परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। जिसमे पहले दिन औसतन 29।68 और दूसरे दिन 57।54 परिक्षार्थियों के परीक्षा में शामिल होने की जानकारी मिली है। विभिन्न परीक्षा केंद्र से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर रामनारायण यादव मेमोरियल महाविद्यालय में कुल 540 परिक्षार्थियों में पहले दिन 147 व दूसरे दिन 347, डीएवी पब्लिक स्कूल में कुल 336 p में पहले दिन 95 और दूसरे दिन 190, बरही इंटर महाविद्यालय में कुल 264 में पहले दिन 79 और दूसरे दिन 153, परियोजना बालिका उच्च विद्यालय में कुल 216 में पहले दिन 67 और दूसरे दिन 123, प्लस टू उच्च विद्यालय में कुल 420 में पहले दिन 130 और दूसरे दिन 209 परिक्षार्थियों ने परीक्षा में सम्मिलित हुए। इन सभी केंद्रों पर कुल 1776 परिक्षार्थियो को परीक्षा देना था।

## डिवाइन पब्लिक स्कूल के अव्वल विद्यार्थियों को मिला सम्मान



नवीन मेल संवाददाता

**बरकट्ठा।** गंगपाचो स्थित प्लस 2 तक मान्यता प्राप्त डिवाइन पब्लिक स्कूल का घोषित पिटी 2 परीक्षाफल में अपने अपने वर्ग मे फर्स्ट ,सेकंड व थर्ड स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों के चेहरे खिल उठे।परिणाम के बाद उन्हें पुरस्कार के स्वरूप एक एक पौधा और प्रशस्ती पत्र देकर देकर पुरस्कृत किया गया।अच्छे परिणाम के लिए स्कूल के डायरेक्टर आई पी भारती ने सभी अभिभावकों को बधाई दी। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए नई शिक्षा विधि, अधिक मेहनत, परिश्रम और लगन के साथ काम करने की प्रेरणा दी।कहा छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अभिभावकों का नाम रोशन किया। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि करण कुमार,कृष्णा कुमार, स्वेक्षा राय,भूमिका कुमरी ,सिमशन कुमार, प्रियदर्शनी वर्मा,निराज राणा,सागर कुमार , कृष्णन्दन कुमार,आयुष कुमार, वर्षा कुमारी, सौरभ कुमार, शिवम् कुमार पियूष कुमार,जय कुमार, शीतल कुमारी, जयवीर कुमार लक्ष्मी कुमारी ने क्रमशः प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य स्वाती ने सभी उर्तीर्ण छात्र-छात्राओं को बधाई दी तथा उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# भाजपा नेता हर्ष अजमेरा ने सदर प्रखंड के विभिन्न पंचायतों का किया दौरा

▶ सदर विधानसभा क्षेत्र की 60 बहनों को नर्सिंग ट्रेनिंग के लिए अस्पताल में दिया कार्य

नवीन मेल संवाददाता



**हजारीबाग।** सदर विधानसभा क्षेत्र के सदर प्रखंड में रविवार को भाजपा नेता हर्ष अजमेरा ने दौरा किया इस बीच उन्होंने गुरहेत पंचायत के धवैया गांव, लालपुर के गुड़वा गांव सहित अन्य पंचायत का दौरा किया इस बीच ग्रामीणों ने श्री अजमेरा का आत्मीयता के साथ स्वागत व अभिनंदन किया माला पहनकर गांव के लोगों ने अपने हर्ष का स्वागत और सत्कार किया। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जागरूकता फैलाना और उनके सशक्तिकरण के लिए महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करना था। भाजपा नेता ने पंचायतों के महिला समूहों से मुलाकात की और उनके साथ स्वरोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और महिलाओं के सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर वार्तालाप किया। उन्होंने बताया कि पार्टी का उद्देश्य हर महिला को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है, ताकि वे अपने और अपने परिवार के भविष्य को बेहतर बना सकें। महिला समूहों ने अपनी जरूरतों और मांगों को रखते हुए भाजपा नेता से सहयोग की अपेक्षा जताई। उनकी मांगों के जवाब में,हर्ष अजमेरा ने समूह को तुरंत सहायता प्रदान करते हुए दरी भेंट की। यह प्रतीकात्मक उपहार महिलाओं की मेहनत और उनके सहयोग को मान्यता देने का संकेत था। भाजपा नेता ने यह भी आश्वासन दिया कि पार्टी महिला सशक्तिकरण के लिए सभी स्तरों पर काम कर रही है और भविष्य में उन्हें और भी संसाधन और सहयोग प्रदान किया जाएगा। भाजपा नेता हर्ष अजमेरा ने कहा हमारा संकल्प है कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें हर संभव सहायता प्रदान करना। इस दिशा में पार्टी निरंतर प्रयासरत है।

### भाजपा नेता को पितृशोक

**रामगढ़ ।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा रामगढ़ जिला के उपाध्यक्ष तथा भाजपा नेता प्रो प्रदीप सिन्हा के पिता देवी प्रसाद के निधन पर रामगढ़ जिला अध्यक्ष अरुण कुमार सिन्हा ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि देवी बाबु कायस्थ समाज के अग्रणी अभिभावक थे । उनका समाज के लिए दिए योगदान अविस्मरणीय है। कहा की उनके निधन का समाचार सुनकर कायस्थ परिवार स्तब्ध है। कायस्थ परिवार के सभी सदस्यों ने स्वर्गीय देवी प्रसाद के निधन पर गहरा शोक जताया है। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के सभी सदस्यों ने शोक प्रकट करते हुए कहा कि देवी बाबु के निधन से समाज को बहुत बड़ी क्षति हुई है। हम सभी उनके मार्गदर्शन से वंचित हो गए हैं। ईश्वर उनकी पवित्र आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दे और परिजनों को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करे।

## सांसद का बरकाकाना जाने के क्रम में भाजपाईयों ने किया स्वागत




नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़ ।** वंदे भारत ट्रेन टाटा-पटना को हरी झंडी दिखाने के लिए सांसद मनीष जायसवाल का बरकाकाना स्टेशन जाने के क्रम में रविवार को सुभाष चौक पर माल्यार्पण कर स्वागत किया गया । रामगढ़ कैंट मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव के नेतृत्व में सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुभाष चौक पर हजारीबाग लोकसभा के सांसद मनीष जायसवाल का स्वागत किया गया । मौके पर महामंत्री विजय जायसवाल, मंत्री अनमोल सिंह ,राजीव रंजन प्रसाद, रंजीत पांडे, कैंट मंडल महामंत्री ऋषिकेश सिंह, शीतल सिंह,आलोक सिंह,संतोष कुमार साह, अजीत गुप्ता, अभिषेक चौधरी,सुरजीत सिंह छाबड़ा, प्रो पिंकी कुमारी, अनूप कुमार, वीरेंद्र राय,दिनेश प्रजापति बागेश्वर गुप्ता, महेश प्रसाद,शंभू शाह,वीरेंद्र राय,नीतीश कुमार,राजेश ठाकुर,राजेश कुमार मोदी,बंटी,मुकेश राय, अंकित सिंह, मंटू त्रिपाठी, रीता भारणता सहित अनेक भाजपाई मौजूद थे।

# कानपुर में एक बार फिर ट्रेन पलटाने की साजिश, ट्रैक पर रखा सिलेंडर

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश के कानपुर जिले में एक बार फिर ट्रेन पलटाने की साजिश नाकाम हो गयी है। जिले के प्रेमपुर रेलवे स्टेशन के पास लूप लाइन पर रविवार को एक गैस सिलेंडर रखा मिला। यह देखकर लोको पायलट और सहायक लोको पायलटों ने सूझबूझ का परिचय देते हुए तुरंत इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोक दिया जिससे हादसा टल गया। इसके बाद रेलवे ट्रैक पर रखे गए सिलेंडर को हटवाया गया। सूचना पर सक्रिय हुई रेलवे सुरक्षा एजेंसियों ने तत्काल जांच शुरू कर दी। उत्तर मध्य रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी अमित मालवीय ने बताया कि आज (22 सितंबर) जेटीटीएन गुड्स ट्रेन कानपुर से प्रयागराज को जा रही थी। प्रेमपुर स्टेशन के पास लूपलाइन पर लोको पायलट देव आनंद गुप्ता और सहायक लोको पायलट सीबी सिंह ने सिग्नल से कुछ दूर पहले एक सिलेंडर रखा हुआ देखा। उन्होंने त्वरित कार्रवाई करते हुए इमरजेंसी ब्रेक लगाकर गाड़ी को रोक लिया। इसके बाद उन्होंने सभी संबंधित विभागों को इसकी जानकारी दी। सूचना मिलते ही रेलवे आईओडब्ल्यू, सुरक्षाबल सहित अन्य टीमों ने सिलेंडर की जांच की और उसे ट्रैक से हटाया। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि यह एक पांच लीटर का खाली सिलेंडर है, जो ट्रैक पर सिग्नल के थोड़ा पहले रखा हुआ था। जीआरपी एवं आरपीएफ ने इस पूरे प्रकरण की जांच शुरू कर दी है। कुछ दिन पहले कानपुर-कासगंज के बीच रेल ट्रैक पर एक गैस सिलेंडर रखकर ट्रेन पलटाने की साजिश हुई थी। दोनों ही मामलों में जांच चल रही है। विगत करीब 40 दिनों में इस तरह की यह तीसरी घटना है।



# फरक्का में इंजन से अलग हुई मालगाड़ी की कुछ बोगियां

**मुर्शिदाबाद।** मुर्शिदाबाद जिला अन्तर्गत फरक्का में रविवार सुबह मालगाड़ी बड़े हादसे का शिकार होने से बच गई। घटना से इलाके में सनसनी फैल गयी। फरक्का थाना क्षेत्र के खोदाबंदपुर इलाके में चलती हुई मालगाड़ी की कुछ बोगी इंजन से अलग हो गई। हालांकि, कोई भी बोगी पटरी से नहीं उतरी, जिससे बड़ी दुर्घटनाएं टल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मालगाड़ी धुलियान से फरक्का की ओर जा रही थी। इस दौरान कुछ बोगियां अचानक अलग हो गई। अलग हुई बोगियों को पीछे छोड़ते हुए इंजन समेत कुछ बोगियां थोड़ा आगे बढ़ गई लेकिन कोई बड़ी दुर्घटना नहीं हुई। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना रेलवे अधिकारियों को दी। खबर लिखे जाने तक तक, मालगाड़ी के अलग-अलग डिब्बों को मुख्य ट्रेन से जोड़ने का प्रयास जारी है। घटना कैसे हुई, इसकी जांच की जा रही है।



# बिहार में मुजफ्फरपुर-पुणे स्पेशल ट्रेन का इंजन पटरी से उतरा

**पटना।** बिहार के मुजफ्फरपुर रेलवे जंक्शन के 100 मीटर की दूरी पर मुजफ्फरपुर-पुणे स्पेशल ट्रेन (05389) का इंजन पटरी से उतर गया। वरीय अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं। अब तक किसी तरह के नुकसान की सूचना नहीं है। बताया जा रहा है कि शनिवार रात मुजफ्फरपुर से पुणे जाने वाली स्पेशल ट्रेन रवाना होने वाली थी। ट्रेन को प्लेटफॉर्म नंबर 4 पर लगाया गया। इंजन को ट्रेन से अलग करके शंटिंग लाइन से आगे की ओर जोड़ा जाना था। लोकोमोटिव शंटिंग किया जा रहा था। इसी दौरान यह पटरी से उतर गया। चालक ने इसकी सूचना तुरंत कंट्रोल रूम को दी। अधिकारी मौके पर पहुंचे और इसकी जानकारी सोनपुर मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों को दी। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने स्थिति का जायजा लिया और रेस्क्यू का काम शुरू कराया। घटना में चालक की लापरवाही सामने आ रही है। घटना के बाद पुणे की स्पेशल ट्रेन को दूसरे इंजन की मदद से रवाना किया गया। ट्रेन एक घंटे से अधिक समय लेट रही। सीतामढ़ी-आनंद विहार स्पेशल ट्रेन भी जंक्शन पर फंसी रही। एक-दो मालगाड़ियों का भी परिचालन बाधित रहा।



# जनजातीय समाज के बीच व्यापक रूप से कार्य करें : मोहन भागवत

- वेदों की रचना में वनवासी समाज का भी महत्वपूर्ण योगदानः सत्येंद्र सिंह
- देशभर की 80 जनजातीयों ने लिया भाग, संताल में घुसपैठ का मामला उठा
- जनजातीय समाज सनातनका आधार स्तंभ, हमारी परंपराएं एक जैसी




**एजेंसी। समालखा**

हरियाणा के समालखा में पट्टी कल्याणा स्थित सेवा धाम में देशभर से जुटे लगभग दो हजार जनजातीय प्रतिनिधियों के बीच राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत भी दो दिन रहे। उन्होंने समापन सत्र को संबोधित करते हुए सम्मेलन में आए सभी प्रतिनिधियों से अपने क्षेत्र में जाकर जनजाति बंधुओं के बीच में व्यापक रूप से कार्य करने का आह्वान किया। उससे पूर्व उन्होंने सत्रों में उपस्थित रहकर जनजातीय समाज के लोगों की बातें सुनीं। उनके साथ बिरहोर जनजाति के बीच काम कर रहे जशपुर के पद्मश्री जगेश्वर भगत विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस सत्र को संबोधित करते हुए डॉ. राजकिशोर हांसदा ने भारत में लव जिहाद और लैंड जिहाद की समस्या पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह समस्या झारखंड के संथाल परगना क्षेत्र में दिन-प्रतिदिन लगातार बढ़ रही है। वहां घुसपैठ कर आए बांग्लादेशी मुसलमान संथाली जनजाति की लड़कियों को झांसे में लेकर विवाह करते हैं और जनसंख्या बढ़ाने के साथ जमीन भी हड़प रहे हैं। इसके खिलाफ हम सभी को एक संग्राम छेड़कर अपने बहन-बेटी, जंगल-जमीन के साथ धर्म की रक्षा भी करना होगा। छत्तीसगढ़ प्रांत के संगठन मंत्री रामनाथ ने बस्तर के माओवाद समस्या पर कहा कि जिस जनजाति का अस्तित्व जंगल होता है उस जंगल में माओवादी लैंड माइंस बिछाए पड़े हैं, जहां वे स्वतंत्र रूप से जा नहीं सकते हैं। वहां के लोगों को सरकारी सुविधाओं से भी वंचित रहना पड़ता है, कारण सबके पास आधार कार्ड नहीं है। आधार बनाने के लिए शहर जाते हैं तो मुखबिर माओवादी बताकर परेशान करते हैं। मौलिक अधिकारों का हनन हो रहा है। नगालैंड के डॉ. थुंबई जेलियांग ने नॉर्थ-ईस्ट के राज्यों में धर्मांतरण विषय पर कहा की मतांतरित लोग वहां के स्थानीय लोगो को ही बाहरी साबित करने पर लगे हुए हैं। वनवासी कल्याण आश्रम के द्वारा संचालित विद्यालयों के साथ देश के अन्य स्थानों में स्थानीय बच्चों को पढ़ने की सुविधा से धर्मांतरण कराने वाले लोग विचलित हो गए हैं। इससे पूर्व, अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के कार्यकर्ता सम्मेलन के तीसरे दिन रविवार को प्रथम सत्र की अध्यक्षता करते हुए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह ने कहा कि जनजातीय समाज विशाल सनातनी समाज का आधार स्तंभ है। हम सभी की जड़-नाल वनों में ही गड़ी हुई है। प्राचीन वेदों की रचना में वनवासी समाज का भी अहम योगदान रहा है। सभी जनजाति समाज के पर्व-त्यौहार एवं पूजा पद्धति सनातनी परंपरा से मिलते हैं, जिसका भाव एक ही है। हमें अलग करने का षड्यंत्र अंग्रेजों की देन है। समापन सत्र से पूर्व आयोजित प्रातःकालीन सत्र का प्रारंभ अरुणाचल प्रदेश की स्थानीय भाषा में प्रार्थना से हुआ, जिसका भावार्थ यही था कि सबका कल्याण हो। इसके बाद सभी जनजाति के वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। उल्लेखनीय है कि शनिवार शाम से देशभर की 80 जनजातीयों ने एक बड़े मैदान में अलग-अलग अपनी-अपनी पूजा पद्धतियों को प्रदर्शित किया, जिससे यह संदेश मिला कि भले पूजा के तौर तरीके अलग अलग हों, पर सभी में पंचतत्व के पूजन की समानता है। सभी सनातन संस्कृति से एक हैं। यही बात प्रातःकालीन सत्र में सभी जनजातीयों के प्रतिनिधियों ने दोहराई।

# रेलवे की सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी घटनाओं को राजनीतिक आधार पर जोड़ना गलत

**एजेंसी। पटना**



देश के अलग-अलग हिस्सों से ट्रेन डिरेल करने की कोशिश का मामला सामने आ रहा है। कई जगहों पर ट्रेन हादसे हो गए हैं और कई जगहों पर ट्रेन के पटरी से उतरने से पहले ही इस साजिश का पता लगाया जा चुका है। जिसको लेकर विपक्ष जहां सत्ता पक्ष पर हमलावर है तो वहीं भाजपा की सहयोगी दल जेडीयू ने ऐसी घटनाओं को राजनीतिक चश्मे से न देखने की अपील की है। जेडीयू प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि, ऐसी घटनाएं सुरक्षा के लिहाज से गंभीर है। सुरक्षा की जिम्मेदारी रेल प्रशासन पर है। आरपीएफ इसके लिए प्रतियुक्त है और साथ ही साथ इस संबंध में राज्य की पुलिस होती है, उन सबका सहयोग लिया जाता है। इसलिए रेलवे की सुरक्षा नागरिकों की सुरक्षा है। रेलवे में सबसे ज्यादा लोग सफर करते हैं। इसको राजनीतिक आधार पर जोड़ना गलत है। मेरा मानना है कि रेलवे की सुरक्षा हम सब की सामूहिक जिम्मेदारी है। वहीं यूपी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि, मैं इतना ही कहना चाहूंगा कि जो रेल मंत्रालय है, उसके मंत्री रेल चलवाने में या रेल सुरक्षित रखने में विश्वास नहीं करते हैं। वह रील मंत्री बन गए हैं। मैं समझता हूं कि उनको अपने विभाग पर ध्यान देना चाहिए। विभाग में नियुक्तियां ही बंद हो गई हैं। रेल पटरियों पर कहीं सिलेंडर तो कहीं लकड़ी तो कहीं लोहा दिखाई दे रहा है। पहले तो कभी ऐसा नहीं हुआ। ऐसी घटनाओं को साजिश कहकर भ्रमित करने की बजाय समुचित व्यवस्था करने की जरूरत है। मेरा मानना है कि अव्यवस्था के कारण ऐसी घटनाएं सामने आ रही है। भाजपा नेता कपिल मिश्रा ने कहा कि, ये हादसे नहीं हो रहे, ये साजिश हो हो रही है। जब वंदे भारत चल रही है तो पत्थर मारो, ट्रेन की पटरी पर सिलेंडर रख दो और ऐसे लोग पकड़े भी जा रहे हैं। इसको हम रेल जिहाद कह सकते हैं। इस देश में समाज का एक ऐसा वर्ग है, जिसको तरक्की और विकास पसंद नहीं है। जो मोदी सरकार को बदनाम करने के लिए किसी भी हद तक गिरने को तैयार है। यह एक नए तरीके का आतंकवाद है।

## संसद 23 और 24 सितंबर को 10वें सीपीए भारत क्षेत्र सम्मेलन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

10वां राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) भारत क्षेत्र सम्मेलन 23 और 24 सितंबर 2024 को संसद भवन में आयोजित किया जाएगा। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला, जो सीपीए भारत क्षेत्र के चेयरपर्सन भी हैं, इस सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। राज्यों/संघ शासित प्रदेशों के विधानमंडलों के 46 पीठासीन अधिकारी, 4 सभापति, 25 अध्यक्ष, 3 उपसभापति, 14 उपाध्यक्ष अपने राज्य के प्रधान सचिवों/सचिवों और अन्य अधिकारियों के साथ सम्मेलन में भाग लेंगे। सम्मेलन से पहले सीपीए भारत क्षेत्र की कार्यकारी समिति की बैठक होगी। सम्मेलन का विषय है सतत और समावेशी विकास की प्राप्ति में विधायी निकायों की भूमिका। सीपीए भारत क्षेत्र का गठन 2004 में हुआ था। यह उन नौ सीपीए क्षेत्रों में शामिल है, जिन्हें तत्कालीन सीपीए एशिया क्षेत्र में से गठित किया गया था। इसमें भारत की संसद और 30 राज्य/संघ शासित प्रदेशों के विधानमंडलों सहित कुल 31 सदस्य शाखाएं हैं। सीपीए इंडिया क्षेत्र सम्मेलन दूसरी बार नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है।

## मुंबई एयरपोर्ट पर 3.12 करोड़ रुपये का सोना और हीरा बरामद

**मुंबई।** सीमा शुल्क विभाग (कस्टम विभाग) की टीम ने मुंबई एयरपोर्ट पर दो अलग-अलग मामलों में कुल 3.12 करोड़ रुपये के सोने और हीरे के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनमें करीब 1.58 करोड़ रुपये कीमत का 2.286 किलोग्राम सोना और 1.54 करोड़ रुपये का हीरा शामिल है। मुंबई कस्टम सूत्रों ने रविवार को बताया कि कस्टम ने पहले मामले में दुबई से मुंबई आ रहे एक संदिग्ध यात्री को रोका और उसके पास से तस्करी के 24 कैरेट सोने की 12 छड़ें (कुल वजन 1400 ग्राम) बरामद किया।

# आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

# अमृतसर के दरबार साहिब परिसर में युवक ने गोली मारकर की खुदकुशी

**चंडीगढ़।** अमृतसर स्थित दरबार साहिब परिसर में रविवार सुबह एक युवक ने गोली मारकर आत्महत्या कर ली ।पुलिस मामले की जांच कर रही है। स्थानीय पुलिस के मुताबिक दरबार साहिब में रविवार सुबह एक वीआईपी दर्शन के लिए आये हुए थे। उनके सुरक्षाकर्मी दरबार साहिब के बाहर खड़े थे। इसी दौरान एक युवक आया और वहां मौजूद पुलिसकर्मी की रिवाल्वर झपट कर खुद को गोली मार ली। इस घटना से वहां अफरा तफरी मच गई। दरबार साहिब परिसर में रविवार के कारण बड़ी संख्या में श्रद्धालु आये हुए थे। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर अगली कार्रवाई शुरू कर दी है।

# दिल्ली चुनाव मेरी ईमानदारी की अग्नि परीक्षा : अरविंद केजरीवाल

- केजरीवाल ने दिल्ली के जंतर मंतर में लगाई जनता की अदालत
- भाजपा का मकसद झूठे मामले में फंसा हमारी ईमानदारी पर चोट करना

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी की जमकर आलोचना की। इस दौरान उन्होंने मोदी सरकार पर ईडी, सीबीआई के दुरुपयोग का आरोप लगाया। साथ उन्होंने कहा कि दिल्ली के चुनाव उनकी ईमानदारी की अग्नि परीक्षा है। दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद रविवार को केजरीवाल ने दिल्ली के जंतर मंतर में जनता की अदालत लगाई। इसमें आम आदमी पार्टी के बड़े नेताओं ने शिरकत की। इस दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र की मोदी सरकार ने आम आदमी पार्टी के दिल्ली में ईमानदारी से जनता के हित में किए गए कार्यों से परेशान होकर उन्हें जबरन झूठे मामले में फंसाने की कोशिश की है। उनका मकसद हमारी ईमानदारी पर चोट करना है। केजरीवाल ने कहा, मैं राजनीति में पैसे कमाने नहीं बल्कि देश और जनता की सेवा करने आया था और आज भी जनता की सेवा कर रहा हूं। अपने भाषण में केजरीवाल ने भारतीय जनता पार्टी के कार्य करने के तरीके को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से भी कुछ सवाल पूछे। उन्होंने इस दौरान उनके आवास को लेकर चल रहे विवाद पर भी टिप्पणी की। केजरीवाल ने कहा कि आज उनके पास रहने के लिए घर नहीं है। पिछले 10 सालों में उन्हें मिले जनता के प्यार से आज हर कोई उन्हें अपने घर में रहने के लिए आमंत्रित कर रहा है। अपने दिल्ली के चुनावी अभियान की शुरूआत करते हुए केजरीवाल ने कहा कि इस बार का राज्य का चुनाव उन्हें ईमानदार साबित करने का मौका है। अगर जनता को लगता है कि वह ईमानदार हैं तो उन्हें वोट करें। उन्होंने इसे अग्नि परीक्षा की संज्ञा दी।



## भाजपा का केजरीवाल के खिलाफ शीश महल प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** जंतर मंतर में आप के जनता की अदालत के मुकाबले दिल्ली भाजपा ने रविवार को कनॉट प्लेस में केजरीवाल सरकार के खिलाफ अनोखा प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में अरविंद केजरीवाल के आवास (शीश महल) की प्रदर्शनी लगाई गई है। इसके साथ ही भाजपा की ओर से केजरीवाल सरकार पर कथित शराब घोटाले और दिल्ली में बिजली की दरों में बढ़ोतरी का आरोप लगाते हुए एक कटआउट भी लगाया गया है। कनॉट प्लेस में एक मंच तैयार किया गया है। मंच पर कार्यकतार्ओं के पीछे एक बड़ा पोस्टर लगा है, जिसमें लिखा है कि भ्रष्टाचारी अरविंद केजरीवाल, भ्रष्टाचार का हिसाब देना होगा। इसके अलावा प्रदर्शन में अरविंद केजरीवाल के आवास (शीश महल) की प्रदर्शनी लगाई गई है। प्रदर्शनी के पास एक पोस्टर लगा है जिसमें लिखा है कि 52 करोड़ वाला भ्रष्टाचार का 'शीश महल' आम आदमी पार्टी का खास महल। वहीं दूसरे पोस्टर में लिखा है, दीवार चार करोड़, कमोड पांच लाख, टीवी दस लाख, मार्बल आठ करोड़, इंटीरियर 11.3 करोड़ और पर्दे एक करोड़। दिल्ली की जनता अपने टैक्स का हिसाब मांग रही है?

## अयोध्या के सांसद के बेटे पर अपहरण और मारपीट का मामला दर्ज

**अयोध्या।** अयोध्या से समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद अवधेश प्रसाद के बेटे अजीत प्रसाद के खिलाफ अपहरण और मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। सांसद के बेटे के खिलाफ अयोध्या की नगर कोतवाली में केस दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई पीड़ित रोहित तिवारी की शिकायत पर गई है। रोहित ने अपनी शिकायत में अजीत प्रसाद पर गाड़ी से अपहरण कर मारपीट करने और धमकाने का आरोप लगाया है। रोहित के अनुसार, विवाद जमीन खरीदने के दौरान कमीशन को लेकर हुआ था। रोहित ने तहरीर में बताया कि अजीत प्रसाद ने उन्हें तमंचा दिखाया और गाड़ी में बुरी तरह पीटा। आरोप है कि उन्हें तहसील के पास गाड़ी रोककर एक लाख रुपये वापस लेने का वीडियो भी बनाया गया। इस घटना में अजीत प्रसाद के साथ राजू यादव, श्रीकांत राय और 10-15 अन्य अज्ञात व्यक्तियों का नाम शामिल है।

# बिहार की लोक गायिका शारदा सिन्हा के पति का निधन

**एजेंसी। पटना**



पद्मश्री, पद्मविभूषण से सम्मानित लोक गायिका शारदा सिन्हा के पति डॉ. ब्रिज भूषण सिन्हा का निधन रविवार को इलाज के दौरान हो गया। करीब 80 साल के रहे डॉ. ब्रिज भूषण सिन्हा दो दिन पहले गिर गये थे। गिरने से उनके सिर में चोट आयी थी, जिससे ब्रेन हेमरेज हो गया था। शारदा सिन्हा के बेटे अंशुमान ने कहा कि दो दिन पहले घर में ही गिर जाने की वजह से उनके सिर में चोट आई थी। चोट से ब्रेन हेमरेज हो गया। इसके बाद उन्हें श्री साईं हॉस्पीटल में भर्ती कराया गया, जहां वो वेटिंलेटर पर थे। डॉ. ब्रिज भूषण सिन्हा शिक्षा विभाग में रिजनल डिप्टी डायरेक्टर पद से रिटायर हुए थे। शारदा सिन्हा को गायिकी के इस मुकाम पर पहुंचाने में उनके पति ब्रज किशोर सिन्हा की भूमिका अहम रही। ये बातें शारदा सिन्हा ने साक्षात्कार में कई बार कहा है। शारदा सिन्हा ने 08 मई, 2020 को विवाह की 50वीं वर्षगांठ मनाया था। विवाह के बाद से ही शारदा सिन्हा को गायिकी के क्षेत्र में पेशेवर रूप से आगे बढ़ने में ब्रज किशोर सिन्हा ने हमेशा उनका साथ दिया। उन्होंने पारिवारिक हो या अन्य प्रकार की चुनौतियां सबका सामना करते हुए पत्नी को आगे बढ़ाया। यहां तक कि शादी के बाद शारदा के गाने पर उनकी सास को भी ऐतराज था लेकिन मां को मनाने का काम भी ब्रज किशोर सिन्हा ने किया। नतीजा रहा कि शारदा सिन्हा को गायिकी के क्षेत्र में पति का मिला सहयोग उन्हें सफलता के नए मुकाम दिलाने वाला रहा।

# लारेंस विश्नोई के नाम से बिल्डर से मांगी दो करोड़ की रंगदारी

**एजेंसी। गाजियाबाद**



उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले के ट्रांस हिंडन इलाके में एक बिल्डर से व्हाट्स ऐप कॉल कर दो करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। बिल्डर को कॉल करने वाले शख्स ने खुद को गैंगस्टर लारेंस विश्नोई गैंग का बताया है। इसके बाद पुलिस में भी हड़कंप मचा हुआ है। बिल्डर ने थाना शालीमार गार्डन में इस बाबत रिपोर्ट दर्ज कराई है। एसीपी सलोनी अग्रवाल ने रविवार को मीडियाकर्मियों को बताया कि पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शालीमार गार्डन थानाक्षेत्र के दयानंद पार्क में रहने वाले कारोबारी सुधीर मलिक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके मोबाइल पर एक व्हाट्स ऐप कॉल आई। इसमें कॉल करने वाले ने पहले उनसे हाल चाल पूछा और उसके बाद लारेंस विश्नोई से बात करने को कहा। उसने कहा लो भाई से बात कर लो। सुधीर मलिक ने पूछा कौन, तो सामने से आवाज आई दो करोड़ रुपये का इंतजाम कर लो। सुधीर मलिक ने पूछा कौन, तो सामने से आवाज आई दो करोड़ रुपये का इंतजाम कर लो। इस पर सुधीर मलिक ने कहा कि वे इतने बड़े आदमी नहीं हैं। दो करोड़ रुपये कहां से देंगे। कॉल करने वाले ने कहा कि इस कॉल को हल्के में लेने की गलती मत करना। पैसे का इंतजाम करके तैयार रखो। होशियारी मत करना मिलकर चलने में फायदा रहेगा।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com



## ईरान की कोयला खदान में विस्फोट कम से कम 51 लोगों की हुई मौत

**नई दिल्ली** । पूर्वी ईरान के कोयला खदान में हुए एक विस्फोट से कम से कम 51 लोगों की मौत हो गई है। सरकारी मीडिया ने इस घटना की पुष्टि की है। बताया जा रहा है कि खदान के दो ब्लॉकों में मीथेन गैस के रिसाव की वजह से यह विस्फोट हुआ है। दक्षिण खुरासान के गवर्नर जवाद घेनात्ज़ादेह ने कहा है कि विस्फोट के समय ब्लॉक में 69 लोग मौजूद थे। मदनजू खदान में एक विस्फोट हुआ है, दुर्भाग्य से उस वक्त ब्लॉक बी और सी में 69 लोग काम कर रहे थे। ब्लॉक सी में 22 लोग मौजूद थे, जबकि ब्लॉक सी में 47 लोग थे। यह अभी भी स्पष्ट नहीं हो सका है कि कितने लोग अभी जीवित हैं और कितने खदान के अंदर फंसे हुए हैं। हालांकि सरकारी मीडिया ने मृतकों के आंकड़ों में संशोधन किया है। पहले बताया गया था कि इस हादसे में 30 मजदूरों की मौत हुई है।

### इससे पहले भी हुए हैं हादसे

**2021** मई में इसी खदान में दो लोगों की मौत हो गई थी। स्थानीय मीडिया के मुताबिक़ खदान के ढहने से ऐसा हुआ था।

**2017** में उत्तरी ईरान के आज़ाद शहर में स्थित एक कोयला खदान में विस्फोट हुआ था। इस हादसे में 43 लोगों की जान चली गई थी, जिसकी वजह से ईरानी अधिकारियों के प्रति लोगों में गुस्सा था।

**2013** में दो अलग-अलग खदानों में हादसे हुए थे जिनमें 11 मज़दूरों की जान गई थी। वहीं 2009 में इस तरह की कई घटनाएं हुई थीं, जिनमें कम से कम 20 कामग़ार मारे गए थे।

## सूडान: सेना और अर्धसैनिक बलों के बीच झड़प, 11 लोगों की हुई मौत



**खार्तूम।** सूडानी सशस्त्र बलों (एसएएफ) और अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के बीच सशस्त्र संघर्ष में तीन बच्चों सहित कम से कम 11 लोग मारे गए और 17 अन्य घायल हो गए। यह मुठभेड़ पश्चिमी उत्तर दारफुर राज्य की राजधानी एल फशर में हुई। गैर-सरकारी सूडानी डॉक्टर्स नेटवर्क ने एक बयान में यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, बयान में चेतावनी दी गई कि घनी आबादी वाले शहर में 10 मई से जारी संघर्षों से गंभीर मानवीय आपदा पैदा हो सकती है।

# 11 दिन के प्रायश्चित उपवास पर आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं फिल्म अभिनेता पवन कल्याण ने रविवार को गुंटूर के श्री दशावतार वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर से 11 दिनों की प्रायश्चित दीक्षा तपस्या शुरू की है। वह अगले 11 दिन व्रत रखेंगे और भगवान तिरुपति से क्षमा मांगेंगे। तिरुपति मंदिर के प्रसाद में उपयोग होने वाले घी में पशु वसा होने के चलते उन्होंने पिछली सरकार की गलतियों की क्षमा प्राप्ति के लिए यह तपस्या करने का फैसला किया है। एक एक्स पोस्ट में उप मुख्यमंत्री कल्याण ने कहा कि हमारी संस्कृति, आस्था, विश्वास और श्रद्धा की धर्मधुरी श्री तिरुपति बालाजी धाम के प्रसाद में कुत्सित प्रयासों के तहत अपवित्रता का संचार करने की कोशिश की गई है। उससे वे व्यक्तिगत स्तर पर अत्यंत मर्माहत हैं और अंदर से अत्यंत छला गया महसूस कर रहे हैं। प्रभु वेंकटेश्वर से उनकी प्रार्थना है कि इस दुख के क्षण में समस्त सनातनियों को अपनी कृपा से सबलता प्रदान करें।

### प्रसादम में पशु चर्बी



### विहिप के केंद्रीय मार्गदर्शक मंडल की बैठक सोमवार को तिरुपति में होगी

**नई दिल्ली।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के केंद्रीय मार्गदर्शक मंडल की बैठक सोमवार को तिरुपति में बुलाई गई है। इस बारे में जानकारी देते हुए विहिप के अंतरराष्ट्रीय महामंत्री बजरंग बागड़ा ने बताया कि आंध्र प्रदेश व तेलंगाना के संतों की इस बैठक में हिंदू समाज के समक्ष खड़ी चुनौतियों और उनके समाधानों पर मंथन किया जायेगा। तिरुपति बालाजी मंदिर के प्रसादम में मिलावट व उससे उत्पन्न स्थिति पर भी विचार होगा। उन्होंने बताया कि विहिप का सर्वोच्च नीति निर्धारक मंच संतों का है, जिसमें केंद्रीय मार्गदर्शक मंडल के सदस्यों के संतों की भूमिका अग्रणी रहती है। उनकी यह बैठक, तिरुपति में सोमवार को पूरे दिन चलेगी। साथ ही तिरुपति बालाजी के मंदिर में प्रसादम के विषय में जिस प्रकार की भ्रांतियां और चिंताजनक समाचार पूरे हिंदू समाज को बहुत व्यथित कर रहे हैं, उसके बारे में विस्तृत रूप से चर्चा होगी।

### मंदिरों के रखरखाव कार्य धमाचार्य करें, सरकारी नियंत्रण खत्म हो : स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती

ब्यूरो



**नई दिल्ली।** शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने तिरुपति मंदिर के प्रसाद में गाय की चर्बी व अन्य जानवरों की चर्बी व मछली का तेल इस्तेमाल किए जाने के मामले पर सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि धर्म का कार्य धमाचार्यों को करने दिया जाए। मंदिरों के रखरखाव का कार्य भी धमाचार्य करें। सरकार को मंदिरों पर से अपना नियंत्रण खत्म कर लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं अयोध्या के सभी संत व धमाचार्यों से अपील करता हूं कि वो खड़े हों और सरकार के हाथों में मंदिरों का नियंत्रण छीन लें। मंदिर धार्मिक व्यवस्था के अनुसार चलें। धमाचार्यों को इस दायित्व को संभाल लेना चाहिए। शंकराचार्य ने कहा कि तिरुपति प्रसादम मामले में जो भी दोषी हैं। उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। कठोर से कठोर दंड दिया जाना चाहिए। यह आपत्तिजनक है कि मंदिर में भगवान को इस तरह की चीजों का भोग लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भी तिरुपति मंदिर से तीन टन लड्डू आए थे जिसका वितरण राम भक्तों को किया गया। लोग प्रसाद का लड्डू बांटकर खाते हैं। ऐसे में लड्डू में पड़े पदार्थ न जाने कितने लोगों के शरीर में चले गए। प्रसाद की पवित्रता नष्ट होने से लोग आहत हैं।

# वैश्विक स्वच्छ ऊर्जा आपूर्ति सुरक्षित करने को काम करेंगे भारत और अमेरिका

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका की ओर से वैश्विक स्वच्छ ऊर्जा की आपूर्ति श्रृंखला को सुरक्षित करने के लिए एक अरब डॉलर की साझेदारी का ऐलान किया गया है, जिससे स्वच्छ ऊर्जा के बढ़ रहे उपयोग का फायदा उठाया जा सके। इसमें उच्च-गुणवत्ता वाली नौकरियों के अवसर, स्वच्छ ऊर्जा को अधिक तेजी से आगे बढ़ाना और वैश्विक जलवायु लक्ष्य को पाना शामिल है। सरकार की ओर से रविवार को यह बयान दिया गया। इस फंडिंग का उपयोग सोलर, विंड, बैटरी, एनर्जी ग्रिड सिस्टम और उच्च-क्षमता वाले एसी और फैन की आपूर्ति श्रृंखला के विस्तार के लिए किया जाएगा। विलमिंगटन, डेलावेयर में छठे क्वाड लीडर्स शिखर सम्मेलन के दौरान राष्ट्रपति जो बिडेन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच बैठक के बाद सरकार ने कहा, हम क्लीन एनर्जी के बढ़ रहे उपयोग का फायदा उठाने के लिए साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और यह हमारे आर्थिक वृद्धि के एजेंडे का अहम पहलू है। दोनों देशों का उद्देश्य क्लीन एनर्जी टेक्नोलॉजी में मैन्युफैक्चरिंग क्षमता का विस्तार करना है।



### इंडस्ट्री लीडर्स के साथ काम करने का वादा

दोनों सरकारों की ओर से इंडस्ट्री लीडर्स के साथ काम करने वादा किया गया है। इसमें प्राथमिक ध्यान सोलर वेफर्स और वेफर्स मैन्युफैक्चरिंग, अगली पीढ़ी के सोलर सेल, पवन टरबाइन नैकेले उपकरण, कंडक्टर सहित पावर ट्रांसमिशन लाइन उपकरण, केबलिंग, ट्रांसफार्मर और अगली पीढ़ी की टेक्नोलॉजी, बैटरी सहित ऊर्जा भंडारण उपकरण, 2- और 3-पहिया इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए बैटरी पैक और शून्य-उत्सर्जन ई-बस और ट्रकों के उपकरण और उच्च दक्षता वाले एयर कंडीशनर और सीलिंग फैन पर होगा। दोनों देशों के लिए पायलट प्रोजेक्ट्स के शुरूआती पैकेज को सपोर्ट करने के लिए निजी सेक्टर के साथ साझेदारी की प्रतिबद्धता जताई गई है, जिसमें आदर्श रूप से अफ्रीका में स्वच्छ ऊर्जा तैनाती पर केंद्रित एक परियोजना भी शामिल है।

### इंडो-पैसिफिक में कैंसर के निदान के लिए 7.5 मिलियन डॉलर देगा भारत

**नई दिल्ली।** पीएम ने विलमिंगटन, डेलावेयर में क्वाड लीडर्स समिट के दौरान राष्ट्रपति जो बाइडेन द्वारा आयोजित क्वाड कैंसर मूनशॉट कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में कैंसर परीक्षण, स्क्रीनिंग और निदान के लिए 7.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर के अनुदान की घोषणा की। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम, रोग का पता लगाने और उपचार के उद्देश्य से राष्ट्रपति बाइडेन की इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम इंडो-पैसिफिक देशों में लोगों को सस्ती, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने में लंबा रास्ता तय करेगा।

### अमेरिका ने लौटाई पुरातात्विक महत्व की 297 प्राचीन धरोहर, पीएम ने जताया आभार



**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने भारत से चुराई गई या तस्करी की गई 297 प्राचीन वस्तुओं की वापसी में मदद की है। इन्हें जल्द भारत वापस लाया जाएगा। ये प्राचीन वस्तुएं लगभग 4000 साल पुरानी हैं, जो 2000 ईसा पूर्व से 1900 ईसवी तक समय अवधि की हैं। 2014 से भारत वापस लाई गई प्राचीन वस्तुओं की कुल संख्या 640 हो गई। इसमें अकेले अमेरिका से वापस किए गए पुरावशेषों की कुल संख्या 578 है।

### भारतीय मूल के लोगों और कलाकारों से पीएम ने की मुलाकात



**नई दिल्ली।** पीएम मोदी का जॉन एफ. कैनेडी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर उतरने के बाद स्वागत किया गया। पीएम न्यूयॉर्क के होटल लोटे पैलेस में रुकेंगे। जब पीएम मोदी एयरपोर्ट से होटल पहुंचे तो यहां मौजूद भारतीय मूल के लोगों और कलाकारों ने उनका का भव्य तरीके से स्वागत किया। इसके बाद पीएम मोदी ने भारतीय प्रवासियों और यहां प्रस्तुति देने वाले कलाकारों से मुलाकात भी की।

## खेल

### चेपॉक जीत के हीरो रहे पंत, गिल और अश्विन

# भारत 280 रन से जीता, सीरीज में 1-0 से बढ़त

एजेंसी

**चेन्नई।** टीम इंडिया और बांग्लादेश के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला भारत के नाम रहा। चेपॉक में भारतीय टीम ने बांग्लादेश को 280 रन से हराते हुए सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। रविवार को मुकाबले का चौथा दिन था और पहले सेशन में ही भारत ने यह मुकाबला अपने नाम किया। 515 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मेहमान टीम दूसरी पारी में 234 रन पर सिमट गई। अश्विन ने दूसरी पारी में 6 विकेट, रवींद्र जडेजा ने 3 और जसप्रीत बुमराह ने 1 विकेट लिया। अपने घरेलू मैदान पर अश्विन के ऑलराउंडर प्रदर्शन ने टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। पहली पारी में विकेट रहित अश्विन ने बल्ले से धमाल मचाया और शतकीय पारी खेली, जबकि दूसरी पारी में उन्हें छह विकेट चटकाए। इससे पहले टीम इंडिया ने पहली पारी में 376 रन बनाए थे। इस दौरान अश्विन ने 113 रन और रवींद्र जडेजा ने 86 रन की जबरदस्त पारी खेली थी। टीम के 144 रन पर 6 विकेट गिर जाने के बाद दोनों ने 199 रन की मजबूत साझेदारी की थी। जवाब में बांग्लादेश की टीम 149 रन ही बना सकी थी। जसप्रीत बुमराह ने इस दौरान 4 विकेट, वहीं जडेजा, आकाशदीप और सिराज ने 2-2 विकेट चटकाए थे। भारतीय टीम को पहली पारी में 227 रन की बढ़त मिली थी। इसके बाद दूसरी पारी में भारत ने ऋषभ पंत की 109 रन और शुभमन गिल की नाबाद 119 रन की मदद से 4 विकेट पर 287 रन बनाकर पारी घोषित की और कुल 514 रन की बढ़त हासिल की। भारत की ओर से आर.अश्विन, ऋषभ पंत और शुभमन गिल ने शतक जड़ा।



शतक लगाने व 6 विकेट लेने वाले अश्विन बने मैन ऑफ द मैच

### रोहित एंड कंपनी ने चेपॉक में बनाए कई रिकॉर्ड्स

*चेन्नई। बांग्लादेश के खिलाफ भारत ने दो मैचों की टेस्ट सीरीज का आगाज जीत के साथ किया। मैच में कई ऐसे पल आए जब तीखी नोकझोंक के साथ-साथ स्पोर्ट्समैनशिप भी दिखी। कुल मिलाकर यह मुकाबला रोमांचक रहा, जहां टीम इंडिया ने कई रिकॉर्ड्स बनाए।*

- इस जीत से विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अंक तालिका में टीम इंडिया की नंबर वन पर स्थिति और मजबूत हो गयी है।
- अश्विन ने एक ही टेस्ट मैच में शतक बनाने और पांच विकेट लेने का कारनामा चौथी बार किया।
- टेस्ट में नंबर 8 या उससे नीचे के खिलाड़ियों पर सबसे ज्यादा शतक बनाने के मामले में अश्विन (4 शतक) दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। उनसे पहले इस लिस्ट में डेनियल वेटोरी (5 शतक) हैं।
- 38 साल की उम्र में 5 विकेट हॉल और शतक लगाने वाले अश्विन दुनिया के पहले खिलाड़ी हैं।
- वह सबसे ज्यादा (5 विकेट हॉल) लेने वाले दूसरे गेंदबाज बन चुके हैं। उनसे आगे सिर्फ मुरलीधरन हैं।
- टेस्ट क्रिकेट में 522 विकेटों के साथ अश्विन सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में आठवें पायदान पर हैं।
- 280 रनों से मिली जीत रनों के लिहाज से बांग्लादेश के खिलाफ टीम इंडिया की सबसे बड़ी जीत है।
- टेस्ट क्रिकेट में भारतीय टीम साल 2012 से अपने घर में कोई भी द्विपक्षीय श्रृंखला नहीं हारी है।

### दूसरे टेस्ट के लिए भारतीय टीम में कोई बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। दोनों टीमों के बीच 27 सितंबर से कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में दूसरा और अंतिम टेस्ट मैच खेला जाएगा।

**दूसरे टेस्ट के लिए भारतीय टीम :** रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, सरफराज खान, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, जसप्रीत बुमराह, यश दयाल।

## शतरंज ओलंपियाड में भारत ने इतिहास रचा, पुरुष-महिला टीम को पहली बार गोल्ड

एजेंसी

**बुडापेस्ट ।** भारत ने रविवार को इतिहास रच दिया जब उसकी पुरुष और महिला टीमों ने 45वें शतरंज ओलंपियाड में अंतिम दौर में अपने अपने प्रतिद्वंद्वियों को हराकर इस प्रतियोगिता में पहली बार स्वर्ण पदक जीता। ग्रैंडमास्टर डी गुकेश, अर्जुन एरिगेसी और आर प्रज्ञानानंदा ने स्लोवेनिया के खिलाफ 11वें दौर में अपने अपने मैच जीत लिये। विश्व चैम्पियनशिप चैलेंजर गुकेश और अर्जुन एरिगेसी ने एक बार फिर अहम मुकाबलों में अच्छा प्रदर्शन किया जिससे भारत को ओपन वर्ग में अपना पहला खिताब जीतने में मदद मिली।स्लोवेनिया के खिलाफ मुकाबले में गुकेश ने काले मोहरों से व्लादिमीर फेडोसेव के खिलाफ तकनीकी चरण में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। हालांकि उन्हें मुश्किल से जीत मिली, लेकिन 18 वर्षीय ग्रैंडमास्टर ने शानदार रणनीति अपनाई। एरिगेसी ने तीसरे बोर्ड पर काले मोहरों से खेलते हुए जान सुबेलज को मात दी। इतना ही काफी नहीं था, इसके बाद प्रज्ञानानंदा ने फॉर्म में आते हुए एंटोन डेमचेंको पर एक शानदार जीत हासिल की। इससे भारत ने एक मैच रहते स्लोवेनिया पर 3-0 से जीत हासिल की।

भारतीय पुरुष टीम ने 22 में से 21 अंक हासिल किए। खिलाड़ियों ने सिर्फ उज्बेकिस्तान के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ खेला। भारतीय महिलाओं ने अजरबेजान को 3.5-0.5 से हराकर देश के लिए स्वर्ण पदक हासिल किया। डी हरिका ने पहले बोर्ड पर तकनीकी श्रेष्ठता दिखाई और दिव्या देशमुख ने एक बार फिर अपने प्रतिद्वंद्वी को पछाड़कर तीसरे बोर्ड पर अपना व्यक्तिगत स्वर्ण पदक पक्का किया। आर वैशाली के ड्रा खेलने के बाद वंतिका अग्रवाल की शानदार जीत से भारतीय टीम ने स्वर्ण पदक सुनिश्चित किया। भारतीय पुरुष टीम ने इससे पहले टूर्नामेंट के 2014 और 2022 चरण में कांस्य पदक जीते थे।

## कोच्चि : ईस्ट बंगाल के खिलाफ जीत की राह पकड़ने उतरेंगे केरला ब्लास्टर्स

एजेंसी

**कोच्चि।** केरला ब्लास्टर्स एफसी इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) सीजन 2024-25 में जीत की तलाश में उतरेगी, जब ब्लास्टर्स रविवार को शाम 7:30 बजे यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेले जाने वाले मुकाबले में ईस्ट बंगाल एफसी से भिड़ेंगे।

केरला ब्लास्टर्स सीजन 11 का अपना पहला मैच पंजाब एफसी से हारे थे। ब्लास्टर्स ने पिछले मैच में पंजाब एफसी को कड़ी टक्कर दी थी, जिस कारण पंजाब एफसी को विजयी गोल के लिए अंतिम क्षणों तक संघर्ष करना पड़ा था। दूसरी ओर, ईस्ट बंगाल एफसी को शुरूआती मैच में बेंगलुरू एफसी ने 1-0 से हराया था। रेड एंड गोल्ड ब्रिगेड ने हारने से पहले ब्लूज की डिफेंस को लगातार परेशान किया और उन्हें उम्मीद है कि इस मैच में उसी तरह के प्रयास से अपेक्षित परिणाम मिलेंगे।